
यह पञ्चाङ्ग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत सूक्ष्म दृश्य गणित से बनाया गया है ।



श्रीसूर्याय नमः । श्रीसरस्वत्यै नमः । श्रीगणेशाय नमः । श्री विष्णवे नमः । श्रीशंकराय नमः ।



श. ष. स. ह. मेष श्वान वैर


स्वस्तिश्री सवाईजयपुरराज्यांतर्वर्ती १०५ श्रीसीकरनरेशस्य रामगढनगरे श्रीमन्मुकुटमणिच्छत्रपतिराजराजेंद्र–महाराजाधिराज १०८ श्रीसवाईमाधवसिंहजी श्रीमतां विजयराज्ये ज्योतिषक: श्री... ।। संवत २०८२ शके १९४७ ईसवी सन् २०२५ हिजरी...

रुपये ११० मात्र

प्रसाद महर्षि गौतम वेद विद्यालय ... (बीकानेर) राज०



अ. इ. उ. ए. ओ. गरुड सर्प वैर



य. र. ल. व. मृग सिंह वैर

प. फ. ब. भ. म. मूषक बिलाव वैर

त. थ. द. ध. न. सर्प गरुड वैर

ट. ठ. ड. ढ. ण. श्वान मेष वैर

च. छ. ज. झ. ञ. सिंह मृग वैर

क. ख. ग. घ. ङ. बिलाव मूषक वैर

पं. श्रीवल्लभ मनीराम

राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग की ओर बढते कदम - काल समीकरण आदि सभी तरह की पूर्व सुविधाओं सहित ।। भारतीय (डिब्रुगढ़, कोलकाता, वाराणसी, कटक, पटना) नगरों की मुख्य लग्नान्तर सारिणी । विदेश (लंदन, न्यूयॉर्क, सिंगापुर) की त्योंहार तालिका, अनेक नगरों में श्रीमहालक्ष्मी पूजन के चौघड़िये । १४ मन्वन्तरों के सप्रमाण नाम ।

॥ भूमिका ॥ इस असार संसारमें जन्म लेकर नीति और धर्मसे विद्या द्रव्यायुपार्जन करके सर्व साधारण प्राणिमात्रका उपकार करनेमें बुद्धि देना ही उत्तम पुरुषोंका काम है; ऐसा मनमें विचार कर आज २२ वर्षमें विविध मतोंके पंचांग देखकर ग्रहलाघवीय (मानवपंचांग) मैं भी बनाता हूं आशा है कि इसको देखकर सज्जन सम्यक् प्रकारसे प्रसन्न होते होंगे, क्योंकि आजकल ग्रहलाघव ही सर्वलोकमान्य और उत्तम पंचांग निर्माण करने योग्य ग्रंथ है. यद्यपि इसके भौम और शुक्रकी वक्रावस्थामें किंचित् अंतर ग्रहलाघवकी टीकाद्वारा मुझको प्रतीत हुआ था सो अब वक्रारंभके अंशांकोंमें बीजसंस्कार देके पुनः इसका गणित ठीक कर लिया गया है. अतएव जो महाशय देखेंगे उनको स्वयं निश्चय हो जायगा और जो रामविनोदी पंचांग है सो इसी ही ग्रहलाघवकी शाखा है. कारण रामभट्टने रामदास महीपति और दिल्लीके अकबर बादशाहको प्रसन्न करनेके लिये ग्रहलाघवकी छायासे ही रामविनोद ग्रन्थ बनाया है और जोधपुरका चण्डू पंचांग है सो कर्णकुतूहल (ब्रह्मतुल्य) से बनता है परंतु इसके ग्रहोंमें विशेष अंतर देखकर किसी विद्वानने रामबीज नाम एक नवीन संस्कार देकर ठीक किया था तो भी आजकल चंद्रग्रहणके मध्यकालमें पूर्णिमासे दो घड़ीका अनुमान अन्तर रहता है जिससे प्रतिदिनकी तिथि दो दो घड़ीके अनुमान अंतर प्रतीत होती है और सूर्यग्रहणमें ग्रहोंके उदयास्तमें भी बहुत कुछ अन्तर रहता है। और जो आधुनिक नवीन युक्तिके पंचांग बनते हैं उनका गणित आर्ष ग्रन्थोंसे भिन्न है जिससे वे इन धर्मशास्त्रोंके अनुकूल मान्य नहीं हो सकते क्योंकि धर्मशास्त्र लिखता है (बाणवृद्धी रसक्षय) अर्थात् एक तिथीकी कलासे दूसरी तिथि ५ पांच कला अधिक और ६ कलासे कमती नहीं होनी चाहिये परंतु आधुनिक पंचांगोंमें १० कलाका न्यूनाधिक्य होनेका भी ठिकाना नहीं और प्राचीन ग्रंथोंसे बुध एक दिनमें ११८ कलासे अधिक नहीं चल सकता और आधुनिक गणितसे १३२ कलातक चल सकता है और सृष्टिके कोट्यवधि वर्षोंके पीछे ग्रहलाघवाचार्यने प्राचीन गणितके तुल्य ही सबको आकाशमें नलिकाद्वारा ठीक देखा था और आधुनिक पौने चारसौ वर्षोंमें ही नवीन यंत्रवेधी कहते हैं कि प्राचीन गणितसे अभी सूर्य ४ अंश पीछा हट गया और दूसरे यंत्रवेधी कहते हैं कि केवल कन्याका सूर्य आगेसे ३३ कला पीछा हटा है; कहो किसको सत्य मानें ? अब ग्रहलाघवके तृतीयाधिकारमें शुक्र और मंगलके संस्कार देना (शुक्रारयोश्चलभवो) इत्यादि विशेष लिखा है परंतु इसके टीकाकार मल्लारि गणकने और विशेष लिखा है कि (शुक्रारयोश्चलभवोऽप्यगतो यदांकेति वचनात् अनेनापि विशेषफलेन संस्कृतौ भौमशुक्रौ महान्तरितौ दृश्येते कुतः अन्त्याकस्य बाहुल्यात्। अत्र सुधीभिः एकान्त्यांकमध्ये शीघ्रतुरो वा अंकान् कृत्वा शीघ्रफलसिद्धिः कर्तव्या ॥ इत्यादि) ऐसे ग्रहलाघवके गणितमें नवीन शुद्ध संस्कार देके प्राचीन ऋषि-मुनिप्रणीत गणित ठीक मानकर ग्रहोंके उदयास्त और सूर्यचन्द्रके ग्रहणगणितको यथार्थ करके और रामविनोदी सूर्य अवधिके आदिमें और ग्रहलाघवीय सूर्य अवधिके अंतमें देके और प्रतिदिनके सौर और ब्रह्म दोनों रवि और सूर्योदयास्तके घंटा मिनट देके यह पंचांग निर्मित होता है. आशा है कि, इसमें किसी प्रकारका दृष्टिदोष हो तो सज्जन अपने सौजन्यवशसे सब सुधार लेंगे क्योंकि लिखते छापते शुद्ध करते कहीं न कहीं दृष्टिदोष तो रह ही जाता है ॥

रामगढ़निवासी पं० मनीराम शर्मा, ठि० " श्रीवेङ्कटेश्वर " स्टीम्-प्रेस, बंबई.

हमारे यहां से प्रकाशित पं. श्रीवल्लभ मनीराम पचांग तथा अन्य पुस्तकों की विस्तृत जानकारी व खरीद के लिये हमारा प्रमुख निजी सम्पर्क स्थान : **खेमराज श्रीकृष्णदास,** अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस, ९१/१०९, खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, ७ वी खेतवाडी बॅक रोड कॉर्नर, मुंबई - ४०० ००४, दुरभाष / फैक्स -०२२-२३८५७४५६. मुंबई न्यायालय कानूनी अधिकारान्तर्गत ।

श्री गणेशाय नमः ॥ श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः ॥ अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥ पञ्चाङ्ग रत्नं प्रसरन्मयूखं श्री केतकी दृग्गणितेन युक्तम् ॥ लोकोपकाराय कृत प्रयत्न प्रचक्रतु मोह विनाशदक्षम् ॥ २ ॥ अथास्मिन् वर्षे सृष्टितो गताब्दा: १९५५८८५१२६, तत्र कृतयुग प्रमाणम् १७२८०००, त्रेतायुग प्रमाणम् १२९६,०००, द्वापरयुग प्रमाणम् ८६,४०००, कलियुग प्रमाणम् ४३२०००, तन्मध्ये गतकलि: ५१२६ भोग्यकलि: ४२६८७४ अथास्मिन् - शुभ संवत्सरे श्रीमन्नृपतिविक्रमादित्यराज्यात् संवत् २०८२ शाके: १९४७ । अथाऽस्मिन् वर्षे राजा रवि: १, मंत्री रवि: २, सस्येशो बुध: ३, धान्येशश्चंद्र: ४, मेघेशो रवि: ५, रसेश: शुक्र: ६, नीरसेशो बुध: ७, फलेश: शनि: ८, धनेशो भौम: ९, दुर्गेश: शनि: १०, एते दशाधिकारिण । तत्र बार्हस्पत्य मानेन प्रभवादी षष्ट्यब्दानां मध्ये रुद्र विंशतिकायां १२ काल नामास्य संवत्सर (लुप्त प्लवंगपक्षे सिद्धार्थ) प्रवर्तते । तस्य मेषाऽर्के समये गत मासादि १।१८।४०।१९ भोग्य मासादि १०।११।१९।४१ अश्विनीकुमार दैवत युग्म । वर्षनाम कार्तिक । चतुर्मेघनाम संवर्त: । रोहिणी निवास: संधौ । समय निवासो वैश्यगृहे । समय विश्वा १२ । समय वाहन अश्व । स्तंभ २ जल तृण । सौम्यवत्यमा ० । सौम्यवती पंचमी १ । अंगारकी चतुर्थी २ । भानु सप्तमी २ । बुधाष्टमी ० । रविद्वादशी १ । समय मुहूर्तानि ३६० । समय दिनानि ३५५ । तिथि क्षय: १६ । तिथि वृद्धि: ११ । अष्टोत्तरी मतेन उत्पति विश्वा ९९ । व्यपति विश्वा ९३ । विंशोत्तरी मतेन उत्पति विश्वा १२३ । व्यपति विश्वा ७१ । वर्षा विश्वा ११ । धान्यम् ११ । तृणम् ५ । शीतम् १३ । तेज: १७ । वायु: १३ । वृद्धि: १५ । क्षय: १५ । विग्रह ११ । ऐक्यम् १११ । (क्षुधा ७ । तृष्णा ११ । निद्रा ९ । आलस्य १३ । उद्यम १ । शान्ति ३ । क्रोध ९ । दम्भ १५ । मैत्री ९ । उत्साव ७ । पाप ७ । पुण्य ३ । उपद्रव १५ । रसोत्पत्ति: १७ । फलोत्पत्ति: ७ । व्याधि ७ । व्याधिनाश ५ । आचार ५ । अनाचार ११ । मृत्यु ९ । जन्म १९ । चौर ९ । उपशमन १५ । अग्निभय ५ । अग्निशमन १५ ।) सत्यम् ॥, धर्म १॥, पाप १८ । शनि दृष्टिरुत्तरे । ग्रहण २ चन्द्रमस: । उद्भिज: १३ । जरायुज: ३ । पिण्डज: ७ । स्वदेज: ११ । इस वर्ष का फल उत्तम है । आगे भी प्रजा भाग्य प्रबल है । ॥संवत् २०८२ शाके: १९४७ ॥ वर्षारम्भे चैत्रशुक्लप्रतिपदायाम् रविवासरे वारप्रवृत्ति (सूर्योदय) काले अहर्गणा: (ता. ३० मार्च २०२५), केतकी चक्र: ७, अहर्गण: ५१०७, सौरपक्ष चक्र: ४५, अहर्गण: ३७२९, ब्रह्मपक्ष अहर्गण: ३०७५६२.

(१) भाद्रपद शुक्ला १५ रविवार संवत् २०८२, ता. ७ सितंबर २०२५, खग्रास **चन्द्रग्रहणम्**, परमग्रास १.३९

		स्पर्श	सम्मी	मध्य	उन्मी	मोक्ष	पर्व
रामगढ	घ.	३९	४१	४३	४५	४७	८
स्थानिक	प.	०५	४३	२९	१५	५३	४८
रेल्वे	घं.	२१	२२	२३	२४	२५	३
टाईम	मि.	५३	५७	३९	२१	२५	३१

यह खग्रास चंद्रग्रहण भाद्रपद शुक्ला १५ रविवार, संवत् २०८२, ता. ७ सितंबर २०२५, को होगा । इस ग्रहण का सूतक स्टै. १२।५३ बजे से (ग्रहण के स्पर्श समय से ९ घंटा पहले) प्रारम्भ होगा । ग्रहण के सूतक में बाल वृद्ध और अस्वस्थ जनों को छोडकर भोजनादि निषेध है ।

(२) फाल्गुन शुक्ला १५ मंगलवार संवत् २०८२, ता. ३ मार्च २०२६, खग्रास प्रस्तोदयं **चन्द्रग्रहणम्**, परमग्रास १.१६

		स्पर्श	सम्मी	मध्य	उन्मी	मोक्ष	पर्व
रामगढ	घ.	२१	२४	२५	२६	२९	८
स्थानिक	प.	१६	२२	३७	५१	५७	४१
रेल्वे	घं.	१५	१६	१७	१७	१८	३
टाईम	मि.	२७	४२	११	४१	५६	२८

यह प्रस्तोदय खग्रास चंद्रग्रहण फाल्गुन शुक्ला १५ मंगलवार, संवत् २०८२, ता. ३ मार्च २०२६, को होगा । इस ग्रहण का सूतक स्टै. ६।२७ बजे से (ग्रहण के स्पर्श समय से ९ घंटा पहले) प्रारम्भ होगा । ग्रहण के सूतक में बाल वृद्ध और अस्वस्थ जनों को छोडकर भोजनादि निषेध है ।

संवत् २०८२ मध्ये सूर्यग्रहणाऽभाव:

॥ अथ भैरव भवानि संवाद ॥




भैरव प्रश्न: जयजननी जगदीश्वरी तूं जग की प्रतिपाल ।
बियासी संवत् फल कहो श्रीमुख से सब हाल ॥
भवानी उ.: सुनले भैरव प्रेम से मैं समझायुं तोय ।
राजामंत्री देखतां मध्यम संवत होय ॥
सौम्यग्रहों ने वर्ष में लिये चार अधिकार ।
राजा-मंत्री मेष का रवि ने लिया है भार ॥
धान्याधिप शशिराज है रसाधिप है भृगुदेव ।
मंगल धन के देव है दुर्ग फल के शनिदेव ॥
एक धन की हानि करे दुर्ग करे शनि भेद
राजा और शनि की नहीं बने दूजा करदे छेद ॥
प्रजा सुखी मंगल करे रोहिणी संधि वास ।
समयनिवासो वैश्यघर संवर्त बंधाये आस ॥
रस नीरस और सस्य की जग मे हो भरमार ।
जल तृण के २ स्तंभ है प्रजा में जै जै कार ॥
दशाधिकारी फल कहा जो मोहे था ज्ञान ।
ईश्वरदत्त से गुरु नहीं जो विद्यासागर जान ॥
गुरुचरणों का ध्यान धर प्रणाम करुँ साष्टांग ।
विद्यादीप जलता रहे श्रीमनीराम पञ्चाङ्ग ॥

लाभ खर्च कोष्ठक


	अष्टोत्तरी मतेन		विंशोत्तरी मतेन	
राशि	लाभ	खर्च	लाभ	खर्च
मेष	२	१४	१४	११
वृष	११	५	८	५
मिथुन	१४	२	१४	२
कर्क	८	२	८	१४
सिंह	११	११	११	११
कन्या	१४	२	१४	२
तुला	११	५	८	५
वृश्चिक	२	१४	१४	११
धनु	५	५	११	२
मकर	८	१४	५	५
कुंभ	८	१४	५	५
मीन	५	५	११	२

वर्ष लग्नम् ४।१५



१२ बु शु

वर्षेश लग्नम् ९।१७



१२ रा

लाभ - खर्च देखनें की विधि और फल

जिस राशि का देखना हो उस राशि के सामनेवाले लाभ-खर्च के अंको को जोड़कर १ घटा देवें और ८ का भाग देवे यदि १ शेष रहे तो लाभ, २ शेष रहे तो सौख्य, ३ शेष रहे तो क्लेश, ४ शेष रहे तो रोग, ५ शेष रहे तो लोकापवाद (अपयश), ६ शेष रहे तो सन्मान, ७ शेष रहे तो विजय, ८ या ० शेष रहे तो हानि होती है ।

पञ्चाङ्ग गणित कर्ता -

पं. श्री रामकुंवारात्मज ग्यारसीलाल शर्मा

मु. डूमोली कलाँ, पो. डूमोली खुर्द, वाया- सिंघाना, जि. झुन्झुनू (राज.) पिन ३३३५१६, **मो.** ८९०८५५४४०१, मुम्बई. फोन ०२२ २६१६६७८३, **मो.** ८९७६८५२९२० (समय - प्रातः ९ से १, सांय ५ से ९)

पञ्चाङ्ग व अन्य ग्रन्थ मंगवाने के लिए संपर्क करें । **टे.** 02223857456, 02512209061 **मो.** 8779705756, 9320124245

॥ **संवत् २०८२, संवत्सर नाम काल** ॥ **विशेष - पं. श्रीवल्लभ मनीराम पंचांग,** वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय (B.H.U.), सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, **काशी धर्मसभा** वाराणसी और जयपुर (राज.) की दोनों वेधशालाओं में भेजा जाता है । - पं. ग्यारसीलाल शर्मा (अन्तर्राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग गणितकर्ता), विलेपार्ले, मुम्बई, ४०० ०५७

॥ अथ संवत् २०८२ वर्ष फलम् ॥

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ अथ वर्ष फलम् ॥ अथास्मिन् संवत्सरे श्रीमन्नृपति विक्रमादित्य राज्यात संवत् २०८२ शाके १९४७ काल नामा [illegible] संवत्सरः प्रवर्तते तत्फलम् - [illegible] । सन्ध्यापिदस्यानिजपुराणितथागदा ॥ अथास्मिन् वर्षे राजादिविचारतत्फलम् - सूर्ये नृपे [illegible] पीड़ा । [illegible] ॥ [illegible] । गतोपि हि तस्करात्प्रपुरधान्यधनादि महीतले । रसवर्द्ध हि समर्घनम् तदा [illegible] हि समागत ॥ [illegible] । [illegible] सदा [illegible] सति वेदने ॥ धान्येशश्चंद्रस्तत्फलम् - [illegible] प्रजायते । [illegible] ॥ [illegible] सुखमं भुवि वर्तते ॥ रसेशः शुक्रस्तत्फलम् - [illegible] । [illegible] ॥ [illegible] । अर्घवृद्धिः प्रजादितनीरसेशोबुधोयदि ॥ फलेशः शनिस्तत्फलम् - [illegible] सदा । [illegible] ॥ [illegible] धरणीसुत शरदि [illegible] । सकलदेशगता [illegible] ॥ दुर्गेशः शनिस्तत्फलम् - [illegible] जनाः । [illegible] लभेद्भुवि कश्चन ॥ वर्षनाम कार्तिक तत्फलम् - [illegible] । [illegible] ॥ [illegible] संवर्तस्तत्फलम् - [illegible] । [illegible] ॥ [illegible] । समय निवासो वैश्यगृहे तत्फलम् - सर्वधान्य महर्घ स्याद्विणिजेभ्यानि संस्थिते ॥ अथिच - वणिग्गृहे शुभंनास्ति । एवं संक्षिप्य देवज्ञैः कथनीयं शुभाऽशुभम् ॥

॥ अथ गुरुवार शनिवारात् वर्षफलविचार ॥

राजा और मंत्री और मेघेश रवि है । धान्येश चंद्र है । धनेश मंगल है । सस्येश और नीरसेश बुध है । रसेश शुक्र है । फलेश और दुर्गेश शनि है । इस ग्रहमंडल की विधानसभा में ४ स्थान सौम्यग्रहों को प्राप्त हुए हैं और ६ स्थान उग्रग्रहों को उपलब्ध हुए हैं अतः वर्षफल मध्यमोत्तम होगा । वर्षलग्न सिंह होने से दक्षिण में दाहभय, धान्य में समर्घता और १७ मास तक महाधन की प्राप्ति हो । पश्चिम में धातु की वस्तु और फल महँगे हों, उत्तर में महावृष्टि और राजा प्रजा में सुख हो । पूर्व में आधी उपज हो, आगे पाँच मास में कल्याण हो, मध्य देश में ५ मास राजयुद्ध रहे । **चैत्र** - पुष्य पर मंगल होने से चौर भय हो, आपकी विशेष से हानि हो, और राजा कमजोर हो । उत्तरा भाद्रपद में बुध होने से राजनीति में कुशल तथा पक्षियों में आरोग्यता हो । उत्तराभाद्रपद नक्षत्र को बुध के भेदने से प्राणियों के धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा और शुक्र) की हानि हो । सुभिक्ष हो और उत्तम वर्षा हो । **वैशाख** - प्रजा में सुखों की वृद्धि और सुभिक्ष हो । उत्तरभाद्रपद में स्थित शुक्र फल-मूलों को पीड़ित करता है । श्रृंगार की वस्तुएं महँगी हों । जो व्यापारी, वैद्य, नौका से जीविका चलाने वाले, जल में उत्पन्न होने वाले द्रव्य तथा घोड़े (अश्व) पीड़ित हों । उत्तराभाद्रपद में स्थित शनैश्चर नदी के किनारे निवास करने वाले, रथाधिकारी (यात्री), शिल्पी, स्त्री और सुवर्ण इन सबकी हानि करता है । जौ गेहूँ में रोग हो । ईख, दूध, रस और घी आदि सस्ते हों । व्यापारी, वैद्य, नौका से जीविका चलाने वाले, जल में उत्पन्न होने वाले द्रव्य तथा घोड़े (अश्व) पीड़ित हों । चोरों का भय अधिक हो । **ज्येष्ठ**- भरणी पर बुध होने से हाथियों को पीड़ा हो, तीव्र रोग हो, धान्य महँगे हों और परस्पर वैर बढ़े । रेवती में स्थित शुक्र पथिकों (यात्रियों) को पीड़ित करता है । सब सूत्र का भाव मंदा हो । सब प्रकार के बर्तन विशेष कर काँसी पीतल के बर्तनों का भाव मंदा हो । मनुष्यों में ज्वर पीड़ा हो और कहीं कुछ उपद्रव हो । कपास, तिल, सूत महँगे हों । वर्षा का अभाव और रोगाग्नि हो । ब्राह्मण जाति में विरोध हो । जौ, तिल, उड़द कम हों । अश्विनी में स्थित शुक्र अश्वपालकों को पीड़ित करता है । सुभिक्ष हो, वायु से वर्षा हो । गेहूँ तिल उड़द सस्ते हों, पशुधान तथा पवन का प्रसार हो । **आषाढ़** - आषाढ़ी पूर्णिमा तीस घटी से अधिक है अतः समर्घता और पीछे महर्घता हो । तृण धान्य महँगे हों और तिलों का अभाव हो । भरणी में स्थित शुक्र किरात तथा यवनों को पीड़ित करता है । आर्द्रा पर बृहस्पति होने से सुभिक्ष हो और उत्तम वर्षा हो । बालकों को पीड़ा हो, कपास सूत मंदा हो । सब लोगों में मांगलिक उत्सव हों । पुष्य नक्षत्र में बुध का संचार होने से शस्त्रनिपात (युद्ध), क्षुधा, रोग, अनावृष्टि और अनेक प्रकार के दुःखों से प्रजा पीड़ित हो । सरसों उड़द कम हो और सब धान्य उत्पन्न हो । अतिवृष्टि हो, नदियों में बहुत बाढ़ आवे । तेल का मूल्य बढ़ जाय । आरोग्यता हो । **श्रावण** - कर्क राशि में बुध का अस्त होने से अनावृष्टि और चौर भय हो । श्रावण में बुध का अस्त होने से सुभिक्ष हो । रस (मधुर आदि) और धान्यों का नाश हो । उत्तरा फाल्गुनी पर मंगल होने से वर्षा के अवरोध से धीवरों में पीड़ा हो, चाँदी का मूल्य बढ़े । शस्त्रनिपात (युद्ध), क्षुधा, रोग, अनावृष्टि और अनेक प्रकार के दुःखों से प्रजा पीड़ित हो । शुक्र आर्द्रा नक्षत्र में होने से कोसल तथा कलिंग देश का नाश और अतिवृष्टि हो । प्रजा में सुख हो । श्रावण में बुध का उदय होने से कहीं भी प्राकृतिक आपदा हो । **भाद्रपद** - पुनर्वसु में शुक्र होने से अन्न का अभाव हो । अश्मक और विदर्भ देश में अनय (उपद्रव) हो । हस्त पर मंगल होने से अल्पवृष्टि हो, तृण धान्य उत्तम हो, घृत गुड़ और नमक महँगे हों । पुनर्वसु पर गुरु होने से अनावृष्टि से सर्वत्र दुर्भिक्ष हो । आश्लेषा नक्षत्र में बुध का संचार होने से शस्त्रनिपात (युद्ध) हो । शुक्र पुष्य नक्षत्र में होने से अधिक वृष्टि तथा विद्याधरों के युद्ध में विमर्द हो । शस्त्रनिपात (युद्ध), क्षुधा, रोग, अनावृष्टि और अनेक प्रकार के दुःखों से प्रजा पीड़ित हो । चावल तथा गेहूँ महँगे हों । सर्पों से अत्यन्त पीड़ा हो । पूर्वाफाल्गुनी में बुध होने से राज्य के बंटवारे को लेकर पड़ोसी देश से मनमुटाव हो, अन्न मंदा हो । **आश्विन** - उत्तराफाल्गुनी में बुध होने से उड़द मूंग कम उत्पन्न हो । मघा नक्षत्र को शुक्र के भेदन करने से हस्तिपति पीड़ित हों और अतिवृष्टि हो । स्नेह (तैल, घृत आदि), रस (मधुर आदि) के मूल्य में वृद्धि हो, भूमि अनेक प्रकार के अन्नों से परिपूर्ण हो । स्वाती पर मंगल होने से अनावृष्टि हो । शबर-पुलिन्द जन पीड़ित हों । गणिका, शिल्पी, और विप्र वर्ग पीड़ित हों । पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में शनैश्चर होने से वैद्य, कवि, शौण्डिक (मद्य बेचनेवाले), खरीद-बिक्री करने वाले और नीतिशास्त्र जानने वाले पीड़ित हों । कुरु देश में निवास करने वाले, जाङ्गल (स्वल्पोदक स्थान) में निवास करने वाले और पञ्जाबस्थ जन पीड़ित हों तथा वृष्टि हो । **कार्तिक** - तुला राशि में बुध का उदय होने से भूकंप तथा युद्धादि हो । कार्तिक मास में बुध का उदय होने से शस्त्र, चोर, अग्नि, रोग, जल और दुर्भिक्ष का भय हो । कपास और गेहूँ का भाव महँगा हो । स्नेह (तैल, घृत आदि), रस (मधुर आदि) के मूल्य में वृद्धि हो, भूमि अनेक प्रकार के अन्नों से परिपूर्ण हो । तुला राशि में मंगल का अस्त होने से गेहूँ और चने महँगे हों । हस्त में शुक्र होने से मेघों की गर्जना के साथ वर्षा हो । कौरव और चित्रकार पीड़ित हों । कुओं बनाने वालों और पक्षियों को पीड़ा हो तथा सुन्दर वृष्टि हो । **मार्गशीर्ष** - वृश्चिक राशि में बुध का अस्त होने से धातुओं के भाव तेज हों । कर्क का बृहस्पति वक्री होने से घोर दुर्भिक्ष हो तथा राजाओं में युद्ध हो । रसादि सब वस्तु घी तेल स्वाद और कपास आदि में महर्घता हो । तृण धान्य की महँगाई हो । वाणिज्य कर्म करने वाले प्रभावित हों । ज्येष्ठा पर मंगल होने से अल्पवृष्टि हो, रोगों की प्रबलता हो । स्नेह (तैल, घृत आदि), रस (मधुर आदि) के मूल्य में वृद्धि हो, भूमि अनेक प्रकार के अन्नों से परिपूर्ण हो । क्षत्रियों में परस्पर विरोध हो । **पौष** - पौष की पूर्णिमा को पुष्य का अभाव होने से महर्घता हो । मूल पर मंगल होने से क्षत्रियों में पीड़ा हो, तृण धान्य महँगा हो । लोकभय और राजपति का क्षय हो । ज्येष्ठा नक्षत्र में शुक्र होने से क्षत्रियों में प्रधान का अभाव हो अनावृष्टि हो । ज्येष्ठा में बुध होने से ईख, शाली और घी महँगे हों तथा घोड़ों में रोग हो । जल बहुत हो, गायें दूध कम दें, पृथ्वी अन्न से पूरित हो । शालि, तिल, घी और उड़द महँगे हों । व्यापारी, वैद्य, नौका से जीविका चलाने वाले, जल में उत्पन्न होने वाले द्रव्य तथा घोड़े (अश्व) पीड़ित हों । जल में उत्पन्न जीव पीड़ित हों । **माघ**- पूर्वाषाढ़ा में बुध होने से धान्य मन्दा हो, क्षुधा, शस्त्र, चोर और रोगों की वृद्धि हो । उत्तराषाढ़ पर मंगल होने से जल बहुत हो, गायें दूध कम दें, पृथ्वी अन्न से पूरित हो । शालि, तिल, घी और उड़द महँगे हों । कर्णपीड़ा हो । उत्तराभाद्रपद में स्थित शनैश्चर नदी के किनारे निवास करने वाले, रथाधिकारी (यात्री), शिल्पी, स्त्री और सुवर्ण इन सबकी हानि करता है । श्रवण में बुध होने से गुड़ अलसी और चने आदि धान्य में बर्फ (ओले) गिरने का भय हो । श्रवण पर मंगल होने से रोग हो, धान्योत्पत्ति कम हो, पीछे वर्षा हो । प्रजा में सुखों की वृद्धि और सुभिक्ष हो । धनिष्ठा नक्षत्र में शुक्र होने से धनाढ्यों में भय उत्पन्न हो । **फाल्गुन** - बुध शतभिषा को भेदने से व्यापारी, वैद्य, नौका से जीविका चलाने वाले, जल में उत्पन्न होने वाले द्रव्य तथा घोड़े (अश्व) पीड़ित हों । शतभिषा नक्षत्र में स्थित शुक्र शौण्डिकों (मद्यविक्रेता - कलवारों) को पीड़ित करता है । धनिष्ठा पर मंगल होने से इन्द्र की भांति समृद्धि हो, धान्य सस्ता हो और गुड़ शक्कर भी सस्ते हों । प्रजा में सुखों की वृद्धि और सुभिक्ष हो । पूर्वभाद्रपदा में स्थित शुक्र जुआरी लोग, कुरु तथा पञ्जाब देश में स्थित जनों को पीड़ित और वृष्टि करता है । कुम्भ राशि में बुध का अस्त होने से हवा बहुत चले और हिम (ठंड) से वृक्ष जल जायँ । **चैत्र** - बुध शतभिषा को भेदने से व्यापारी, वैद्य, नौका से जीविका चलाने वाले, जल में उत्पन्न होने वाले द्रव्य तथा घोड़े (अश्व) पीड़ित हों । कहीं कहीं अल्पवृष्टि हो । कुम्भ राशि में बुध का उदय होने से मार्ग में हवा बहुत चले । रेवती में स्थित शुक्र पथिकों को पीड़ित करता है । आगे तो प्रजा भाग्य प्रबल है ।

॥ पञ्चाङ्ग विषयानुक्रमणिका ॥ (अतिरिक्त सुविधा सहित)

क्रमांक		पृष्ठांका:
ॐ	अथ भैरव भवानि संवाद, सर्वकाल, विषयानुक्रमणिका	३-५
१	पञ्चाङ्ग देखने की विधि	६
२	मुख्य व्रतोत्सव तालिका, मकर संक्रांति और पुण्यकाल गुरु-शुक्र के अस्त उदय का उल्लेख	७
३	अयन ज्ञानाय २७ नक्षत्रों के नाम, २७ योगों के नाम, ११ करणों के नाम, राजा आदि दशाधिकारियों का निर्धारण- अनुष्ठानारम्भ मुहूर्तम, पापग्रहा (उग्र/क्रूरा: वा), ६० सम्वत्सरों के नाम प्रमाण सहित, अष्टादश(१८) पुराणों के नाम, मंगल दोष अपवाद और अग्निवास देखने की विधि	८-९
४	भद्रा मुख और पुच्छ विभाग (होलिका दहन निर्णय)	
५	अधिकमास ३०० वर्ष, क्षयमास ६२० वर्ष सारणी	१०-११
६	संवत्सरज्ञान तालिका (१११ वर्ष की) और स्पष्टीकरण	१२-१३
	चैत्रादि चान्द्रमासों के वैदिक नाम	१४
७	विदेश की प्रमुख त्योहार तालिका (लंदन, न्यूयोर्क)	१५-१६
८	प्रमुख पांच व्रतोत्सवों (त्योहारों) की राष्ट्रीय - एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास -	१७-१९
९	सृष्टि के आरम्भ से गत वर्ष (कल्पादित गताब्दा: कल्पयोग्याब्दाश्च)	२०
१०	विवाहमुहूर्तानि रेखा सहितानि, कन्या विवाहमुहूर्तानि देखने की विधि सहित विशेष विवरण से अलंकृत, वर-कन्या की राशि और लग्न का स्टै. समय, गोधूलि सहित	२१-२३
११	उपनयन मुहूर्ता:, गेहारंभ (भूमिपूजन) मुहूर्ता:	२४-२७
१२	नूतन व जीर्ण गृहप्रवेश (वास्तु) मुहूर्ता:	२४-२७
१३	कुंभ चक्र रहिता गृहप्रवेश (वास्तु) मुहूर्ता:	२४-२७
१४	देव प्रतिष्ठा मुहूर्ता:, दक्षिणायने उत्तरदेवानां प्रतिष्ठा	२४-२७
१५	द्विरागमन मुहूर्ता:, चौल (मुण्डन) मुहूर्ता: (उपर के सभी- मुहूर्तों में यजमान की राशि और लग्न का स्टै. समय)	२४-२७
१६	ग्रहणादिना भूमि पूजन, गृहप्रवेश मुहूर्ता:	२८-२९
१७	सूर्य-चंद्र ग्रहण विवरण	३०-३१
१८	तिथि समाप्ति और करण आनयन विधि और सूत्र	३२-३३
	कन्या विवाह में गुरुबल और महत्वपूर्ण जानकारी	३४
१९	श्रीमहालक्ष्मी पूजन (दीपावली) के लिए विभिन्न नगरों में दिन के चौघड़ियों का समाप्ति काल	३५
२०	श्रीमहालक्ष्मी पूजन, लग्न प्रवेश स्टै. समय में	३५
२१	अमृतसिद्धि, सर्वार्थसिद्धि, सिद्धि, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर, रवि योग (स्टै. घण्टा मिनिट में)	३६-३७
२२	काल समीकरण (गणित के वो सभी सूत्र दिये है - जिनकी गणित के लिए आवश्यकता है)	३८
२३	चंद्रोदय/चंद्रास्त भारत के किसी भी स्थल का ज्ञात करने की बहुत ही सरल विधि, सूत्र और उदाहरण सहित है	३९
२४	इष्टकालीन और अभीष्टकालीन समय स्पष्ट करने का गणित	४०
२५	ग्रहस्पष्ट साधन- (सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु, केतु) भारत के किसी भी स्थल के ज्ञात करने की बहुत ही सरल विधि और उक्त सभी ग्रहों के सुगम रीति से पृथक् पृथक् १ उदाहरण है।	४१
२६	स्टैण्डर्ड जन्म समय से इष्टकालसाधन विधि उदा. सहित	४२
२७	पञ्चाङ्गस्थ स्टैंडर्ड समय से किसी भी नगर के स्थानिक घटीपल बनाने की विधि	४२
२८	भयात भभोग साधन विधि घण्टामिनट और घटीपल द्वारा चार उदाहरणों के साथ	४३
२९	जन्मपत्रिका के लिए लग्न स्पष्ट उदाहरण	४४
३०	अनुपात ज्ञात करने की विधि -	४४

क्रमांक		पृष्ठांका:
३१	चरपल सारिणी से सूक्ष्मचरपल आनयन विधि	४४
३२	प्रसंगात् दिनमान व स्टै. सूर्योदयास्त उदाहरण	४५
३३	लग्न स्पष्ट के दो उदाहरण	४५
३४	रेखाष्टक का कुण्डलीसहित सरल उदाहरण	४६-४७
३५	विंशोत्तरी भुक्त भोग्य दशा-अन्तर्दशा आनयन विधि और देवभाषा (संस्कृत) में उदाहरण	४६-४७
३६	विभिन्न नगरों के गुरु शुक्रोदयास्त और कृष्ण चतुर्थी का चंद्रोदय तारीख समय सहित	४८
३७	अथ अवकहडा चक्रम्, जन्म कुंडली के- लिए महत्वपूर्ण लिए	४९
३८	रामगढ़ (सीकर) की दैनिक लग्न प्रवेश सारणी से लग्न प्रवेश संस्कार कोष्टक (उदाहरण सहित)	५०-५१
३९	विंशोत्तरी क्रमेण महादशा-अन्तर्दशा चक्राणि	५१
४०	अष्टोत्तरी व योगिनी दशा-अन्तर्दशा चक्राणि	५२
४१	अष्टोत्तरी दशाधीश और भुक्त-भोग्य दशा- आनयन विधि और सूत्र रचना	५३
४२	योगिनी भुक्त-भोग्यदशा आनयन विधि, सूत्र	५३
४३	नवग्रहों के चित्र, जपसंख्या दान सहित	५४
४४	आवश्यक मुहूर्ता: (मुहूर्त देखने की विधि)	५५
४५	गेहारम्भे वृषवास्तुचक्रं शालिनीच्छायामाह-	५५
४६	गृहप्रवेशमुहूर्तम् (मुहूर्त देखने के लिए) गृहप्रवेशे कालशुद्धि:, जीर्णगृहे कालशुद्धि: (पीयूषधारा)	५५
४७	होलिका विषये स्पष्टीकरण, ग्रह मुखेषु आहुति ज्ञानं	५५
४८	नवमांशादि सारिणी	५६
४९	भद्रा-मुख-पुच्छ-घटी-ज्ञान	५६
५०	विवाहे पंचशलाका, सर्वकार्येषु सप्तशलाका सारिणी	५६
५१	ग्रहों के मित्र सम शत्रु आदि चक्र	५७
५२	वर कन्या के गुण देखने के लिए पृथक पृथक-	
५३	योनि गुण चक्रादि, घात कोष्टकम्, घात चन्द्र विशेष:	५७
५४	[illegible], अनेक तरह के	५८
५५	मुहूर्त देखने की विधि, सूर्य-चन्द्र ग्रहणे चूडामणि योग:, क्षीणा-	५८
५६	चन्द्रबल, कूपचक्र-सूर्यसंक्रान्ति और सूर्यनक्षत्र से	५८
५७	वर्ष प्रवेश सारिणी, होलाष्टक का त्याग	५९
५८	राशि चक्रम्, विवाह में विहित मास	५९
५९	देव-प्रतिष्ठा मुहूर्त, पापग्रहा: (उग्र/क्रूरा: वा)	५९
६०	दशमसारिणी सुगमा	६०
६१	मुम्बई लग्नसारिणी	६०
६२	रामगढ़ लग्नसारिणी, ध्रुव संज्ञकादि नक्षत्र तत्कृत्यं च	६१
६३	[illegible] ग्रहचार, ग्रहों के राशि, नक्षत्र, (गुरु, शनि, राहु, केतु के चरण) वक्री, मार्गी, उदय और अस्त के परिवर्तन समय, एक ही पृष्ठ में	६२
६४	दिवा लग्नमानि, रात्रौ लग्नमानि, गोरख पतको	६३
६५	मास दशा देखने की सारिणी	६४
६६	आश्विन कृष्णपक्ष में श्राद्धतिथि निर्णय	६४
६७	पञ्चाङ्ग (दैनिक लग्न सारणी सहित) [illegible] ...... &	६५-८८
६८	शुभ मुहूर्तादि, कूपचक्र (सूर्य संक्रान्ति से)	८९
६९	विवाह आदि में सूर्य-गुरु-चंद्र की शुद्धि	८९
७०	सम्मुखचंद्र, योगिनी, कालराहु, दिशाशूल चक्रम् अन्य कतिपय मुहूर्त	९०

क्रमांक		पृष्ठांका:
७१	विवाह दिन के लता, पात, युति आदि दश दोष देखने की विधि	९१
७२	सीमान्तबले विशेष, विवाहे नक्षत्र-निर्णय कात्यायनोक्त विषये विवाहे नक्षत्राणि	९१
७३	प्रकाशक संस्थान के फोन नं. व आवश्यक जानकारी	९१
७४	देशान्तर सारिणी अश्विन्यादि नक्षत्राणां चरणगताक्षरार्थ	९२-९३
७५	दानम्, परे लग्नशुद्धया कुयोगादिनाशनम्	९३
७६	दिनमान एवं स्टैण्डर्ड सूर्योदयास्त जानने की सुगमविधि उदाहरण सहित, अभिजित् उदाहरण	९४
७७	घटीपल विपल से घण्टा मिनट सेकण्ड परिणत क्रिया	९४
७८	चरपल संस्कार सारिणी (अक्षांश ६ से ३८)	९५
७९	अनेक नगरों का दिनमान एवं स्टैंडर्ड सूर्योदय ..	९६-९९
८०	रविक्रांति सारिणी, महापात का स्पर्श मोक्ष	१००
८१	मास तारीख का वेलान्तर मिनट सेकण्ड	१०१
८२	राशिका उपरथकी शुभाशुभ ग्रह देखणा	१०१
८३	वर - कन्या के गुणमेलापक सारिणी	१०२-१०३
८४	ग्रहों की रेखा	१०४
८५	शनि की साढे सातीविचार व नक्षत्रवशात्फल	१०४
८६	सूर्योदय कालीन दैनिक ग्रहस्पष्टा: सगतिका:	१०५-१२८
८७	दैनिक चंद्र नक्षत्रचरण समाप्तिकाल (स्टै. घण्टा मिनि.)	१०५-१२८
८८	दैनिक चंद्रोदय (स्टै. घण्टा मिनिट)	१०५-१२८
८९	दैनिक चंद्रोदयकालीन चंद्रक्रांति (अंश कला)	१०५-१२८
९०	दैनिक मध्यमचंद्रोदय (स्टै. घण्टा मिनिट सेकण्ड)	१०५-१२८
९१	दैनिक चंद्रोदयकालीन चंद्रशर (अंश कला)	१०५-१२८
९२	दैनिक चंद्रास्त (स्टै. घण्टा मिनिट)	१०५-१२८
९३	दैनिक चंद्रास्तकालीन चंद्रक्रांति (अंश कला)	१०५-१२८
९४	दैनिक मध्यमचंद्रास्त (स्टै. घण्टा मिनिट सेकण्ड)	१०५-१२८
९५	दैनिक चंद्रास्तकालीन चंद्रशर (अंश कला)	१०५-१२८
९६	सूर्योदय कालीन वेलान्तर (स्टै. मिनिट सेकण्ड)	१०५-१२८
९७	सूर्योदय कालीन साम्पातिक काल (स्टै. घण्टा मिनि.)	१०५-१२८
९८	सूर्यादि ग्रहों की राशिपरिवर्तन कुण्डलियाँ	
९९	गोधूलिकाले विशेष:	१२९-१३९
१००	विवादास्पद विवाह, गेहारंभ, गृहप्रवेश-दिवसादि विषये शास्त्रीय-स्पष्टता, दोष के स्पष्टीकरण	१४०-१४४
१०१	पलभा सारणी (अक्षांश ०।६-७०।०)	१४५
१०२	विवाहभेदा:, अथ विवाहप्रकरणं व्याख्यायते	१४६
	अतिरिक्त सुविधा- संवत् २०८३ मध्ये -	
१०३	पर्वो (चैत्र शुक्ल से आषाढ़ शुक्ल) उल्लेख	१४७-१५३
१०४	सूर्य चन्द्र ग्रहण जानकारी	१५४
१०५	विवाहमुहूर्तानि रेखासहितानि	१५५-१५६
१०६	गेहारंभ (भूमिपूजन) मुहूर्ता:	१५७-१५७
१०७	नूतन व जीर्ण गृहप्रवेश (वास्तु) मुहूर्ता:	१५७-१५७
१०८	बृहद्-देशान्तर सारणी (देश, विदेश सहित)	१५८-१६४
१०९	मुख्य व्रतोत्सव तालिका पांच नगरों की - ([illegible], कोलकाता, वाराणसी, कटक, पटना)	१६५-१७९
११०	धनतेरस, श्रीमहालक्ष्मी पूजन के चोघड़ियों का समाप्ति- काल और लग्न के प्रवेशकाल अनेक शहरों के	१८०-१८१
१११	विदेश की प्रमुख त्योहार तालिका (सिंगापुर)	१८२
११२	लग्न सारणी (अक्षांश: १२।३० से ३५।३०)	१८३-१९४
११३	बढ़ते कदम	

& क्रमांक ६७, पृष्ठांका: ६५-८८, विद्वानों की सुगमता के लिए दैनिक चन्द्र नक्षत्र से सूर्यादि ग्रहों की युति, पंच शलाका वेध और सप्त शलाका वेध का पंचांग में समावेश कर दिया है। ज्योतिषां सुगमाय समावेशं चन्द्रनक्षत्रैर्वेधं युति: कथ्यतेऽत्र पत्रः ॥ जन साधारण की सरलता के लिए- चैत्रादि मास के पृष्ठों में संवत् और शाका: के अंको को संस्कृत में उल्लेख किया है। बढ़ते कदम ....

श्री गुरुचरणकमलेभ्यो नमः

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥

इस पंचांग के अंतर्गत गणित फलित या मुहूर्तादि जो भी मेरे द्वारा किया गया है इनमे मेरा अपना कुछ भी नही है । जो भी है उन महापुरुष प्रातः स्मरणीय, सर्वदा वंदनीय, विद्या वारिधि सुविज्ञ निधि श्री गुरु चरणो की महानता है जिन्होने अनुग्रह करके मुझ जैसे मंदबुद्धि एवं अपरिचित को भी अपना अमूल्य समय देकर अमृतरूपी विद्या का पान करवाया लेकिन मुझ भाग्यहीन व्यक्ति का पात्र वैसा ही रहा जैसे समुद्र मे से एक गिलास पानी । प्रथम श्री गुरु चरणो के दर्शन से ऐसा लगा कि न जाने विद्या-दान देंगे या नही । लेकिन चरणस्पर्श के बाद प्रार्थना करने पर मुझे जो प्रत्युत्तर मिला उससे मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि उतने महान् विद्वान होते हुए भी इतना कोमल स्वभाव मृदुभाषी अध्यापन मे इतने सुविज्ञ कि मंदबुद्धिवाला भी सुगमतापूर्वक अध्ययन कर सकता है । अंहकार का तो स्पर्श मात्र भी नहीं है । पंचांग गणित की जिज्ञासा को लेकर मैने कई विद्वानो से आग्रहपूर्वक संपर्क किया लेकिन वाञ्छितअभिलाषा से वञ्चित ही रहा और संयोग से जब आपकी चरण रज का दर्शन हुआ तब से तो मेरी वही गति हो रही थी जैसे किसी धनार्थी को स्वयं कुबेरजी यह कहे कि इस खजाने से ले सके उतना धन ले ले । आपकी विद्वत्ता तो पूरा विश्व जानता है कि आपने लोगो के कल्याणार्थ "श्री वेंकटेश्वर शताब्दि पंचांग" का पूर्व काल में ही निर्माण कर दिया था जो कि पूरे एक सौ वर्ष (संवत् २००१ से २१०० तक) का मात्र यही एक पञ्चाङ्ग था । इस पंचांग के निर्माण कार्य से विद्या का अनुमान लगाना वैसे ही कठिन है जैसे महासागर की गहराई का । अस्तु, उन श्री गुरु चरणों को मैं पुनः पुनः प्रणाम करता हूँ ।

श्री.श्री. १०८ स्व. पं. ईश्वरदत्त शर्मणोऽनुग्रहीत शिष्यः
पं. ग्यारसीलाल शर्मा (शास्त्री)

मुम्बई पता - १
५८, रामकुटीर, ३ रा माला, हनुमान रोड,
विलेपार्ले (पूर्व), मुम्बई - ४०० ०५७.

मुम्बई पता - २
फ्लैट न. ६०४, अंधेरी न्यू कपासवाडी, जुहू एकता - कोपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड, न्यू वर्सोवा लिंक रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई- ४०० ०५३,झांसी सिटिजन सोसायटी के बाद फोन ०२२ २६३६६८८३, मोबा. ९८०८५५४४०१, ९८७६८५२९२०

अथ पञ्चाङ्ग देखने की विधि

यह पञ्चाङ्ग सूक्ष्म गणित से बनाया गया है साथ ही सौर पक्षीय एवं ब्रह्म पक्षीय सूर्योदय कालीन दैनिक सूर्य स्पष्ट भी है ।

यस्मिन् पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यकम् ।
दृश्यते तेन पक्षेण कुर्यात्तिथ्यादि निर्णयम् ॥
(इति वशिष्ठ वचनात्)

पं. श्रीवल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग का सभी गणित व्यंकटेश बापू केतकर पद्धति (केतकी, ज्योतिर्गणित, ग्र. ग्रहगणित मालिका आदि .. ग्रंथो) से रामगढ (शेखावाटी) अक्षांशः २८/०० उ., रेखांशः ७४/५९ पूर्व, अं.व्यं. पलभाः ६/२३ के आधार पर किया गया है । तिथि नक्षत्र योग करण इनके घटिपल रामगढ (शेखावाटी) **स्पष्टार्कोदय** के लिखे गये हैं जब कि इससे पूर्व संवत् २०१० तक मध्यमार्कोदय के लिखे जाते थे लेकिन आपके सुझाव को ध्यान में रखकर **स्पष्टार्कोदय के घटीपल लिखे है** । घटि-पलों में २॥ का भाग देकर भागफल में **रामगढ (शेखावाटी) के स्टैं. सूर्योदय का घंटा मिनट जोड़कर** साधारण जनहितार्थ रेल्वे (स्टैण्डर्ड समय के घण्टा मिनट लिखे गये हैं, ये तिथ्यादि के घंटा मिनट भारतीय रेल्वे (स्टैण्डर्ड) समय से समाप्ति काल के हैं । ये स्टैं. समय के घंटा मिनट संपूर्ण भारत में समान रुप से उपयोगी होंगे । उदाहरण के लिए किसी तिथि नक्षत्र योग का स्टैण्डर्ड घं. मि. १५ बजे लिखा है तो संपूर्ण भारत (पंजाब आसाम मद्रास केरल उ.प्र. राजस्थान) में दोपहर तीन बजे ही समाप्ति होगी । इस पंचांग से भारत के किसी भी गांव या शहर के स्थानिक घटी पल बनाने हो तो अभीष्ट शहर या गांव का स्टैण्डर्ड सूर्योदय इस पंचांग के तिथ्यादि के स्टैं. समय में घटाकर (ऋण) शेष को २॥ से गुणा करने पर अभीष्ट गांव या शहर के स्थानिक घटी पल बन जायेंगे । किसी भी गांव या शहर के दिनमान एवं स्टैण्डर्ड सूर्योदयास्त की विधि भी इसी पंचांग में अन्यत्र लिखी हुई है ।

विद्वानों की आवश्यकता को देखते हुए दैनिक रविक्रांति और पूरे भारत वर्ष (अक्षांशः ८/०० उ. से ३६/०० उ. तक) की चरपल संस्कार सारणी भी पंचांग में दे दी गई है जिससे भारतवर्ष के किसी भी गांव या शहर का सुगमता पूर्वक दिनमान बना सकते हैं । दैनिक लग्नसारणी और चंद्रचार (चंद्रराशि प्रवेश) का स्टैं. समय प्रवेशकाल दिया गया है ।

सूर्योदयास्त किरण वक्री भवन संस्कार रहित भारतीय रेल्वे (स्टैण्डर्ड) टाईम रामगढ (शेखा.) के हैं । किरण वक्री भवन संस्कार करने से वास्तविक क्षितिज वृत्त के उदयास्त में अंतर आ जाता है जिससे इष्ट बनाने तथा धार्मिक निर्णयों में त्रुटि होना संभव है परंतु स्टैं. सूर्योदयास्त समय से यदि घड़ी का मिलान करना हो तो पंचांग में लिखित सूर्योदय में दो मिनट किरण वक्री भवन संस्कार घटाकर तथा सूर्यास्त में दो मिनट जोडकर घटिका यंत्र (घड़ी) से मिलान करना चाहिए क्योंकि गणितागत सूर्य क्षितिजवृत्त के उदय से दो मिनट पहले दिखाई देता है और गणितागत सूर्यास्त के दो मिनट बाद तक दृष्टिगोचर होता है परिणामस्वरूप दश पल (चार मिनट) दिनमान भी बढ जाता है ।

ग्रहचार भद्रा आदि भी स्टैण्डर्ड (रेल्वे) समय में ही लिखे गये हैं । पंक्तिस्थ ग्रहस्पष्ट रामगढ (शेखावाटी) के प्रातः सूर्योदय कालीन (इष्ट ००।००) के लिखे गये हैं साथ ही सर्वत्र उपयोगिता के लिए अयनांशाः (न्यूटेशन संस्कार युक्त) और सूर्यादि ग्रहों के नक्षत्र चरण भी दिये हैं ।

तिथ्यादि ग्रहचार चंद्रचार भद्रादि का स्टैं समय जहाँ १३-१४-१५ आदि अंक हो वहाँ दिन के १२ बजे के बाद १-२-३ बजे समझें और जहाँ २५-२६-२७ आदि अंक लिखे हों वहाँ रात्रि के १२ बजे के बाद क्रमशः रात्रि के १-२-३ बजे समझें (१३ से २४ तक के दिन के १ बजे से रात्रि १२ बजे तक और २४ से ३० तक रात्रि के १२ बजे से दूसरे दिन प्रातः ६ बजे तक के लिखे हैं) । व्रतोत्सव-ग्रहचार में A B C D आदि चिन्ह दिये गये है इनका मतलब यह है कि उस तिथि या तारीख का मैटर उस पंक्ति (लाईन) मे नहीं आ सका इसलिए वहाँ चिन्ह लगाकर शेष मैटर वैसा ही चिन्ह |A |B लगाकर पूरा किया गया है ।

विवाह मुहूर्तो में दिन के विवाह लग्न तो लिखते ही थे अब महर्षि कात्यायनोक्त नक्षत्र चतुष्टयी के विवाह मुहूर्तो का समावेश भी कर दिया है इन पर विद्वद्गण आवश्यकतानुसार निर्णय कर ले । पचांग को अधिकाधिक उपयोगी बनाने के लिए उपनयन मुहूर्त, देवप्रतिष्ठा (उत्तरायण दक्षिणायण) मुहूर्त, गेहारंभ मुहूर्त, नूतन और जीर्ण गृहप्रवेश मुहूर्त भी दे दिये है अतः विद्वद्गण आवश्यकतानुसार निर्णय लेकर मुहूर्तो का उपयोग करे । इनका अत्यधिक लाभ लेकर श्री वल्लभ मनीराम पंचांग एवं प्रकाशन संस्थान **खेमराज श्रीकृष्णदास** के इस परिश्रम को सफल बनाकर कृतकृत्य करें ।

जिनके लिए आप बहुत दिनों से सुझाव देते रहे थे, वार्षिक पञ्चाङ्ग में उन उत्कृष्ट, अलभ्य, अद्भुत, अलौकिक, अज्ञात विषयों का समावेश कर दिया है । यह कोई अतिशयोक्ति या मिथ्या प्रलाप नहीं है मेरा लक्ष्य आप तक विद्या पहुँचाना था परिणाम स्वरूप अहर्निश कार्यरत रहने से मेरा स्वास्थ्य खराब हो जाता है, जो यहाँ व वहाँ मेरी विद्या लाखों करोड़ों विद्वानों के पास रहेगी जो मैंने श्रीगुरुचरणों से प्राप्त की थी । इससे मुझे आत्मशान्ति तो प्राप्त हुई ही है तथापि गुरुऋण और पितृऋण से भी मुक्त हो गया । मेरी न्यूनताओं की जानकारी और विद्वानों के उत्तम सुझाव प्राप्त होने तो उन्हें शिरोधार्य कर मैं आभारी रहूँगा ।

खेमराज श्रीकृष्णदास "श्रीवेङ्कटेश्वर प्रेस" के मालिक संजयकुमार बजाज का मैं हृदय से साधुवाद करता हूँ, जिनके उदार विचारों से यह महत्त्वपूर्ण विद्या आप सभी तक पहुँचा रहा हूँ, उदात्तवादी विचारों के लिए ईश्वर आपको खुश रखें ।

अवसान में करबद्ध प्रार्थना यही है कि इस पंचांग के निर्माण में हर तरह की सूक्ष्मता एवं सावधानी रखी गई है फिर भी अनवधान वश अथवा मुद्रणदोष से कहीं त्रुटि रह गई हो तो पक्षपात रहित बुद्धि से विद्वद्गण उसे सुधारकर उपयोग में ले लें । कहा भी है -

प्रमाददोषादिह या च काचिन्न्यूनातिरेकात्रुटिर्दृश्यते चेत् ।
ज्योतिर्विदः शास्त्र विचारदक्षाः विद्या स्वयं शोधयतार्थधर्याः ॥
गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥

दुर्जन गण अनेक प्रकार से प्रार्थना करने पर भी अपनी आदत नहीं छोड सकते है; क्योंकि - **खलो मृगयते दोषं गुणपूर्णेषु वस्तुषु ।**
वने पुष्पफलाकीर्णे पुरीषमिव सूकरः ॥

विद्वानों को मेरा पुनः पुनः प्रणाम ।

गणितकर्ता : विदुषां वशंवदः पंडित ग्यारसीलाल शर्मा (शास्त्री)

मुख्य व्रतोत्सव तालिका संवत् २०८२ (ई. सन २०२५-२०२६)

व्रतोत्सव सन २०२५		व्रतोत्सव	ता.	व्रतोत्सव	ता.	व्रतोत्सव	ता.	व्रतोत्सव	ता.	व्रतोत्सव	ता.	व्रतोत्सव	ता.
चैत्रमास	मार्च	कूर्मोत्पत्ति	१२	श्रीश्यामबाबा जागरण	६	भारतीयस्वतंत्रतादिवस	१५	वामन द्वादशी	४	रमा एका.	१७	मार्गशीर्षमास	नवंबर
नया संवत आरम्भ	३०	पूर्णिमा व्रत	१२	चतुर्मास व्रत प्रारम्भ	६	जन्माष्टमी व्रत स्मार्त	१५	प्रदोष व्रत	५	गोवत्स द्वादशी	१७	चतुर्थीव्रत	८
नवरात्र आरम्भ	३०	बैशाखस्नानपूर्ति	१२	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	७	जन्माष्टमी व्रत वैष्णव	१६	अनन्त चतुर्दशी	६	प्रदोष व्रत	१८	कालभैरवाष्टमी	१२
गुडीपड़वा (महाराष्ट्र)	३०	ज्येष्ठमास	मई	प्रदोष व्रत	८	गोगानवमी (गुगोजी)	१७	खग्रास चन्द्रग्रहण	७	धनतेरस	१८	नेहरुजयन्ती (बालदिवस)	१४
सिंघारा	३०	चतुर्थीव्रत	१६	पूर्णिमा व्रत	१०	अजा एका.	१९	पूर्णिमा व्रत	७	धन्वन्तरी जयंती	१८	उत्पत्ति एका.	१५
गणगोर	३१	अपरा एका.	२३	गुरु पूर्णिमा	१०	जैनपर्युषण	१९	श्राद्ध प्रारम्भ	७	छोटी दीपावली	१९	प्रदोष व्रत	१७
भवान्युत्पति अप्रे.	५	प्रदोष व्रत	२४	श्रावणमास	जुलाई	वत्सपूजा (बछबारस)	१९	प्रौष्ठपदी	७	महालक्ष्मी पूजा	२०	अमावस्या	२०
दुर्गाष्टमी	५	भाऊका अमा.	२६	चतुर्थीव्रत	१४	प्रदोष व्रत	२०	कु. संध्यापूजा	७	कुबेर पूजा	२०	मोक्षदा एका. दिसं.	१
श्री रामनवमी	६	अमावस्या पितृकार्य	२६	नागपंचमी (राज.)	१५	कुशांग्रहणी अमा.	२२	आश्विनमास	सितंबर	अमावस्या	२१	श्रीश्यामबाबा जागरण	१
कामदा एका.	८	अमावस्या देवकार्य	२७	कामिका एका.	२१	पिठोरी अमा.	२२	चतुर्थीव्रत	१०	गोवर्धन पूजा	२२	गीता जयंती	१
श्रीश्यामबाबा जागरण	८	करिदिन	२७	प्रदोष व्रत	२२	अमावस्या पितृकार्य	२२	अशोकाष्टमी	१४	अन्नकूट देशाचारे	२२	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	२
श्रीश्यामबाबा द्वादशी	९	श्री गंगादशाश्वमेघस्नान		हरियाली अमा.	२४	भादीमावस	२३	इंदिरा एका.	१७	गुजरातियों का नूतन		प्रदोष व्रत	२
प्रदोष व्रत	१०	प्रारम्भ	२७	अमावस्या	२४	लोहार्गल स्नान	२३	प्रदोष व्रत	१९	वर्षारंभ	२२	श्री दत्त जयंती	४
जैन महावीर जयंती	१०	महाराणाप्रतापजयंती	२९	सिंघारा	२६	मातृ अमा.	२३	सर्वपितृ श्राद्ध	२१	भैयादूज	२३	पूर्णिमा व्रत	४
हनुमान जयंती	१२	गंगादशमी जून	५	तीज	२७	अमावस्या देवकार्य	२३	अमावस्या	२१	सौभाग्य पंचमी	२६	पोषमास	दिसंबर
पूर्णिमा व्रत	१२	निर्जला एका.	६	नागपंचमी	२९	गणेश चतुर्थी		नवरात्र आरम्भ	२२	गोपाष्टमी	३०	चतुर्थीव्रत	७
बैशाख स्नान प्रारम्भ	१२	श्रीश्यामबाबा जागरण	७	तिलकपुण्यतिथि अग.	१	(चंद्रदर्शननिषेध)	२७	अग्रसेन जयंती	२२	अक्षय(आंवला) नवमी	३१	तारा (शुक्र अस्त)	८
बैशाखमास	अप्रेल	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	८	पवित्रा एका.	५	जैन संवत्सरी	२७	मातामह श्राद्ध	२२	कूष्माण्ड नवमी	३१	सफला एका.	१५
चतुर्थीव्रत	१६	प्रदोष व्रत	८	श्रीश्यामबाबा जागरण	५	ऋषि पंचमी	२८	महाष्टमी (दुर्गाष्टमी)	३०	श्रीश्यामबाबाजागरण नवं.	१	सुरुप द्वादशी	१५
बूढो बास्योड़ो	२१	तारा (गुरु अस्त)	११	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	६	श्री राधाष्टमी	३१	गांधीजयन्ती अक्टु.	२	तुलसी विवाह	२	प्रदोष व्रत	१७
वरुथिनि एका.	२४	कबीर जयंती	११	प्रदोष व्रत	६	दधीची जयंती	३१	विजया दशमी	२	भीष्म पंचक प्रारम्भ	२	अमावस्या	१९
प्रदोष व्रत	२५	आषाढमास	जून	सूणमाण्डणा		गौरी आवाहन	३१	पापांकुशा एका.	३	चतुर्मास व्रतसमाप्ति	२	शांकभरी यात्रा	२८
अमावस्या	२७	चतुर्थीव्रत	१४	भद्रा के पहिले	८	अदुःखनवमीव्रत सितं.	१	श्रीश्यामबाबा जागरण	३	देवोत्थापन	२	पुत्रदा एका. स्मा.	३०
शिवाजी जयंती	२९	योगिनी एका. स्मा.	२१	नारियल पूर्णिमा	९	श्री चंद्र जयंती		श्रीश्यामबाबा द्वादशी	४	प्रबोधिनी एका.	२	श्रीश्यामबाबा जागरण	३०
परशुराम जयंती	२९	योगिनी एका. वै.	२२	पूर्णिमा व्रत	९	(उदासीन संप्रदाय)	१	प्रदोष व्रत	४	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	२	पुत्रदा एका. वै.	३१
अक्षय ३ (आखातीज)	३०	प्रदोष व्रत	२३	रक्षाबंधन		गौरी पूजन	१	पूर्णिमा व्रत	६	प्रदोष व्रत	३	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	३१
सीता नवमी मई	५	अमावस्या	२५	(पूरा दिन शुद्ध है)	९	श्रीरामदेवजीका मेला	२	शरद पूर्णिमा	६	वैकुण्ठ चतुर्दशी	४	जनवरी २०२६	
मोहिनी एका.	८	श्रीजगदीश रथयात्रा	२७	भाद्रपदमास	अगस्त	गौरी विसर्जन	२	कोजागरी व्रत	६	पूर्णिमा व्रत	५	प्रदोष व्रत	१
श्रीश्यामबाबा जागरण	८	भड़ली नवमी जुला.	४	कजली(बूढी) तीज	१२	जलझूलनी एका.	३	कार्तिकस्नान प्रारम्भ	७	पुष्कर यात्रा	५	पूर्णिमा व्रत	३
श्रीश्यामबाबा द्वादशी	९	आशा दशमी	५	चतुर्थीव्रत	१२	श्रीश्यामबाबा जागरण	३	कार्तिकमास	अक्टूबर	नानक जयंती	५		
प्रदोष व्रत	९	ताराशुद्ध (गुरुउदय)	६	हलषष्ठी	१४	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	४	करवाचतुर्थीव्रत	१०	भीष्म पंचक समाप्ति	५		
नृसिंह चतुर्दशी	११	देवशयनी एका.	६	चंद्रषष्ठी (थानाछठ)	१४			होई आठें (अष्टमी)	१३	कार्तिक स्नान पूर्ति	५		

शेष रवियोग के पृष्ठ पर देखें ...

मकरेऽर्कः १४ जनवरी २०२६ बुधवार दिन स्टै. १४।३४ ॥ **मकर सक्रांति** पुण्यकालः १४ जनवरी बुधवार स्टै. दिन १४।३४ से उत्तररात्रि स्टै. ३०।३४ तक ॥

तारा:- ता. ८।१२।२०२५ से ४। २।२०२६ तक **(शुक्र) अस्त** रहेगा ॥ **तारा:** ता. ११। ६।२०२५ से ६। ७।२०२५ २८।१८ तक **(गुरू) अस्त** रहेगा ॥

|| अयन ज्ञानाय ||

सायन/निरयन दो प्रकार के होते हैं । पहला सायन और दूसरा निरयन । सायन सूर्य से छ ऋतुओं का निर्धारण होता है और निरयन सूर्य से पंचांग (धार्मिक व्रतोत्सव, मुहूर्त आदि) का निर्णय किया जाता है । (पीयूषधारा पृ.१५२,श्लोक १)

अयन - एक वर्ष में दो अयन होते हैं । उत्तरायण और दक्षिणायन । मकर सक्रान्ति से उत्तरायण प्रारम्भ होता है और सूर्य कर्क राशी पर आवे तब दक्षिणायन प्रारम्भ होता है ।

ऋतु - एक वर्ष में छ ऋतु होती हैं । उनके नाम :- वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशिर ।

|| नक्षत्र संख्या और अभिजित् मान ||

भारत के प्राचीन दिव्य ऋषियों ने भचक्र (बृहदाकाश) में जो अगण्य तारिकाएं दृष्टिगोचर होती हैं इनके प्रत्येक समूह को नक्षत्र की संज्ञा दी और इन नक्षत्रों की संख्या, स्वरूप, स्थान, वर्ण आदि निर्धारित किये । यहाँ मात्र संख्या की चर्चा होगी क्यों कि यह बहुत गहन विषय है । ग्रहमंडल, तारामंडल आदि की अधिक जानकारी के लिए वाराह मिहिर कृत बृहत्संहिता देखें । ज्योतिषशास्त्र के अनुसार नक्षत्रों की संख्या २७ होती है प्रत्येक नक्षत्र के चार पाद (चरण) निर्धारित किये गये हैं और नौ चरणों की एक राशि होती है । अस्तु । ये सत्ताईस नक्षत्र इस प्रकार हैं -

(१) अश्विनी, (२) भरणी, (३) कृत्तिका, (४) रोहिणी, (५) मृगशिरा, (६) आर्द्रा, (७) पुनर्वसु, (८) पुष्य, (९) आश्लेषा, (१०) मघा, (११) पूर्वाफाल्गुनी, (१२) उत्तराफाल्गुनी, (१३) हस्त, (१४) चित्रा, (१५) स्वाति, (१६) विशाखा, (१७) अनुराधा, (१८) ज्येष्ठा, (१९) मूल, (२०) पूर्वाषाढा, (२१) उत्तराषाढा (२२) श्रवण, (२३) धनिष्ठा, (२४) शतभिषा, (२५) पूर्वाभाद्रपद, (२६) उत्तराभाद्रपद, (२७) रेवती ||

अभिजिन्मानम्- "वैश्व प्रान्त्याङ्घ्रिश्रुतितिथिभागतोऽभिजित्स्यात् ।" वैश्वेति । वैश्वमुत्तराषाढा, तस्यान्त्याङ्घ्रिः चतुर्थचरणः, श्रुतेः श्रवणस्य पञ्चदशांशो मिलित्वाऽभिजिद्भोगः स्यात । यदाह वसिष्ठः- "अभिजिद्भोगमेतद्वै वैश्वदेवान्त्यपादमखिलं तत् । आद्यचतस्रो नाड्यो हरिभस्यैतच्च रोहिणी विद्धम् ।" -पीयूषधारा पृ.३७१, श्लो.५५

अर्थ - अभिजित् नामक कोई पृथक नक्षत्र (२७ नक्षत्रों की तरह) नहीं है । उत्तराषाढा नक्षत्र के चतुर्थ चरण का समय और श्रवण नक्षत्र के भभोग का १५वां विभाग दोनों को मिलाने से जितनी घटिका होती है,उन घटिकाओं को अभिजित् नक्षत्र का मान समझना चाहिए ||५५|| अर्थात् अभिजित् उत्तराषाढा और श्रवण नक्षत्र के मध्य ही भुगत जाता है ।

|| विष्कुंभ आदि योग ||

विष्कुंभादि योग २७ होते हैं इनके नाम इस प्रकार हैं - (१) विष्कुंभ, (२) प्रीति, (३) आयुष्मान्, (४) सौभाग्य, (५) शोभन, (६) अतिगण्ड, (७) सुकर्मा, (८) धृति, (९) शूल, (१०) गण्ड, (११) वृद्धि, (१२) ध्रुव, (१३) व्याघात, (१४) हर्षण, (१५) वज्र, (१६) सिद्धि, (१७) व्यतिपात, (१८) वरीयान्, (१९) परिघ, (२०) शिव, (२१) सिद्ध, (२२) साध्य, (२३) शुभ, (२४) शुक्ल, (२५) ब्रह्म, (२६) ऐंद्र, (२७) वैधृति ||

बव आदि करणों के नाम - सम्पूर्ण-तिथिभोग का आधा भाग करण होता है **"तिथ्यर्धं करणम्"** । करण ११ होते हैं इनके नाम - बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि (विष्टि करण को भद्रा भी कहते हैं), अतिरिक्त चार करण शकुनि, चतुष्पाद, नाग, किंस्तुघ्न ।

नयाविषय- आकाशीय ग्रह मण्डल की विधान सभा के दशाधिकारियों का निर्धारण-

- वर्ष प्रबोध श्लोक ७८ से १५५, पृष्ठ १८ से ३१, श्रीवेङ्कटेश्वर प्रेस, मुम्बई

- सांवत्सरी पद्धति - तृतीयोऽध्यायः,श्लोक १ से, पृ.८५ से ||, श्रीवेङ्कटेश्वर प्रेस,मुम्बई

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को जो वार हो वही वर्ष का राजा होता है (चैत्रशुक्लप्रतिपदि यो वारो भूपतिर्मतः) । ७८

मेष संक्रान्ति के दिन जो वार हो वही उस वर्ष का मंत्री अथवा सेनापति होता है (मेषसंक्रान्तिवारेशो भवेत्सोपि चमूपतिः) ।

कर्क संक्रान्ति के दिन जो वार हो वही सस्येश होता है (कर्कसंक्रांतिवारेशः सस्यपः परिकीर्तितः) ।

धन की संक्रांति के दिन जो वार हो वही धान्येश होता है । धान्य भी अन्न का नाम है और सस्य भी अन्न का ही नाम है किन्तु गर्मी में जो जौ, गेहूँ आदि होते हैं वह सस्य में समझे गये हैं और जाड़े में मोठ, मूंग बाजरी आदि होते हैं वह धान्य में समझे गये हैं (धनुः संक्रान्तिवारेशो धान्येशः परिकीर्तितः) ।

आर्द्रा प्रवेश के दिन जो वार हो वही मेघेश होता है (आर्द्राप्रवेशेयोवारोमेघेशः परिकीर्तितः) ।

तुला संक्रांति के दिन जो वार हो वह रसेश होता है (तुलासंक्रान्तिदिवसेयोवारः स रसाधिपः) ।

मकर संक्रांति के दिन जो वार हो वह नीरसेश होता है (नक्रसंक्रांतिवारेशो नीरसेशः प्रकीर्तितः) ।

मीन संक्रांति के दिन जो वार हो वह फलेश होता है (मीनसंक्रांतिवारेशः फलेशः परिकीर्तितः) ।

कन्या संक्रान्ति के दिन जो वार हो वह धनेश होता है (कन्यासंक्रांतिदिनपोधनेशः परिकीर्तितः) ।

सिंह संक्रांति के दिन जो वार हो वह गजपति होता है (सिंहसंक्रान्तिवारेशोदुर्गेशः कथितोबुधैः) || ले.पं.प्यारेलाल शर्मा

अनुष्ठानारम्भ मुहूर्तम्

आश्वि, का, वै, माघ, मार्ग, फा, श्रा, तथा मे, कर्क, कं, तु, वृ, म, कुम्भस्थे रवौश्रेष्ठः २।६।७।१०।१३।१५ आसुतिथिषु । अथवा वा तिथिर्यस्य देवस्य तस्यांवाशुभदः स्मृतः वाराः - सू. शु. बृ. । सोमो मध्यमः पुन. पु. स्वा. उ. ३ अ. ध. श. र. अश्वि. ह. ऽनु. रो. मृ. वि. ज्ये. स्वस्वामि नक्षत्रेवा । लग्नात् ३।६।११ पापा १।४।५।७।९।१० साम्याः । चन्द्र तारानुकूले । गुरुशुक्रयोरुदितयोः शुभे लग्ने १२ शुद्धे सति मृत्य्वादि योग रहिते । विष्णुमत्रेस्थिरे, शिवस्यचरे। दुर्गाया द्विःस्वेलग्ने । कूर्मचक्रशुद्धौ प्रारभेत् । - परमपूज्य गुरूजी (शताब्दि पंचाग)

पापग्रहाः (उग्र/क्रूराः वा)-

सूर्य, मंग.,शनि,राहु, केतु - यथा -

सूर्यभौमशनिराहुकेतवः पापसंज्ञखचराः क्षयिचन्द्रः ।
पूर्णचन्द्रगुरुशुक्रसोमजाःसर्वकर्मसु हि सौम्यखेचराः ||

इति वसिष्ठेन कण्ठतः क्रूरत्वाभिधानादस्ति क्रूरत्वम् । स्वरोदयेऽपि 'बुधशुक्रेन्दुजीवाश्च सदा सौम्यग्रहा मताः ।' इति । - **पीयूषधारा (पृ.३६७)**

सोग्रांगः इति । स उग्र अंगः || स सहितः, उग्र उग्रग्रहाणाम् (सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु) अंगः लग्नः || **भाव** - लग्न में उक्त ग्रहों में से कोई एक भी ग्रह हो तो विवाह मुहूर्तों में सोग्रांगः लिखा रहता है ।

नया विषय - || चैत्रादि चान्द्रमासों के वैदिक नाम ||

बृहन्नारदीय महापुराणम् - पूर्वभाग- द्वितीयपाद, अध्याय ५६, श्लो.१३० से १३१, पृ. ६१७

मधुश्च माधवः शुक्रः शुचिश्चाथ नभस्ततः । नभस्य इष ऊर्जश्च सहाश्चैव सहस्यकः ||१३०||
तपास्तपस्य क्रमशश्चैत्रादीनां समाहृयाः । यस्मिन्मासे पौर्णमासी येन धिष्ण्येन संयुता ||१३१||

सूचना - स्पष्टता के लिए पृष्ठ १४ (**संवत्सरनाम तालिकावाले पृष्ठ**) पर देखें -

अपरञ्च - पुरुषार्थचिन्तामणिः पृ. १०,तथा च हेमाद्री- (सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी)

चैत्रो मासो मधुः प्रोक्तो वैशाखो माधवो भवेत् । ज्येष्ठो मासश्च शुक्रः स्यादाषाढः शुचिरुच्यते ।
नभो मासः श्रावणः स्यान्नभस्यो भाद्र इष्यते । इषश्चाऽऽश्वयुजो मासः कार्तिकश्चोर्जसंज्ञकः ||
सहो मासो मार्गशिरः सहस्यः पुष्यनामकः । माघमासस्तपः प्रोक्तस्तपस्यः फाल्गुनः स्मृतः || (इति स्पष्टार्थः)

नया विषय - चतुर्दश मन्वन्तरों (१४ मनुओं) के नाम -

बृहन्नारदीय महापुराणे- विष्णु माहात्म्य वर्णन,पूर्वभागे- प्रथमपादे, अध्याय ४०, श्लो.१७ से ३३, पृष्ठ ३३५-३३६

सुधर्म उवाच - चतुर्युगसहस्राणि ब्रह्मणो दिनमुच्यते । एकस्मिन् दिवसे शक्र मनवश्च चतुर्दश ||१७||
इन्द्राश्चतुर्दश प्रोक्ता देवाश्च विविधाः पृथक् । इन्द्राणां चैव सर्वेषां मन्वादीनां च वासव ||१८||
तुल्यता तेजसा लक्ष्म्या प्रभावेण बलेन च । तेषां नामानि वक्ष्यामि शृणुष्व सुसमाहितः ||१९||

हिंदी - सुधर्मा कहते हैं - एक हजार चतुर्युग (४००० युग) ब्रह्मा का एक दिन होता है । हे इन्द्र! उनके इस एक दिन में चतुर्दश मनु होते हैं । इन्द्र भी चतुर्दश कहे गये हैं । पृथक्-पृथक् भी विविध हैं । सभी इन्द्र तथा मनु तेज, लक्ष्मी, बल, प्रभाव में समान होते हैं । उनके पृथक्-पृथक् नामों को सुसमाहित होकर श्रवण करिये ||१७-१९||

स्वायंभुवो मनुः पूर्वं ततः स्वारोचिषस्तथा । उत्तमस्तामसश्चैव रैवतश्चाक्षुषस्तथा ||२०||
वैवस्वतो मनुश्चैव सूर्यसावर्णिरष्टमः । नवमो दक्षसावर्णिः सर्वदेव हिते रतः ||२१||
दशमो ब्रह्मसावर्णिर्धर्मसावर्णिकस्ततः । ततस्तु रुद्रसावर्णी रोचमानस्ततः स्मृतः ||२२||
भौत्यश्चतुर्दशः प्रोक्त एते हि मनवः स्मृताः । देवानिंद्रांश्च वक्ष्यामि शृणुष्व विबुधर्षभ ||२३||

हिंदी - स्वायम्भुव सबसे पहले हैं । तदनन्तर स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष, तदनन्तर वैवस्वत मनु जन्मे । सूर्य सावर्णि अष्टम मनु हैं । नवम हैं दक्षसावर्णि । ये सर्वदेव हित कार्य में रत थे । तदनन्तर ब्रह्म सावर्णि दशम हैं । एकादश हैं धर्मसावर्णि । द्वादश हैं रुद्रसावर्णि, त्रयोदश हैं रोचमान मनु । चतुर्दश हैं भौत्यसावर्णि (विष्णुपुराण में भौमश्चतुर्दशश्चात्र.) मनु । ये ही चतुर्दश मनु कहे जाते हैं । - ले. पं. प्यारेलाल शर्मा, मुम्बई

राहु काल और देशाचार - इस विशेष काल में १ घंटा ३० मिनट के लिए राहुकाल का अनिष्टकारी समय होता है । किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में इस समय को टाल देना चाहिए - दक्षिण भारत (कर्नाटक आदि) में ऐसी मान्यता है अन्यत्र नहीं । देशाचार के अनुसार सभी जगह पृथक पृथक मान्यताएं रहती हैं, जैसे महाराष्ट्र में घबाड्योग-करिदिन, गुजरात में विच्छुड़ा, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, बंगाल, हिमाचल-प्रदेश, उड़ीसा आदि भारत के अधिकांश भागों में भद्राकाल (विष्टि) में शुभकार्य नहीं करते हैं । अलग अलग स्थलों में भिन्न-भिन्न मान्यताएं-बाधाएं और देशाचार के अनुसार रीती रिवाज रहते हैं । भ्रान्तियों से बचना चाहिए । अलमतिविस्तरेण ।

[illegible]

॥ अष्टादश (१८) पुराणों के नाम ॥

[illegible]

[illegible]

१ ब्रह्मपुराण
२ पद्मपुराण
३ विष्णुपुराण
४ शिवपुराण (वायुपुराण)
५ श्रीमद्भागवतपुराण
६ नारदीयपुराण
७ मार्कण्डेयपुराण
८ अग्निपुराण
९ भविष्यपुराण
१० ब्रह्मवैवर्तपुराण
११ लिङ्गपुराण
१२ वराहपुराण
१३ स्कन्दपुराण
१४ वामनपुराण
१५ कूर्मपुराण
१६ मत्स्यपुराण
१७ गरुडपुराण
१८ ब्रह्माण्डपुराण

[illegible]

संवत् २०७९ में भद्रापुच्छकाल के प्रारम्भ और समाप्तिकाल का उदाहरण - किसी भी संवत् के लिए (धर्मशास्त्र के अनुसार "होलिका दहन निर्णय-")

अथ चतुर्थ्यादितिथिगतायां मुखपुच्छविभागादिकं शार्दूलविक्रीडितेनाह -

पञ्चद्व्यद्रिकृताष्टरामरसभूयामादिघट्यः शरा,
विष्टेरास्यमसद्गजेन्दुरसरामाद्यश्विबाणाब्धिषु ।
यामेष्वन्त्यघटीत्रयं शुभकरं पुच्छं तथा वासरे,
विष्टिस्तिथ्यपरार्धजा शुभकरी रात्रौ तु पूर्वार्धजा ॥४४॥ - पीयूषधारा पृ.४२

(मुहूर्तचिन्तामणि प्रमिताक्षरा,पृ.३०. प्रका.सन १९२८. धर्मसिन्धु परि.२.पृ.२१८-१९. - भारत की सभी मुहूर्त चिन्तामणियों में उपर लिखा श्लोक देखा जा सकता है ..आदि)

पीयूषधारा पञ्जति । चतुर्थ्यादितिथिष्वेवं क्रमशः पञ्चादिप्रहरेषु शराः पञ्च नाडयः आदिमा विष्टेर्भद्राया आस्यं मुखं । यथा चतुर्थ्यां पञ्चमप्रहर आदिभूता पञ्च घट्यो भद्रामुखम् । एवमष्टम्या द्वितीयप्रहरे एकादश्याः सप्तमप्रहरे **पौर्णमास्याश्चतुर्थप्रहरे**, तृतीयाया अष्टमप्रहरे, सप्तम्यास्तृतीयप्रहरे, चतुर्दश्याः प्रथमप्रहरे, भद्रामुखमित्यर्थः । तद्वद्भद्रायाः मुखमसदशुभमित्यर्थः । अथ पुनश्चतुर्थ्यादितिथीनां क्रमेण गजादिप्रहरेषु अन्त्यं अन्तो भवमन्त्यम् । 'दिगादिभ्यो यत्' इति यत् । घटीत्रयं पुच्छं पुच्छ संज्ञं तच्छुभकरं समस्तकार्येष्वित्यर्थः । यथा चतुर्थ्याः अष्टमप्रहरस्यान्त्यघटीत्रयं भद्रापुच्छं एवमष्टम्याः प्रथमप्रहरस्य एकादश्याः षष्ठप्रहरस्य **पूर्णिमायास्तृतीयप्रहरस्य** तृतीयायाः सप्तमप्रहरस्य सप्तम्याद्वितीयप्रहरस्य दशम्याः पञ्चमप्रहरस्य चतुर्दश्याश्चतुर्थप्रहरस्यान्त्यघटीत्रयं भद्रापुच्छमित्यर्थः ।

पीताम्बरा - भद्रा मुख और पुच्छ - चतुर्थी आदिक तिथियों में 'भद्रा का मुख और पुच्छ किन - किन प्रहरों में होता है ?' उन प्रहरों का उल्लेख किया जा रहा है । जैसे, शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि की पाँचवी प्रहर के आदि की ५ घटी में भद्रा का मुख होता है । इस प्रकार अष्टमी के दूसरे प्रहर में, एकादशी के सातवें प्रहर में, **पौर्णमासी के चतुर्थ प्रहर** और कृष्णपक्ष की तृतीया में आठवें प्रहर, सप्तमी के तीसरे प्रहर, दशमी के छठे प्रहर और चतुर्दशी के प्रथम प्रहर **की आदि की ५ घटियों** में भद्रा का मुख होता है, जो शुभ कार्यों में अशुभ होता है ।

शुक्लपक्ष की पुनः चतुर्थी तिथि के अष्टम प्रहर की अन्त्य की ३ घटी, अष्टमी के प्रथम प्रहर के, एकादशी के छटे प्रहर की, **पूर्णिमा के तीसरे प्रहर** की और कृष्णपक्ष की तृतीया के सप्तम प्रहर की, सप्तमी के द्वितीय प्रहर की, दशमी के पाँचवे प्रहर की और चतुर्दशी के चौथे प्रहर के अन्त्य की ३ घटियों में भद्रा का पुच्छ होता है जो शुभ कहा गया है । तिथि के सम्पूर्ण मान (भोग घटी) में आठ से विभक्त लब्धि का मान गत प्रहर होता है ।

सूचना- पं.श्रीबल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग में आदिकाल से "भद्रा-मुख-पुच्छ-घटी-ज्ञान" का कोष्टक दिया जाता रहा है । उपर दिया गया पीयूषधारा मु. का श्लोक इस कोष्टक की पुष्टी करता है । सम्प्रति संवत २०७८ के पृष्ठ ५८ और सं. २०७९ के पृष्ठ ५८ पर भी भद्रा-मुख-पुच्छ-घटी-ज्ञान का स्पष्ट विवरण देखा जा सकता है [१]।

सूत्र - भद्रापुच्छ प्रारम्भकाल = तिथिभोग ÷ ८ x ३ – ३ (घट्यादि)

सूत्र - भद्रापुच्छ समाप्तिकाल = तिथिभोग ÷ ८ x ३

सूत्र - भद्रामुख समाप्तिकाल = तिथिभोग ÷ ८ x ३ + ५ (घट्यादि)

विशेष: - तिथिभोग तृतीय प्रहर के समाप्तिकाल में, ४ प्रहर के आदि की ५ घटी जोड़ने से भद्रामुख का समाप्तिकाल होगा अर्थात् भद्रापुच्छ समाप्तिकाल के २ घंटे बाद भद्रामुख का समाप्तिकाल होगा. समझने के लिए यह २ घंटे वाला सूत्र सुगम है ।)

तिथिभोग (तिथि का भुक्त और भोग्य) में ८ (दिन और रात में ८ प्रहर होती है) का भाग देने से १ प्रहर का मान प्राप्त होगा (यहाँ पूर्णिमा का गणित करना है अतः पूर्णिमा के तीसरे प्रहर के अन्त्य की ३ घटी को पुच्छकाल कहा है जैसा कि उपर श्लोक में है "पूर्णिमायास्तृतीयप्रहरस्यान्त्यघटीत्रयं" । १ प्रहर के मान को ३ से गुणा करने पर पूर्णिमा के ३ रे प्रहर का मान प्राप्त होगा और यही भद्रापुच्छ काल का समाप्तिकाल भी होगा, इस ३ रे प्रहर के मान में ३ घटी घटाने से भद्रापुच्छ काल का प्रवेशकाल होगा । स्पष्टता के लिए यहाँ एक **उदाहरण** दे रहा हूँ -

मिति - फाल्गुन शुक्ला १४ तदुपरान्त पूर्णिमा सोमवार संवत् २०७९, तारीख ६ मार्च २०२३

घटी पल
६०।००
– २३।३४ चतुर्दशी समाप्तिकाल, सोमवार
३६।२६ पूर्णिमा का भुक्तकाल, सोमवार
+ २८।१४ पूर्णिमा का भोग्यकाल, मंगलवार

पूर्णिमा का सम्पूर्णभोग ६४।४० ÷ ८ = ८।०५ पूर्णिमा के एक प्रहर का घट्यात्मक मान

८।०५ पूर्णिमा के एक प्रहर का घट्यात्मक मान
X ३
२४।१५ पूर्णिमा के तीन प्रहर का घट्यात्मक मान

२३।३४ घट्यात्मक, चतुर्दशी समाप्तिकाल सोमवार
+ २४।१५ घट्यात्मक, पूर्णिमा के तीन प्रहर का मान
४७।४९ सोमवार को सूर्योदय से पूर्णिमा के तृतीय प्रहर का घट्यात्मक समाप्तिकाल

४७।४९ ÷ २.५ (घंटा मिनट के लिए घटी में ढाई का भाग दिया = १९।०८)

घंटा मिनट
= १९।०८ सोमवार को सूर्योदय से पूर्णिमा के तृतीय प्रहर का घंटा-मिनटात्मक समाप्तिकाल
+ ६।५४ सूर्योदय
= २६।०२ सोमवार को उत्तररात्री भद्रापुच्छ काल का घंटा-मिनटात्मक समाप्तिकाल
– १।१२ तीन घटी का घंटा मिनट ऋण किया (पूर्णिमा के तृतीय प्रहर की अन्तिम ३ घटी)
पूर्णतया भारतीय पद्धति से निर्मित पं. **श्रीवल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग** में दिये हुए ग्रह स्पष्ट के आधार पर ही यहाँ तिथि आनयन गणित और संक्षेप से पाठकों के ज्ञानवर्द्धन के लिए उदाहरण दे रहा हूँ, आशा है कि जिज्ञासु-गण, विद्यार्थिगण लाभान्वित होंगे और पञ्चाङ्ग अपनी उच्चगरिमामयी सिद्धि का द्योतक होगा। अतः ज्योतिर्गणित कर्ता आचार्य **वेंकटेश बापू केतकर** की बड़ी ही देन है जिनके ग्रन्थ शक (शाकः) १८२५ से आज तक सूक्ष्म-वेध यंत्रों के समकक्ष अक्षुण्ण चले आ रहे हैं। अपने स्तुत्य परिश्रम से भारतीय पञ्चाङ्ग साधन में वन्दनीय योगदान दिया है, ऐसे महापुरुषों को सर्वदा हृदय से प्रणाम करता हूँ। महापुरुषों की श्रमोपार्जित धरोहर अर्थात् भारतीय पद्धति से पञ्चाङ्ग-गणित करते समय स्वतः गर्व की परम अनुभूति होती है जो अवर्णनीय है।

मानद वेंकटेश बापू केतकर पद्धति से निर्माण किया गया पं. श्रीवल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग धर्मशास्त्र, श्रुति-स्मृति और प्राचीन ऋषियों के आर्ष (गूढ) वचनों द्वारा त्यौहार, व्रत, उत्सव-पर्व आदि निर्णय सहित सूक्ष्म-गणित के आवरण से आवेष्टित (ओत-प्रोत) है। जैसा कि उपर त्रिस्कन्ध ज्योतिष का उल्लेख है। पञ्चाङ्ग में तिथि, नक्षत्र, योग, करण, ग्रह-स्पष्ट . . . आदि जहाँ भी चन्द्रमा का उपयोग हुआ है वहाँ चन्द्रमा में बीस संस्कार देकर काम में लिया है और इसीलिए आवरण से ओत-प्रोत शब्द का उपयोग किया है।

तिथि का आदि ज्ञान: - सूर्योदयकालीन अंशात्मक स्पष्ट चन्द्र में से अंशात्मक स्पष्ट सूर्य को घटा दें यदि चन्द्र के अंश कम हों तो चन्द्र के अंशों में ३६० जोड़कर घटावें, शेष में १२ (क्षेपक) का भाग दें, भागफल की संख्या तुल्य गत तिथि होगी और जो शेष रहा वह वर्तमान तिथि का भुक्तांश आगया, इस भुक्तांश को १२ अंश में से घटाने पर वर्तमान तिथि का भोग्यांश होगा।

वर्तमान तिथि के भुक्तांश में गत्यन्तर का भाग देने से वर्तमान तिथि का भुक्त घटी-पल होगा और भोग्यांश में गत्यन्तर का भाग देने से वर्तमान तिथि के भोग्य घटी-पल होंगे। घटी-पलों में ढाई का भाग देकर स्टैं. सूर्योदय जोड़ने से वर्तमान तिथि का भारतीय स्टैंडर्ड समय में समाप्तिकाल होगा। जो कि सूक्ष्मासन्न है। सूक्ष्म-भोग्यकाल में ७ मिनट से न्यूनाधिक अन्तर नहीं होगा।

सूक्ष्मता के लिए: - तिथि समाप्ति के समय को इष्टकाल मानकर इष्टकालीन चन्द्र स्पष्ट करने के लिए चन्द्रमा में बीस संस्कार देकर सूक्ष्म स्पष्ट चन्द्र करना चाहिए, जो श्रमसाध्य तो होगा ही अपितु ग्रंथों का भी अभाव है अतः विद्यार्थियों के लिए सूक्ष्मगणित करना संभव नहीं है। पञ्चाङ्गकर्ता अपने ग्रन्थ व्यवस्था रखते हैं इसीलिए पञ्चाङ्गों में सूक्ष्म स्पष्ट चन्द्र लिखा रहता है और यहाँ भी उदाहरण में दिखाया है। इसीलिए पञ्चाङ्ग में दिये हुए इष्टकालीन ग्रह स्पष्ट के उदाहरण में चन्द्र स्पष्ट में मैंने लि[खा] है कि - चंद्रमा की शीघ्रगति होने से चंद्रस्पष्ट का यह साधन स्थूल है। अलमतिविस्तरेण ॥

पञ्चाङ्ग में सूर्योदयकालीन ग्रहस्पष्ट दिये हुए हैं।

उपकरण - तारीख १५ अगस्त २०२५, शुक्रवार, सूर्योदय-कालीन तिथि गणित (स्टै. ६।०४)

पञ्चाङ्ग में चन्द्रमा बीस संस्कार देकर सूक्ष्म स्पष्ट किया हुआ है।

क्षेपक १२ (स्पष्ट-सूर्य से स्पष्ट-चंद्रमा जब १२ अंश आगे निकलता है तब शुक्ल प्रतिपदा (१) तिथि पू[री] होती है इसी तरह हर बारह अंश में शुक्ल १ तिथि से आगे द्वितीया आदि, बढती रहती है इसीलिए ति[थि] का क्षेपक १२ अंश है।)

चन्द्र-सूर्य स्पष्ट - (राशि-अंश-कला-विकला)

चन्द्र ०।१२।२५।२५ गति ८५४।११, सूर्य ३।२८।१५।३१ गति ५७।४०

अंशात्मकः स्पष्ट चन्द्र १२.४२३७४, सूर्य ११८.२५८७

भाज्यः (अंशात्मकः) २५४.१६५ (१२.४२३७४ + ३६० - ११८.२५८७)

भागफल (सावयव) २१.१८०४२ (२५४.१६५ ÷ १२)

भागफल संख्या (२१) तुल्य गत तिथि कृष्णा ६

वर्तमान तिथि कृष्णा ७

भुक्तांशः कृष्णा ७ तिथि का २.१६५०३९ = (२१.१८०४२ - २१) X १२

भोग्यांशः कृष्णा ७ तिथि का ९.८३४९६१ = (१२ - २.१६५०३९)

कलात्मकः चन्द्र-गति ८५४.३१६७, सूर्य-गति ५७.६६६६७

गत्यन्तरः ७९६.६५ (चन्द्र गति में से सूर्य गति घटाने को गत्यन्तर कहते हैं)

अहोरात्र मान = सूर्योदय से अगले दिन के सूर्योदय तक के समय को अहोरात्र कहते हैं

अहोरात्रः (घट्यादि) ६०।०३ = (अगले दिन का सूर्योदय ६।०५ + २४ – सूर्योदय ६।०४) X २॥

उदयकाल में कृष्णा ७ तिथि का भुक्तकाल-स्थूल (घट्यादि.) ९।४८

(भुक्तांशः २.१६५०३९ X ६० X अहोरात्र ६०.०५ (७८००.६३६ ÷ गत्यन्तरः ७९६.६५))

उदयकाल में कृष्णा ७ तिथि का सूक्ष्मासन्न भोग्यकाल:-

(घट्यादि.) ४४।२९, (स्टै.) २३।५२

(भोग्यांशः ९.८३४९६१ X ६० X अहोरात्र ६०.०५ (३५४३५.३६ ÷ गत्यन्तरः ७९६.६५))

स्थूल-ऐक्यम्- कृष्णा ७ तिथि का गत ९।४८, और ऐष्य ४४।२९, तिथिभोग ५४।१६ हुआ।

नोट - स्थानिक घटी-पल और भारतीय स्टैं. समय में सूक्ष्मासन्न समाप्तिकाल प्राप्त हो गया है। सूक्ष्मासन्न तिथि का भुक्त-भोग्यकाल और सूक्ष्म भुक्त-भोग्यकाल में ७ मिनट से न्यूनाधिक अन्तर नहीं होगा।

सूक्ष्मता के लिए: - आगे की क्रिया उपर दर्शाये अनुसार करलें। मूलांक नीचे दे दिये हैं।

इष्टकालीन चन्द्रमा में दुबारा बीस संस्कार देकर सूक्ष्म स्पष्ट किया है।

इष्टकालीन (स्टै. २३।५२ के) सूर्य-चन्द्र स्पष्ट-

चन्द्र ०।२२।५८।४३, सूर्य ३।२८।५८।१६

इष्टकालीन अंशात्मकः स्पष्ट चन्द्र २२.९७८५२, सूर्य ११८.९७१

भाज्यः (अंशात्मकः) २६४.००७५ (२२.९७८५२ + ३६० - ११८.९७१)

भागफल (सावयव) २२.०००६३ (२६४.००७५ ÷ १२)

भागफल संख्या (२२) तुल्य गत तिथि कृष्णा ७
वर्तमान तिथि कृष्णा ८
भुक्तांश: कृष्णा ८ तिथि का .००७५ = (२२.०००६३ - २२) X १२
भोग्यांश: कृष्णा ८ तिथि का ११.९९२५ = (१२ - .००७५)
कलात्मक: चन्द्र-गति ८५४.३१६७, सूर्य-गति ५७.६६६६७
गत्यन्तर: ७९६.६५

इष्ट समय मे कृष्णा ८ तिथि का सूक्ष्म भुक्तकाल (घट्यादि.) ०।०२
(भुक्तांश: .००७५ X ६० X अहोरात्र ६०.०५ (२७.०२२५ ÷ गत्यन्तर: ७९६.६५))
इष्ट समय मे कृष्णा ८ तिथि का स्थूल भोग्यकाल (घट्यादि.) ५४।१४
(भोग्यांश: ११.९९२५ X ६० X अहोरात्र ६०.०५ (४३२०८.९८ ÷ गत्यन्तर: ७९६.६५))
अनपेक्षित (सूर्योदय-कालीन तिथि से अगली) कृष्णा ८ तिथि का भुक्तकाल (घट्यादि.) ०।०२

(**विशेष**- यहाँ उपर के सूक्ष्मासन्न-गणित मे सूर्योदयकालीन कृष्णा ७ का समाप्तिकाल (स्टै.) २३।५२ का समय है और इसी समय को इष्टकाल मानकर आगे का गणित किया है, तभी मालुम हुआ कि यहाँ (स्टै.) २३।५२ पर तो चन्द्रमा की शीघ्रता से बदलती हुई गति के कारण कृष्णा ८ तिथि का भुक्तकाल (घट्यादि.) ०।०२ हो चुका है, इसका अर्थ ऐसा हुआ कि सूर्योदय-कालीन कृष्णा ७ तिथि तो (घट्यादि.) ०।०२ पहिले ही समाप्त हो चुकी थी अत: इसी समय को घंटा-मिनट बनाकर (स्टै.) २३।५२ में से घटा दें तो सूर्योदय-कालीन कृष्णा ७ तिथि का सूक्ष्म स्पष्ट भोग्यकाल यानि समाप्तिकाल प्राप्त होगा, जैसा कि आगे दर्शाया है -)

इष्टकालीन सूक्ष्म अन्तर-फल (घट्यादि.) - ०।०२, (घंटा-मि.) - ०।०१
सूर्योदय-कालीन कृष्णा ७ तिथि का सूक्ष्मासन्न भोग्यकाल -
(घट्यादि.) ४४।२९, (स्टै.) २३।५२ में क्रमश:-
इष्टकालीन सूक्ष्म अन्तर-फल का समावेश (धन या ऋण) कर दिया जैसे -
४४।२९ - ०।०२ = ४४।२७ और २३।५२ - ०।०१ = २३।५१

अत: कृष्णा ७ तिथि का सूक्ष्म स्पष्ट समाप्तिकाल **(घट्यादि.) ४४।२७, (स्टै.) २३।५१**

ऐक्यम्- कृष्णा ७ तिथि का गत ९।४८, और ऐष्य ४४।२७, सम्पूर्ण-तिथिभोग ५४।१५ हुआ।

सूचना- पञ्चाङ्ग मे उक्त तारीख की तिथि और समाप्तिकाल का समय देखे, वही होगा। कहीं कहीं १ मिनट (३ पल) का (अधिकतम रुप से) न्यूनाधिक अंतर हो सकता है इससे अधिक अंतर नहीं होगा।

॥ करण साधन ॥

पञ्चाङ्ग साधन (तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण:- पञ्चानाम् अङ्गानाम् स.) क्रिया के अन्तर्गत करण साधन दिखा देना भी उचित होगा।

सम्पूर्ण-तिथिभोग का आधा भाग करण होता है **"तिथ्यर्धं करणम्"**। करण ११ होते है इनके नाम - बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि (विष्टि करण को भद्रा भी कहते है),अतिरिक्त चार करण शकुनि, चतुष्पाद, नाग, किंस्तुघ्न। जिनमें बव आदि ७ करण शुक्ल. प्रतिपदा के उत्तरार्ध भाग से कृष्ण. चतुर्दशी के पूर्वार्धभाग तक यथा क्रम से आते रहते है। चतुर्दशी के उत्तरार्ध भाग में शकुनि, अमावस्या के पूर्वार्धभाग मे चतुष्पाद, उत्तरार्ध मे नाग और शुक्ल. प्रतिपदा के पूर्वार्धभाग में किंस्तुघ्न होता है। प्रत्येक चैत्रादि मासों में बव आदि करणों का यही स्थाई अनुक्रम है। तिथ्यर्ध के भोगानुसार इनका प्रवेशकाल और समाप्तिकाल होते रहता है। सर्वत्र एवमेव ज्ञातव्यम् ॥ अलमिति ॥

तिथि संख्या ज्ञानाय - प्राय: पञ्चाङ्गों मे देखा होगा कि पूर्णिमा को १५ और अमावस्या को ३० लिखा रहता है। व्यवहारिक दृष्टि से शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से पूर्णिमा और कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से अमावस्या के नाम से जाना जाता है लेकिन गणितीय संख्यात्मक दृष्टि से शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से पूर्णिमा तक की १ से १५ संख्या होती है और कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से अमावस्या तक की १६ से ३० संख्या होती है। करण का निर्णय भी तिथि की इसी संख्यानुसार होता है। स्पष्टता के लिए करण सारिणी देखें।

उदाहरण- ता. १५ अगस्त २०२५, शुक्रवार तिथि (कृष्णा ७) २२ को २ से गुणा किया ४४ संख्या तुल्य बव करण का भोग कृष्णा ७ के उत्तरार्ध-भाग मे स्पष्ट हो गया। ४४ मे एक घटा देंगे तो ४३ संख्या तुल्य विष्टि करण का भोग कृष्णा ७ के पूर्वार्ध-भाग मे स्पष्ट हो गया। **समय ज्ञान**- तिथि का आधा भाग बनाने के लिए सम्पूर्ण-तिथिभोग (घट्यादि) ५४।१५ में २ का भाग दिया तो २७।०७।३० हुए, इसी को तिथ्यर्ध कहते है। इसमें तिथि का भुक्तकाल-स्थूल ९।४७।३० (९।४८) घटा दिया यह विष्टि करण का समाप्तिकाल और बव का प्रवेशकाल १७।२०।०० हुआ। बव के प्रवेशकाल मे तिथ्यर्ध जोड़ने से (६० से ज्यादा हो तो ६० घटा दे) बव का समाप्तिकाल ४४।२७।३० होगा। इनके (१७।२०।०० और ४४।२७।३० के) घंटा-मिनट बनाकर सूर्योदय जोड़ने से बव करण का स्पष्ट प्रारम्भ समय स्टै. १३।०० से समाप्तिकाल २३।५१ सिद्ध हुआ।

नोट - यहाँ करण के उदाहरण की जो विधि दी है वो पुरानी पद्धति से है। पञ्चाङ्ग में जो करण का समाप्तिकाल दिया है वो तिथि के गणित की तरह सूक्ष्म किया हुआ है। इसलिए करण के समय में कहीं कहीं स्थूलता संभव है, इसमें भ्रम न करें। यहाँ प्रसंगत: ज्ञानवर्द्धन हेतु मात्र उदाहरण की क्रिया दिखाई है। यदि सूक्ष्मता लानी हो तो जैसे तिथि के उदाहरण की विधि दिखाई है उसी विधि से करण का भी गणित करेंगे तो करण का प्रवेश और समाप्तिकाल सूक्ष्म होगा। तिथि और करण में सूक्ष्म गणित की विधि समान है मात्र क्षेपक अलग (तिथि का क्षेपक १२ है और करण का क्षेपक ६) है, शेष तिथिवत्। अलमतिविस्तरेण ॥

॥ करण सारिणी ॥

शुक्लपक्ष			कृष्णपक्ष		
तिथि	पूर्वार्ध	उत्तरार्ध	तिथि	पूर्वार्ध	उत्तरार्ध
१	(१) किंस्तुघ्न	(२) बव	(१६) १	(३१) बालव	(३२) कौलव
२	(३) बालव	(४) कौलव	(१७) २	(३३) तैतिल	(३४) गर
३	(५) तैतिल	(६) गर	(१८) ३	(३५) वणिज	(३६) विष्टि
४	(७) वणिज	(८) विष्टि	(१९) ४	(३७) बव	(३८) बालव
५	(९) बव	(१०) बालव	(२०) ५	(३९) कौलव	(४०) तैतिल
६	(११) कौलव	(१२) तैतिल	(२१) ६	(४१) गर	(४२) वणिज
७	(१३) गर	(१४) वणिज	(२२) ७	(४३) विष्टि	(४४) बव
८	(१५) विष्टि	(१६) बव	(२३) ८	(४५) बालव	(४६) कौलव
९	(१७) बालव	(१८) कौलव	(२४) ९	(४७) तैतिल	(४८) गर
१०	(१९) तैतिल	(२०) गर	(२५)१०	(४९) वणिज	(५०) विष्टि
११	(२१) वणिज	(२२) विष्टि	(२६)११	(५१) बव	(५२) बालव
१२	(२३) बव	(२४) बालव	(२७)१२	(५३) कौलव	(५४) तैतिल
१३	(२५) कौलव	(२६) तैतिल	(२८)१३	(५५) गर	(५६) वणिज
१४	(२७) गर	(२८) वणिज	(२९)१४	(५७) विष्टि	(५८) शकुनि
१५	(२९) विष्टि	(३०) बव	(३०)१५	(५९) चतुष्पाद	(६०) नाग

कन्या के विवाह में गुरुबल और महत्वपूर्ण जानकारी :-

कन्या के विवाह में गुरुबल:-

कन्या-विवाहकालं ग्रहशुद्धिं च वसन्ततिलकाछन्दसाह -

गुरुशुद्धिवशेन कन्यकानां समवर्षेषु षडष्टकोपरिष्टात् ।
रविशुद्धिवशाच्छुभो वराणामुभयोश्चन्द्रविशुद्धितो विवाहः ॥१२॥

नारद, कश्यप, श्रीपतिनिबन्ध, पराशरादि रहित - अत एवाह व्यासः -
'अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा च रोहिणी । दशवर्षा भवेत्कन्या द्वादशे वृषली स्मृता ॥' इति ।

यदा तु कन्या कालातिक्रान्ता भवति तदा गुरुबलमनावश्यकमित्याह व्यासः -
'दशवर्षव्यतिक्रान्ता कन्या शुद्धिविवर्जिता । तस्यास्तारेन्दुलग्नानां शुद्धौ पाणिग्रहो मतः॥' इति ।

अर्थ - प्राचीन आचार्यों के मत से १२ वर्ष से ऊपर की कन्याओं के विवाह में समय (अवस्था) के अतिक्रमण से गुरु शुद्धि आदिक विचार आवश्यक नहीं है । -पीयूषधारा मु.चि. (पृष्ठ ३१४)

अपि च- अष्टवर्षा.। दशवर्षा भवेत्कन्या अत ऊर्ध्वम् रजस्वला ॥५॥' इति ।

- निर्णयसिन्धु (पृष्ठ ४५०)

कालातिक्रमे निषेधमाह वाराहः-

पूजामिलाषं प्रतिनिःस्पृहोऽपि, कुर्य्याद् गुरौ शुद्धिविवर्जितेऽपि ।
वराग्र्यलाभे शुभदं विवाहं, वदन्ति गर्गच्यवनादिमुख्याः ॥५३॥

अर्थ - आचार्य वराह के अनुसार कालातिक्रम में गुरु का निषेध- श्रेष्ठ सुयोग्य वर के प्राप्त होने पर गुरु की शुद्धि के बिना भी विवाह शुभ होता है । गर्ग, च्यवन प्रभृति मुख्य ऋषियों का यह मत है ।

- संस्कारशिरोमणि (पृष्ठ ३५२)

पापग्रहाः (उग्र/क्रूराः वा)- सूर्य, मंग., शनि, राहु, केतु -
'सूर्यभौमशनिराहुकेतवः पापसंज्ञखचराः क्षयीन्दुः । पूर्णचन्द्रगुरुशुक्रसोमजाः सर्वकर्मसु हि सौम्यखेचराः ॥'
इति वशिष्ठेन कण्ठतः क्रूरत्वाभिधानादस्ति क्रूरत्वम् । स्वरोदयेऽपि - 'बुधशुक्रेन्दुजीवाश्च सदा सौम्यग्रहाः मताः ।' इति ।

- पीयूषधारा (पृ.३६७)

किसी भी शुभकार्य में नक्षत्रशुद्धि -

अथ क्रूराक्रान्तादिनक्षत्रदोषं सापवादमनुष्टुभाह -

ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरमुक्तादिकानि च ।
भुक्त्वा चन्द्रेण मुक्तानि शुभार्हाणि प्रचक्षते ॥५८॥

अर्थ - जिस नक्षत्र पर पापग्रह का वेध हो, जिस नक्षत्र पर पापग्रह का योग हो अर्थात् बैठा हो या जिस नक्षत्र को भोगकर पापग्रह ने उसे छोड़ दिया हो तो वह नक्षत्र यदि चन्द्रमा से भुक्त हो जाय तो ऊपर के सभी दोष मिट जाते हैं अन्यथा वह नक्षत्र संस्कार के योग्य नहीं होता है ॥५८॥

- पीयूषधारा (पृ. ३७९)

सोग्रांगः इति ।
स उग्र अंगः ॥ स सहितः, उग्र उग्रग्रहाणाम् (सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु) अंगः लग्नः ॥
भाव - लग्न में उक्त ग्रहों में से कोई एक भी ग्रह हो तो विवाह मुहूर्तों में सोग्रांगः लिखा रहता है ।

॥ अयन ज्ञानाय ॥

सायन/निरयन दो प्रकार के होते हैं । पहला सायन और दूसरा निरयन । सायन सूर्य से ऋतुओं का निर्धारण होता है और निरयन सूर्य से पंचांग (धार्मिक व्रतोत्सव, मुहूर्त आदि) का निर्णय किया जाता है । (पीयूषधारा पृ.१७२, श्लोक १)

अयन - एक वर्ष में दो अयन होते हैं । उत्तरायण और दक्षिणायन । मकर संक्रान्ति से उत्तरायण प्रारम्भ होता है और सूर्य कर्क राशी पर आवे तब दक्षिणायन प्रारम्भ होता है ।

ऋतु - एक वर्ष में छ ऋतु होती हैं । उनके नाम :- वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त, शिशिर

भद्रा दोष:- भद्राकाल में किसी भी तरह का विवाह आदि शुभ कार्य सर्वथा निषेध है ।

यथा - न कुर्यान्मङ्गलं विष्ट्यां जीवितार्थी कदाचन ।
कुर्वन्नज्ञस्तदा क्षिप्रं तत्सर्वं नाशतां व्रजेत् ॥' इति ॥ - पीयूषधारा मु. चिन्तामणि पृ. ...

॥ अपि च ॥ श्रीपतिः- न सिद्धिमायाति कृतं च विष्ट्यां विषारिघातादिकमत्र सिद्धम् ॥

- निर्णयसिन्धु भाषा टीका, खेमराज., परि.१, पृ.३३

धर्मसिन्धु परिच्छेद ३ पू., पृष्ठ ५२१ -

ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय श्रीविष्णुं स्मृत्वा गजेन्द्रमोक्षादि पठित्वा इष्टदेवतादि स्मरेत् ।
विष्णुपुराणोक्त ब्राह्ममुहूर्त - रात्रेः पश्चिमयामस्य मुहूर्तो यस्तृतीयकः । स ब्राह्म इति विज्ञेयो विहितः स प्रबोधने ।
पञ्च पञ्च उषःकालः सप्तपञ्चारुणोदयः । अष्टपञ्च भवेत् प्रातस्ततः सूर्योदयः स्मृतः ॥

भूमि प्रार्थना - समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमण्डिते । विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यम् पादस्पर्शं क्षमस्व मे ॥ इति भूमिं प्रार्थ्य गवादिमङ्गलानि पश्येत् । ब्राह्म-मुहूर्त में उठकर श्रीविष्णु का स्मरणपूर्वक गजेन्द्रमोक्ष आदि का पाठ कर अपने इष्टदेवता आदि का स्मरण करे । हे विष्णुपत्नि ! हे देवि ! आपका वस्त्र समुद्र है । पर्वतरूप स्तनों से भूषित है । आपको नमस्कार है । मेरे चरण का स्पर्श क्षम्य है । इस प्रकार भूमि की प्रार्थना गौ आदि मांगलिक द्रव्य का दर्शन करे ।

प्रातःकाल हस्तावलोकनम् - १. आदि पद से प्रभात में स्वकरतलादि का अवलोकन करे - कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती । करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते कर दर्शनम् ।

परे लग्नशुद्ध्या कुयोगादिनाशम् -

व्याख्या- अथ परे आचार्या लग्नशुद्ध्या समीचीन लग्नबलेन कुयोगानां मृत्युक्रकचादीनां नाशं भवंतीति शेषः । - पीयूषधारा (पृष्ठ ४६, श्लो.४२)

अर्थ- लग्न शुद्धि के समय तिथि, नक्षत्र और विष्कुंमादि योग द्वारा उत्पन्न हुए मृत्यु-क्रकचादि कुयोग स्वयं नष्ट हो जाते हैं (जैसे सूर्योदय होने पर अंधेरा नष्ट हो जाता है) ।

विशेष - किसी एक विद्वान् के द्वारा बताये हुए शुद्धलग्न वाले मुहूर्त को दूसरा विद्वान् (बाल्बुद्धि वाला) यजमान को यह कह कर भ्रमित (गुमराह) कर देता है कि उस दिन राहुकाल, मृत्यु-क्रकचादि कुयोग होने से वह मुहूर्त अच्छा नहीं है । नोट - ऐसे बालमति के विद्वानों से कर-बद्ध प्रार्थना है कि ज्योतिष-शास्त्र का उपहास (मजाक) न करें । कहा भी है- "नानाशास्त्र विचक्षणश्च पुरुषान्निन्दन्ति मूर्खाः सदा इति" । ॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय. ॥

पं. प्यारेलाल शर्मा (शास्त्री), मुम्बई.

संवत् २०८२, ता. २० अक्टूबर २०२५ सोमवार ॥ 卐 श्रीमहालक्ष्मी पूजनम् 卐 ॥ विभिन्न नगरों में दिन के चौघडियों का समाप्तिकाल (स्टै.घंटा-मिनट)

शहर	रामगढ	अजमेर	अहमदा.	अमृतस.	आकोला	इंदौर	उदयपुर	कोलकाता	सीकर	कानपुर	कोटा	चेन्नई	जयपुर	झरिया	झांसी	डिब्रुगढ	दिल्ली	बैंगलोर	बांसवाडा	भिवानी	मुम्बई	वाराणसी	विजयवा.	हैदराबाद
सूर्योदय	६।३७	६।३७	६।४३	६।४१	६।२२	६।२९	६।३९	५।३८	६।३६	६।१४	६।३१	६।०४	६।३३	५।४८	६।२०	५।१७	६।२९	६।१४	६।३५	६।३३	६।३८	६।०३	६।०५	६।१४
दि.मान	१।२४	१।२५	१।२५	१।२४	१।२६	१।२६	१।२५	१।२६	१।२४	१।२५	१।२५	१।२८	१।२५	१।२५	१।२५	१।२५	१।२४	१।२८	१।२५	१।२४	१।२६	१।२५	१।२७	१।२७
अमृत	८।०१	८।०२	८।०८	८।०५	७।४८	७।५४	८।०४	७।०४	८।००	७।३९	७।५६	७।३१	७।५७	७।१३	७।४५	६।४१	७।५३	७।४२	८।०१	७।५७	८।०४	७।२८	७।३१	७।४१
काल	९।२६	९।२६	९।३४	९।२८	९।१४	९।२०	९।२९	८।२९	९।२५	९।०४	९।२१	८।५९	९।२२	८।३८	९।१०	८।०६	९।१७	९।०९	९।२६	९।२१	९।३१	८।५३	८।५८	९।०७
शुभ	१०।५०	१०।५१	१०।५९	१०।५२	१०।४०	१०।४६	१०।५५	९।५५	१०।४९	१०।२९	१०।४६	१०।२६	१०।४७	१०।०४	१०।३५	९।३०	१०।४२	१०।३७	१०।५२	१०।४६	१०।५७	१०।१८	१०।२५	१०।३४
रोग	१२।१५	१२।१६	१२।२५	१२।१५	१२।०६	१२।११	१२।२०	११।२१	१२।१४	११।५३	१२।११	११।५४	१२।११	११।२९	१२।००	१०।५५	१२।०६	१२।०४	१२।१७	१२।१०	१२।२३	११।४३	११।५२	१२।०१
उद्वेग	१३।३९	१३।४१	१३।५०	१३।३९	१३।३२	१३।३७	१३।४५	१२।४६	१३।३८	१३।१८	१३।३६	१३।२१	१३।३६	१२।५४	१३।२५	१२।१९	१३।३०	१३।३२	१३।४२	१३।३४	१३।५०	१३।०८	१३।१९	१३।२७
चल	१५।०३	१५।०५	१५।१६	१५।०२	१४।५८	१५।०२	१५।१०	१४।१२	१५।०३	१४।४३	१५।०१	१४।४९	१५।०१	१४।२०	१४।५०	१३।४४	१४।५४	१४।५९	१५।०८	१४।५८	१५।१६	१४।३३	१४।४६	१४।५४
लाभ	१६।२८	१६।३०	१६।४१	१६।२६	१६।२४	१६।२८	१६।३५	१५।३८	१६।२७	१६।०८	१६।२६	१६।१७	१६।२५	१५।४५	१६।१५	१५।०८	१६।१९	१६।२७	१६।३३	१६।२३	१६।४२	१५।५८	१६।१३	१६।२१
अमृत	१७।५२	१७।५५	१८।०६	१७।४९	१७।५०	१७।५३	१८।००	१७।०३	१७।५२	१७।३२	१७।५१	१७।४४	१७।५०	१७।१०	१७।४०	१६।३३	१७।४३	१७।५५	१७।५९	१७।४७	१८।०१	१७।२३	१७।४०	१७।४८

जिन नगरो का नहीं लिखा है वे नीचे लिखी विधि को क्रियान्वित करे। दिनमान एवं रात्रिमान का आठवाँ भाग चौघडिया होता है। दिन का चौघडिया :- सूर्योदय में घंटा-मिनटात्मक दिनमान का आठवाँ भाग जोडने से एक चौघडिया का समय आता है। इसी संख्या में पुनः आठवाँ भाग जोडने से दूसरे चौघडिये का समय आता है। इसी प्रकार क्रिया करते रहने से आठों चौघडियों का समय स्पष्ट होता है। रात्रि का चौघडिया :- सूर्यास्त मे रात्रिमान (सूर्यास्त से अगले दिन के सूर्योदय तक रात्रिमान होता है) का आठवाँ भाग जोडने से एक चौघडिया का समय आता है। शेष क्रिया पूर्ववत्। उदाहरण- ता. २० अक्टूबर २०२५ सोमवार को रामगढ में सूर्योदय ६ बजकर ३७ मिनट और सूर्यास्त १७ बजकर ५२ मिनट है। यहाँ सूर्यास्त मे से सूर्योदय घटाकर आठ का भाग देने से एक चौघडिया का मान (समय) १ घंटा २४ मिनट हुआ इसे सूर्योदय ६ बजकर ३७ मिनट मे जोडने से प्रथम चौघडिया अमृत का ८ बजकर ०१ मिनट पर समाप्तिकाल हुआ। इसी संख्या में दुबारा एक चौघडिया का मान (समय) जोडने से दूसरा चौघडिया काल का ९ बजकर २६ मिनट पर समाप्तिकाल हुआ। इसी तरह पुनः पुनः एक चौघडिया का मान (समय) जोडने से दिन के आठों चौघडियों का समय जाना जा सकता है।

संवत् २०८२, ता. २० अक्टूबर २०२५ सोमवार ॥ 卐 श्रीमहालक्ष्मी पूजनम् 卐 ॥ विभिन्न नगरों में लग्नप्रवेश (स्टै.घंटा-मिनट) ॥ कर्क त्याज्यम् ॥

शहर	अजमेर	अहमदा.	अयोध्या	अमृतस.	आकोला	आगरा	इंदौर	इलाहाबा.	उज्जैन	उदयपुर	कटक	कोलकाता	सीकर	कानपुर	कोटा	गंगानग.	गोरखपु.	गौहाटी	चेन्नई	जबलपु.	जयपुर	जींद	जोधपुर	झरिया
वृष	१९।२५	१९।३९	१८।५४	१९।१५	१९।२५	१९।११	१९।२६	१८।५८	१९।२६	१९।३२	१८।५०	१८।३६	१९।२१	१९।०२	१९।२२	१९।२२	१८।५०	१८।१७	१९।२४	१९।०१	१९।२०	१९।१३	१९।३४	१८।४३
मिथुन	२१।२२	२१।३७	२०।५१	२१।०९	२१।२४	२१।०७	२१।२५	२०।५५	२१।२५	२१।३०	२०।४९	२०।३५	२१।१७	२०।५९	२१।२०	२१।१७	२०।४६	२०।१४	२१।२६	२१।०८	२१।१६	२१।०९	२१।३१	२०।४१
कर्क	२३।३६	२३।५१	२३।०५	२३।२५	२३।३७	२३।२२	२३।३९	२३।०९	२३।३८	२३।४४	२३।०३	२२।४९	२३।३२	२३।१४	२३।३४	२३।३२	२३।०१	२२।२९	२३।३८	२३।२१	२३।३१	२३।२४	२३।४६	२२।५५
सिंह	२५।५५	२६।०७	२५।२५	२५।४८	२५।५२	२५।४१	२५।५५	२५।२८	२५।५५	२६।०१	२५।१७	२५।०५	२५।५२	२५।३३	२५।५२	२५।५४	२५।२०	२४।४७	२५।४८	२५।३८	२५।५०	२५।४५	२६।०४	२५।१२
कन्या	२८।१०	२८।२०	२७।४०	२८।०९	२८।०२	२७।५७	२८।०६	२७।४२	२८।०७	२८।१५	२७।२७	२७।१६	२८।०८	२७।४८	२८।०६	२८।१३	२७।३६	२७।०२	२७।५१	२७।५०	२८।०६	२८।०३	२८।१९	२७।२४
तुला	३०।२५	३०।३१	२९।५५	३०।२९	३०।१०	३०।१२	३०।१७	२९।५५	३०।१८	३०।२७	२९।३५	२९।२७	३०।२४	३०।०२	३०।१९	३०।३१	२९।५०	२९।१६	२९।५३	३०।०१	३०।२१	३०।२०	३०।३३	२९।३६

शहर	झांसी	झुन्झुनू	डिब्रुगढ	तेजपुर	दरभंगा	त्रिवेंद्रम	दिल्ली	नैनिताल	पूना	प्रयाग	बीकानेर	बैंगलोर	बांसवाडा	बिलासपु.	भिवानी	मथुरा	मुम्बई	मैसूर	लखनऊ	वाराणसी	विजयवा.	श्रीनगर	हरद्वार	हैदराबाद
वृष	१९।११	१९।१९	१८।०२	१८।१२	१८।४१	१९।४३	१९।११	१९।००	१९।४१	१८।५८	१९।२७	१९।३४	१९।३१	१९।०२	१९।१५	१९।११	१९।४४	१९।३९	१८।५९	१८।५४	१९।१७	१९।१०	१९।०४	१९।२४
मिथुन	२१।०८	२१।१५	१९।५९	२०।०९	२०।३८	२१।४७	२१।०७	२०।५६	२१।४१	२०।५६	२१।२४	२१।३७	२१।२९	२१।०१	२१।११	२१।०८	२१।४५	२१।४२	२०।५६	२०।५१	२१।१८	२१।०३	२१।००	२१।२५
कर्क	२३।२३	२३।३०	२२।१३	२२।२४	२२।५२	२३।५८	२३।२२	२३।११	२३।५४	२३।१०	२३।३८	२३।४९	२३।४३	२३।१४	२३।२६	२३।२२	२३।५८	२३।५३	२३।११	२३।०५	२३।३१	२३।१९	२३।१५	२३।३८
सिंह	२५।४१	२५।५०	२४।३३	२४।४३	२५।११	२६।०५	२५।४२	२५।३२	२६।०७	२५।२८	२५।५९	२५।५८	२६।००	२५।३०	२५।४६	२५।४२	२६।११	२६।०२	२५।३०	२५।२३	२५।४२	२५।४४	२५।३७	२५।५०
कन्या	२७।५५	२८।०७	२६।४९	२६।५८	२७।२६	२८।०४	२८।००	२७।५१	२८।१५	२७।४२	२८।१६	२८।०१	२८।१२	२७।४१	२८।०४	२७।५८	२८।१९	२८।०५	२७।४६	२७।३७	२७।४८	२८।०८	२७।५६	२७।५७
तुला	३०।०८	३०।२३	२९।०५	२९।१२	२९।४०	३०।०२	३०।१६	३०।०८	३०।२२	२९।५५	३०।३२	३०।०३	३०।२३	२९।५१	३०।२१	३०।१३	३०।२६	३०।०६	३०।००	२९।५१	२९।४३	३०।३१	३०।१४	३०।०२

॥ संवत् २०८२ मध्ये तिथि-वार-नक्षत्रजन्य अमृतादि योगाः ॥ (स्टै. घंटा-मिनट)

अमृतसिद्धि योग

१६। ४	बुधानुराधा	६।०८ से २९।४०
२१। ४	सोमश्रवण	१२।३७ से ३०।०२
१४। ५	बुधानुराधा	५।४५ से ११।४३
१९। ५	सोमश्रवण	५।४३ से १९।३०
२३। ५	शुक्ररेवति	१६।०३ से २९।४१
२०। ६	शुक्ररेवति	५।३९ से २१।४६
२४। ७	गुरुपुष्यामृत	१६।४२ से २९।५३
१६। ८	शनिरोहिणी	२८।३६ से ३०।०५
२१। ८	गुरुपुष्यामृत	६।०७ से २४।०६
१३। ९	शनिरोहिणी	१०।०९ से ३०।१९
१८। ९	गुरुपुष्यामृत	६।२० से ६।२८
७।१०	भौमाऽश्विनि	२५।२८ से ३०।३०
११।१०	शनिरोहिणी	६।३२ से १५।१८
१९।१०	रविहस्त	१७।५१ से ३०।३७
४।११	भौमाऽश्विनि	१२।३५ से ३०।४८
१६।११	रविहस्त	८।५६ से २६।११
२।१२	भौमाऽश्विनि	७।०९ से २०।५२
१४।१२	रविहस्त	७।१७ से ८।१६
१७।१२	बुधानुराधा	१७।११ से ३१।११
२२।१२	सोमश्रवण	२९।२९ से ३१।२२
सन	२०२६	
१४। १	बुधानुराधा	७।२७ से २७।०४
१९। १	सोमश्रवण	११।४९ से ३१।२६
११। २	बुधानुराधा	७।१५ से १०।५२
१६। २	सोमश्रवण	७।११ से २०।४४
२०। २	शुक्ररेवति	२०।०८ से ३१।०६

सर्वार्थसिद्धि योग

३०। ३	१६।३३ से ३०।२५
१। ४	११।०८ से ....
२। ४	.... ३०।२२
४। ४	२९।१६ से ३०।२०
६। ४	६।१९ से ....
७। ४	.... ६।२२
८। ४	६।१७ से ७।५४
१६। ४	६।०८ से २९।४०
२०। ४	११।४९ से ३०।०३
२१। ४	१२।३७ से ३०।०२
२७। ४	५।५८ से २४।३९
२९। ४	५।५६ से १८।४७
३०। ४	५।५५ से २९।५४
२। ५	१३।०२ से २९।५३
४। ५	५।५२ से १२।५१
१०। ५	२७।१४ से २९।४७
१४। ५	५।४५ से ११।४३
१८। ५	५।४३ से १८।५३
१९। ५	५।४३ से १९।३०
२३। ५	१६।०३ से २९।४१
२५। ५	५।४० से ११।१४
२६। ५	२९।३४ से २९।४०
२८। ५	५।३९ से २४।३०
२९। ५	२२।३९ से ....
३०। ५	.... २९।२९
४। ६	२७।३५ से २९।३८
७। ६	९।४० से २९।३८
९। ६	१५।२९ से २९।३८
१४। ६	२४।२१ से २९।३८
१९। ६	२३।१८ से ....
२०। ६	.... २९।३९
२३। ६	१५।१८ से २९।४०
२५। ६	५।४० से १०।४१
२६। ६	८।४६ से ....
२७। ६	.... ७।२२
२। ७	११।०३ से २९।४३
५। ७	५।४३ से १९।५०
७। ७	५।४४ से २५।११
१२। ७	६।३३ से २९।४७
१५। ७	२९।४७ से २९।४८
१७। ७	५।४९ से ....
१८। ७	.... २६।१४
२१। ७	५।५१ से २९।५२
२४। ७	५।५३ से २९।५३
३०। ७	५।५६ से २९।४६
४। ८	५।५९ से ९।१२
८। ८	१४।२३ से ....
९। ८	.... १४।१८
१२। ८	११।५० से ३०।०३
१४। ८	६।०४ से ....
१५। ८	.... ७।३६
१६। ८	२८।३६ से ३०।०५
१८। ८	६।०६ से २६।०१
२१। ८	६।०७ से २४।०६
२७। ८	२६।०४ से ३०।०९
५। ९	६।१४ से २३।३४
९। ९	६।१६ से १८।०५
११। ९	६।१७ से १३।५७
१३। ९	१०।०९ से ३०।१९
१५। ९	६।१९ से ७।२७
१८। ९	६।२० से ६।२८
२१। ९	९।३३ से ३०।२२
२६। ९	२२।०३ से ३०।२५
२८। ९	२७।५३ से ३०।२६
३।१०	६।२८ से ९।३२
५।१०	३०।१३ से ३०।२९
७।१०	२५।२८ से ३०।३०
११।१०	६।३२ से १५।१८
१९।१०	६।३६ से ३०।३७
२३।१०	२८।४६ से ....
२४।१०	.... ३०।४०
२६।१०	१०।४३ से ३०।४२
२।११	१७।०२ से ३०।४६
४।११	१२।३५ से ३०।४८
५।११	३०।३६ से ३०।४९
१०।११	१८।४७ से ३०।५२
११।११	१८।१६ से ३०।५३
१६।११	६।५६ से २६।११
२०।११	१०।५७ से ....
२१।११	.... १३।५३
२३।११	७।०२ से १९।२५
३०।११	७।०७ से २५।१०
२।१२	७।०९ से २०।५२
३।१२	१८।०१ से ३१।१०
७।१२	२८।१३ से ....
८।१२	.... २६।५३
९।१२	७।१४ से २६।२३
१४।१२	७।१७ से ८।१६
१७।१२	१७।११ से ....
१८।१२	.... २०।०६
२१।१२	२७।३३ से ३१।२१
२२।१२	२९।२९ से ३१।२२
२८।१२	७।२४ से ८।४४
३०।१२	२७।५८ से ....
३१।१२	.... ३१।२५
सन	२०२६
४। १	१५।११ से ....
५। १	.... १३।२५
६। १	७।२६ से १२।१९
१४। १	७।२७ से २७।०४
१८। १	१०।१२ से ३१।२६
१९। १	११।४९ से ३१।२६
२५। १	१३।३८ से ३१।२४
२७। १	११।०९ से ....
२८। १	.... ३१।२३
३०। १	२७।२५ से ३१।२२
१। २	७।२१ से २३।५७
७। २	२६।२२ से ३१।१७
११। २	७।१५ से १०।५२
१५। २	७।१२ से ११।४६
१६। २	७।११ से २०।४४
२०। २	२०।०८ से ३१।०६
२२। २	७।०६ से १०।५७
२४। २	७।०४ से १५।०७
२५। २	७।०३ से ३१।०२
२७। २	१०।४६ से ३१।००
१। ३	६।५९ से ८।३३
७। ३	११।०९ से ३०।५१
९। ३	१६।०५ से ३०।४९
१४। ३	२८।४९ से ३०।४४
१९। ३	२८।०३ से ....
२६।१०	१०।४३ से ३०।४२
५।११	३०।३६ से ३०।४९
१४।११	६।५५ से २१।२०
२३।११	७।०२ से १९।२५
३।१२	१८।०१ से ३१।१०
२२।१२	२९।२९ से ३१।२२
३१।१२	७।२५ से २५।२९
सन	२०२६
१९। १	११।४९ से ३१।२६
२८। १	७।२३ से ९।२६
७। २	२६।२२ से ३१।१७
१६। २	७।११ से २०।४४
७। ३	११।०९ से ३०।५१
२२। ६	१७।४० से [illegible]
१। ७	१०।१९ से [illegible]
६। ७	२१।१७ से [illegible]
१२। ७	५।४७ से [illegible]
१९। ८	२५।०२ से [illegible]
२४। ८	२६।०४ से [illegible]
३०। ८	६।१२ से [illegible]
१३। ९	७।२३ से [illegible]
२८।१०	१५।४४ से [illegible]
२।११	७।३० से [illegible]
१६।१२	१४।०९ से [illegible]
२१।१२	२७।३३ से [illegible]
२७।१२	७।२४ से [illegible]
३०।१२	२९।०२ से [illegible]
सन	२०२६
४। १	१२।३२ से [illegible]
८। २	२८।५७ से [illegible]
२४। २	७।०४ से [illegible]
२८। २	७।०० से [illegible]

सिद्धि योग

२। ४	६।२३ से ८।४८
२१। ४	१२।३७ से ३०।०२
१०। ५	२७।१४ से २९।४७
१९। ५	५।४३ से १९।३०
२१। ५	२२।३९ से २९।३९
७। ६	९।४० से २९।३८
२६। ६	८।४६ से २९।४०
५। ७	५।४३ से १९।५०
१५। ७	२९।४७ से २९।४८
२४। ७	५।५३ से १६।४२
१२। ८	११।५० से ३०।०३
९। ९	६।१६ से १८।०५
२८। ९	२७।५३ से ३०।२६
१७।१०	१३।५७ से ३०।३६

द्विपुष्कर योग

२०। ५	५।४२ से ५।५६
२७। ५	२९।०७ से २९।३९
७। ६	५।३८ से ९।४०
२२। ७	५।५२ से ७।०५
१०। ८	१२।०६ से १३।४८
२३। ९	१३।३७ से २८।४८
४।१०	६।२८ से ९।०६
१६।११	२६।११ से २८।५०
६।१२	७।१२ से ८।५०
सन	२०२६
२०। १	१३।०४ से २६।४३
१५। ३	२९।५३ से ३०।४३

त्रिपुष्कर योग

१५। ४	६।०९ से १०।५२
२०। ४	११।४९ से १९।०६
२१। ४	५।५६ से १७।३५
३। ५	७।५३ से १२।३१
१७। ६	२५।०२ से २९।३८

रवि योग

१। ४	११।०६ से [illegible]
२। ४	.... [illegible]
३। ४	७।०० से [illegible]
५। ४	२९।२८ से [illegible]
६। ४	दिनरात
७। ४	दिनरात
८। ४	.... [illegible]
१०। ४	१२।२६ से [illegible]
११। ४	.... [illegible]
१९। ४	१०।२१ से [illegible]
२०। ४	.... [illegible]
३०। ४	१६।१७ से [illegible]
१। ५	.... [illegible]

॥ संवत् २०८२ मध्ये रवियोगः ॥ (स्टै. घंटा-मिनट)

२। ५	१३।०२ से	१६। ७	...... २८।५२	३।१०	...... ९।३२	सन	२०२६
३। ५	...... १२।३१	२७। ७	१६।२२ से	५।१०	७।५८ से ३०।१३	१। १	२२।४७ से ......
५। ५	१४।०० से	२८। ७	...... १७।३२	१२।१०	१३।३४ से	२। १	...... २०।०२
६। ५	दिनरात	२९। ७	१९।२२ से	१३।१०	...... १२।२३	८। १	१२।२३ से ......
७। ५	...... १८।१८	३०। ७	...... २१।४६	२३।१०	२८।४६ से ३०।३१	९। १	...... १३।३८
९। ५	२४।०९ से	१। ८	२७।३६ से	२५।१०	७।४७ से	२१। १	१३।५६ से ......
१०। ५	...... २७।१४	२। ८	...... २७।५०	२६।१०	...... १०।४३	२२। १	...... १४।२६
११। ५	१२।३३ से	३। ८	६।३३ से	२७।१०	१३।२६ से	२३। १	१४।३४ से ......
१२। ५	...... ६।१४	४। ८	दिनरात	२८।१०	...... १५।४४	२४। १	...... १०।२०
१८। ५	१८।५३ से	५। ८	...... ११।२३	३०।१०	१८।३२ से	२४। १	१४।१८ से ......
१९। ५	...... १९।३०	७। ८	१३।५८ से	३१।१०	दिनरात	२५। १	...... १३।३८
२९। ५	२२।३९ से	८। ८	...... १४।२३	१।११	...... १८।१८	२७। १	११।०९ से ......
३०। ५	...... २१।२९	१४। ८	९।०६ से	३।११	१५।०५ से	२८। १	दिनरात
३१। ५	२१।०६ से	१५। ८	...... ७।३६	४।११	...... १२।३५	२९। १	...... ७।३०
१। ६	...... २१।३५	२५। ८	२७।४६ से	१०।११	१८।४७ से	३०। १	२७।२५ से ......
३। ६	२४।५७ से	२६। ८	...... २९।५८	११।११	...... १८।१६	३१। १	...... २५।३२
४। ६	दिनरात	२८। ८	८।३५ से	२३।११	१९।२५ से	७। २	२६।२२ से ......
५। ६	दिनरात	२९। ८	...... ११।३१	२४।११	...... २१।५१	८। २	...... २८।५७
६। ६	...... ६।३४	१। ९	१९।५५ से	२५।११	२३।५६ से	२०। २	२०।०८ से ......
९। ६	१५।२९ से	२। ९	दिनरात	२६।११	...... २५।३१	२१। २	...... १९।०९
१०। ६	...... १७।५९	३। ९	...... २३।०७	२८।११	२६।४८ से	२२। २	१७।५७ से ......
१६। ६	२५।१४ से	५। ९	२३।३४ से	२९।११	दिनरात	२३। २	...... १६।३५
१७। ६	...... २५।०२	६। ९	...... २२।५०	३०।११	...... २५।१०	२५। २	१३।३७ से ......
२८। ६	६।३५ से	१२। ९	११।५८ से	२।१२	२०।५२ से २४।५४	२६। २	दिनरात
२९। ६	...... ६।३३	१३। ९	...... १०।०९	३।१२	१८।०१ से	२७। २	...... १०।४६
३०। ६	७।१९ से	१३। ९	१५।३० से	४।१२	...... १४।५५	१। ३	८।३३ से ......
१। ७	...... ८।५०	१४। ९	...... ८।३८	९।१२	२६।२३ से	२। ३	...... ७।५१
३। ७	१३।४६ से	२४। ९	१६।११ से	१०।१२	...... २६।४४	९। ३	१६।०५ से ......
४। ७	दिनरात	२५। ९	...... १९।०२	२२।१२	२९।२९ से	१०। ३	...... १९।०२
५। ७	...... १९।५०	२६। ९	२२।०३ से	२३।१२	...... ३१।०५		
५। ७	२९।२३ से	२७। ९	...... ६।५७	२५।१२	८।१७ से		
६। ७	...... २२।४२	२७। ९	२५।०४ से	२६।१२	...... ९।००		
८। ७	२७।१४ से	२८। ९	...... २७।५३	२८।१२	८।४४ से ३०।०७		
९। ७	...... २८।४७	१।१०	८।०६ से	२९।१२	७।४१ से		
५। ७	२९।४७ से	२।१०	दिनरात	३०।१२	...... २७।५८		

मुख्य व्रतोत्सव तालिका का शेष ...

पोषमास जनवरी २०२६		गणतन्त्र दिवस	२६	श्रीश्यामबाबा जागरण	२७
शाकंभरी जयंती	३	भीष्माष्टमी	२६	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	२८
माघ स्नानारंभ	३	जया एका.	२९	श्रीखाटूश्यामजी मेला	२८
माघमास जनवरी		श्रीश्यामबाबा जागरण	२९	प्रदोष व्रत मार्च	१
तिलकुटी चतुर्थीव्रत	६	भीष्मद्वादशी	२९	जेलपोणी भद्रा के पहिले	२
सौभाग्य सुन्दरी व्रत	६	श्रीश्यामबाबा द्वादशी	३०	होलिका दहन भद्रापुच्छ	
स्वामीविवेकानन्द ज.	१०	प्रदोष व्रत	३०	(भद्रा २५।२३ के बाद)	२
मकर सक्रांति	१४	पूर्णिमा व्रत फर.	१	ग्रस्तोदयखग्रासचन्द्रग्रहण	३
पुण्यकाल	१४	माघ स्नान पूर्ति	१	पूर्णिमा व्रत	३
षटतिला एका.	१४	फाल्गुनमास फरवरी		छारेंडी	३
प्रदोष व्रत	१६	तारा शुद्ध (शुक्रउदय)	४	चैत्रमास मार्च	
मौनी अमा.	१८	चतुर्थीव्रत	५	वसन्त प्रतिपदा	४
अमावस्या	१८	विजया एका.	१३	चतुर्थीव्रत	६
श्री वल्लभ जयंती	१९	प्रदोष व्रत	१४	शीतलापूजन(बास्योड़ा)	११
नेताजी जयन्ती	२३	महा शिवरात्री व्रत	१५	पापमोचनी एका.	१५
वसन्त पंचमी	२३	अमावस्या	१७	प्रदोष व्रत	१६
पुत्र सप्तमी	२५	फुलरिया दूज	१९	अमावस्या पितृकार्य	१८
सूर्य सप्तमी	२५	होलाष्टक प्रारम्भ	२४	अमावस्या देवकार्य	१९
अचला सप्तमी	२५	बिड़कुला-ढाल थापणा भद्रा		नया संवत आरम्भ	१९
भानु ७	२५	के पहिले	२७	नवरात्र आरम्भ	१९
विजया सप्तमी	२५	आमलकी एका.	२७	गुडीपडवा (महाराष्ट्र)	१९

पं. श्री वल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग जिन ग्रंथों से बनता है उन ग्रंथों के नाम-

१. श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः
२. केतकी ग्रहगणितम्
३. वैजयन्ती पञ्चाङ्गगणितम्
४. ज्योतिर्गणितम्
५. मराठी ग्रहगणितम्
६. भारतीय भूमण्डल सूर्यग्रहणगणितम्
७. मराठी ग्रहगणितमालिका
८. बृहद् दैवज्ञ विनोद
९. सांवत्सरी पद्धति
१०. निर्णय सिन्धु
११. धर्मसिन्धु
१२. सूर्य सिद्धान्त
१३. सिद्धान्त शिरोमणि
१४. मुहूर्त चिन्तामणि
१५. मुहूर्त मार्तण्ड
१६. बृहद् दैवज्ञ रंजन
१७. उपलब्ध पुराण
१८. पीयूषधारा
१९. वर्षप्रबोध
२०. वाराहमिहिर संहिता
२१. ग्रहलाघव

उक्त (क्रमाङ्क ८ से २१) ग्रंथों के प्रकाशक - खेमराज श्री कृष्णदास, मुम्बई, कल्याण, पूणे है। प्राप्तिस्थल - कल्याण के दूरध्वनि- ०२५१- २२०१०८१ है विशेष पं. श्री वल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग के अन्तिम पृष्ठों में देखें, प्राप्तिस्थल का दूरध्वनि क्रमाङ्क सहित सम्पूर्ण ठिकाना लिखा है।

क्रमाङ्क २ से ७ के रचयिता-
मानद् वेंकटेशबापू केतकर है।

उक्त ग्रंथों के प्रकाशक- महाराष्ट्र सरकार है, और प्राप्तिस्थल-
१. संचालक, शासन मुद्रण, लेखन सामग्री व प्रकाशन संचनालय, नेताजी सुभाष मार्ग,मुम्बई. (चर्नीरोड), ४०० ००४, दूरध्वनी- ०२२- २३६३२६९३, २३६३०६९५, २३६३११४८, २३६३४०४९
२. सचिव महाराष्ट्र राज्य साहित्य आणि संस्कृति मंडल, मुंबई. मराठीग्रंथ संग्रहालय इमारत, ३रा मजला १०२, मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय मार्ग, दादर मुंबई. ४०० ०१४
दूरध्वनी- ०२२ २४१४४०२१, २४१४६००५
३. व्यवस्थापक- शासकीय फोटोझिंको मुद्रणालय व ग्रंथागार, फोटोझिंको मुद्रणालय, आवार जी. पी. ओ. नजीक, पुणे ४११ ००१, दूरध्वनी ०२०- २६२४१५९, २६१२५८०८

नम्र निवेदन- आपका सहयोग ही परिश्रम की सफलता है। श्री श्री १००८ सन्त भातारामजी महाराज जो "बाबा श्री रामेश्वरदास धाम" के वर्तमान पदासीन और सभी सेवकों को हृदय से सादर प्रणाम करता हूँ। जिन वयोवृद्ध विद्वानों और दैवज्ञों ने पत्रों द्वारा आशीर्वाद भेजे हैं उनको मैं शिरोधार्य करते हुए दण्डवत् प्रणाम करता हूँ। भवदीय - वरदभावाकांक्षी - गणितकर्ता

॥ काल समीकरण ॥

काल यानि समय की परिवर्तन क्रिया को काल समीकरण कहते है। इसमें गणित की प्रधानता है। प्रत्येक कार्य मे गणित की आवश्यकता होती है। आज विश्व मे ज्योतिष हो या साईंस हो या वास्तु सभी गणित पर निर्भर करते है और यह गणित अनेक प्रकार का है। लेकिन यहाँ ज्योतिष के उसी गणित की चर्चा होगी जो कि प्रत्येक व्यक्ति के उपयोग मे आता है। ज्योतिष मे समय की परिवर्तन क्रिया करने के लिए मुख्य रूप से तीन तरह का गणित उपयोगी होता है।

(१) स्टैण्डर्ड समय से स्थानिक समय (२) स्थानिक समय से स्टैण्डर्ड समय
(३) स्थानिक स्पष्टग्रह से अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्पष्टग्रह (नोट- अग्रिम पृष्ठ पर देखें)

(१) स्टैण्डर्ड समय से स्थानिक समय बनाना हो तो रेल्वे अन्तर का चिन्ह ऋण धन जो है वो ज्यों का त्यों संस्कार होगा और वेलान्तर का चिन्ह ऋण-धन जो है उससे विलोम (धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन) संस्कार करने पर स्पष्ट स्थानिक समय प्राप्त होगा। जैसे - रेल्वे अन्तर का चिन्ह ऋण है और वेलान्तर का भी ऋण है तो संस्कार करने के लिए रेल्वे अन्तर का चिन्ह ज्यों का त्यों ऋण रहेगा और वेलान्तर का चिन्ह ऋण से विलोम धन हो जायेगा।

(२) स्थानिक समय से स्टैण्डर्ड समय बनाना हो तो रेल्वे अन्तर का चिन्ह ऋण-धन जो है उससे विलोम (धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन) संस्कार होगा और वेलान्तर का चिन्ह ऋण-धन जो है वो ज्यों का त्यों संस्कार करने पर स्पष्ट स्टैण्डर्ड समय प्राप्त होगा। जैसे - रेल्वे अन्तर का चिन्ह ऋण है और वेलान्तर का भी ऋण है तो संस्कार करने के लिए रेल्वे अन्तर का चिन्ह ऋण से विलोम धन हो जायेगा और वेलान्तर का चिन्ह ज्यों का त्यों ऋण रहेगा।

स्टैण्डर्ड समय क्या है। - भारत अथवा संसार के नक्शे (अटलस) में देखा होगा कि आडी और खड़ी रेखाएँ रहती है, जो आडी (पूर्व-पश्चिम) रेखाएँ होती है वे अक्षांश कहलाते है और जो ऊर्ध्वाधर (उत्तर-दक्षिण) खड़ी रेखाएँ होती है वे रेखांश कहलाते है। ग्रीन्वीच मे रेखांश ० डिग्री (अंश) है अतः ग्रीन्वीच से पूर्व दिशा मे जो रेखांश है वे पूर्वी रेखांश कहलाते है और ग्रीन्वीच से जो पश्चिम दिशा मे रेखांश है वे पश्चिमी रेखांश कहलाते है। इसीलिए अटलस या पंचांगों में पूर्वी रेखांश- पश्चिमी रेखांश लिखा हुआ रहता है। पूर्वी रेखांश सदैव धनात्मक होते है और पश्चिमी रेखांश सदैव ऋणात्मक होते है। एक रेखांश से दूसरे रेखांश का अन्तरकालमान (दूरी) ४ (चार) मिनट होता है। ग्रीन्वीच को केन्द्रबिंदु मानकर (मध्यरात्री के १२।०० बजे से) संसार के सभी देशों मे घड़ियों की व्यवस्था की गई है। किसी भी देश के मध्य मे स्थित रेखांशो को आधार मानकर घडी का समय निर्धारित किया है। जैसे भारत ग्रीन्वीच से पूर्वदिशा में है तो ८२।३० (साढे बियासी) पूर्वी रेखांशो पर घडियों का समय आधारित है यानि कि ग्रीन्वीच से भारत का ५ घंटा ३० मिनिट का धनात्मक अंतर (८२।३० रेखांशः X ४ मिनिट = ३३० मिनिट = घंटा ५ मिनिट ३०) है। ग्रीन्वीच की घडी से भारत की घडी ५ घंटा ३० मि. आगे (धनात्मक) रहती है, जैसे ग्रीन्वीच की घडी में मध्यरात्री १२।०० बजते है तो भारत की घडी में प्रातः ५।३० बजते है इसी तरह सब जानकारी करनी चाहिए। भारत की घडियों के इसी समय का नाम "स्टैण्डर्ड समय" है जो कि भारत मे समान रुप से है। स्टैण्डर्ड समय को ही रेल्वे समय कहते है। अंग्रेजी मे इसे इंडियन स्टैण्डर्ड टाइम (I. S. T.) कहते है। सारांश यह है कि स्टैण्डर्ड समय और रेल्वे समय एक ही है, मात्र नाम का भेद है। हमारी घडियों मे जो टाइम चलता है वही स्टैण्डर्ड समय कहलाता है और रेल्वे स्टेशनों पर जो घडियाँ रहती है जिनके आधार पर हमारी रेल गाड़ियाँ चलती है वह रेल्वे समय कहलाता है। स्थानिक काल निकालने के लिए रेल्वे (स्टै.) समय परिवर्तन क्रिया आवश्यक है जिसे रेल्वेऽन्तर (रेखांतर) क्रिया कहते है।

रेल्वे अन्तर (रेखान्तर(मिनट)) = (अभीष्ट स्थल रेखांश – ८२.५ रेखांश) × ४
अभीष्ट स्थल के रेखांश ८२.५ (साढे बियासी) रेखांश से ज्यादा हो तो रेल्वे अन्तर (रेखान्तर (मिनट)) संस्कार का चिन्ह सदैव ही धनात्मक होता है और रेखांश कम हो तो चिन्ह सदैव ऋणात्मक होता है। वेलान्तर संस्कार पञ्चाङ्ग मे चिन्ह सहित लिखा रहता है।

देशान्तर (मिनट) = (अभीष्ट स्थल रेखांश – पञ्चाङ्ग स्थल रेखांश) × ४
अभीष्ट स्थल के रेखांश जिस स्थल का पञ्चाङ्ग हो उस रेखांश से ज्यादा हो तो देशान्तर संस्कार का चिन्ह सदैव ही धनात्मक होता है और रेखांश कम हो तो चिन्ह सदैव ही ऋणात्मक होता है।

चरान्तर संस्कार: अक्षांश और क्रांति को उपकरण मानकर चरपल संस्कार सारणी से प्राप्त कर सकते है। चरान्तर संस्कार का चिन्ह क्रांति की तरह ऋण धन होता है।

ऋण-धन के योग (जोड) और गुणाकार के चिन्हों का सूत्र

धन + धन का योग धन होता है	धन X धन का गुणाकार धन होता है
ऋण + ऋण का योग ऋण होता है	धन X ऋण का गुणाकार ऋण होता है
गुरुधन + लघुऋण का योग धन होता है	ऋण X ऋण का गुणाकार धन होता है
गुरुऋण + लघुधन का योग ऋण होता है	ऋण X धन का गुणाकार ऋण होता है

॥ चन्द्रोदय-चंद्रास्त गणित की सरलविधि ॥

चन्द्रमा की शीघ्र गति होने के कारण चन्द्रगणित बहुत ही कष्टप्रद है। यह बात सन १९९१ की है मैं दशवर्षीय (संवत् २०५१ से २०६० तक) के लिए गणित कर रहा था गणितान्तर्गत ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण में और चन्द्रोदय मे २ मिनट का अन्तर आरहा था तो मुझे शंका हो गई, उस शंका समाधान के लिए महाराष्ट्र गुजरात के अनेक पञ्चाङ्गकर्ताविद्वानों से टेलिफोन पर सम्पर्क किया लेकिन उनका जवाब था क्रमशः (१) आप अपना गणित भेज दीजिए, बाद में हम देखें क्या करना है। (२) हम तो गणितकर्ता का नाम सिर्फ लिखते है लेकिन गणित तो किसी दूसरे से लेते है। (३) अपनी विद्या कोई किसी को देता है क्या। (४) हमारे पास दो वर्ष का ही गणित है आगे का नहीं, ... आदि।

विद्वानों के ऐसे भाव और भाषा सुनकर हृदय को आघात पहुँचा और उन दिनों की याद आ गई जब मुम्बई में अंधेरी रेल्वे स्टेशन के पश्चिम में बीइएसटी के स्थानक पर बस क्रमांक ४ की प्रतीक्षारत पंक्ति में खडे एक अद्वतीय व्यक्ति जिनके चरणो मे राजस्थान में निर्मित पादत्राण –

श्वेत्वर्णवाला अधोवस्त्र मंदपवन के प्रसारण से मंदमंद लहरा रहा था, श्वेत्वर्णवाला ही उपवस्त्र मानो कि मिट्टी-धूल से रक्षा करने मे सक्षम हो, श्वेत्वर्णवाले राजपुत्रदेशीयवस्त्रमाल (साफा) से आवेष्टित कर्णपुट जो उनकी विद्वत्ता की गहराई का संकेत करता हो, वामस्कंध पर विराजमान रक्तवर्ण वाला उत्तरीयवस्त्र जो उक्त संकेत की पुष्टि कर रहा हो ऐसे अपरिचित महापुरुष को पंक्ति में खडे देख कर अन्तरात्मा ने प्रेरणा की कि ये सुविख्यात पञ्चाङ्गगणितकर्ता पण्डित ईश्वरदत्तजी शर्मा होने चाहिएं । पुष्टि के लिए निकट जाकर अभिप्रणामोपरान्त मैने पूछा पण्डितजी आपका नाम क्या है ! उन्होने कहा **"माया मनै तो ईश्वरदत्त कव है"** । यह सुनकर मेरी बाह्याभ्यन्तर जो स्थिति हुई वह कल्पना के परे है । हृदय प्रफुल्लित हो उठा । मैने कहा - मैं पञ्चाङ्गगणित सीखना चाहता हूँ आप पढा देंगे । उन्होने कहा **"मै तो चाहता हूँ कि कोई भी विद्यार्थी मेरे से इस विद्या को ग्रहण करे"** उनके अमृत तुल्य वचनों की याद आ गई और मैं फूट फूट कर रो पडा, शंका रुपी भंवर से उबारने वाले परम पूज्य गुरुजी का स्वर्गवास हो चुका था । धन्य है वे लोग जो अपना सम्पूर्ण जीवन परोपकार में लगाकर अमर हो गये । महाराष्ट्र में जन्म हुए श्रीमन्त **'वेंकटेशबापू केतकर'** द्वारा रचित **'ज्योतिर्गणित'** का यह श्लोक अहर्निश याद रहता है - "अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादास्तेषु केवलम् । प्रत्यक्षम् ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ" । ऐसे महापुरुषों को सर्वदा हृदय से प्रणाम करता हूँ ।

अत: मैं चिरकाल से प्रयत्नरत था कि थोडे से परिश्रम से किसी भी स्थल का चन्द्रोदय ज्ञात किया जा सके, अत: जनसाधारण उपयोग हेतु चन्द्रोदय जानने की सरल विधि प्रस्तुत है । जब किसी नगर अथवा गाँव का चन्द्रोदय ज्ञात करना हो तो वल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग मे दिये हुए दैनिक स्पष्ट चन्द्रोदय के साथ ही चन्द्रक्रान्ति और मध्यम चन्द्रोदय भी दिया हुआ है । मध्यम चन्द्रोदय में मात्र दो (चरान्तर और रेल्वेन्तर) संस्कार करने से स्पष्ट **चन्द्रोदय/चंद्रास्त** ज्ञात किया जा सकता है ।

(१) चन्द्रक्रान्ति और अक्षांश की सहायता से चरपल संस्कार सारणी से चरपल प्राप्त करें, चरपल मे ढाई का भाग देकर मिनट सेकण्ड बनायें इस संख्या को मध्यम चन्द्रोदय में धन या ऋण चन्द्रक्रान्ति से विलोम (चन्द्रक्रान्ति धन हो तो ऋण और चन्द्रक्रान्ति ऋण होतो धन) करें । इसे चरान्तर संस्कार कहते हैं (ये कभी द्विगुण नहीं होता मात्र दिनमान बनाने के लिए ही द्विगुण किया जाता है) । (२) दूसरा रेल्वेन्तर (रेखान्तर) सूत्र में बताये अनुसार (पञ्चाङ्ग में भी लिखा रहता है) प्राप्त कर विलोम संस्कार करने से अभीष्ट स्थल का (सूक्ष्मासन्न) स्पष्ट चन्द्रोदय होगा ।

इस गणितागत चन्द्रोदय में गति संस्कार धनर्ण करने से सूक्ष्म चन्द्रोदय होगा । प्रति १ घंटा की गति २ मिनट है । पञ्चाङ्ग में दिये हुए रामगढ (शेखावाटी) के चन्द्रोदय और अभीष्ट स्थल के गणितागत चन्द्रोदय मे जितना घंटा-मिनट का अंतर हो उसी हिसाब से गति संस्कार प्राप्त करें । पञ्चाङ्गस्थ चन्द्रोदय से अभीष्ट स्थल का चन्द्रोदय कम हो तो गति संस्कार ऋण और ज्यादा हो तो गति संस्कार धन करने से सूक्ष्म स्पष्ट चन्द्रोदय होगा । चंद्रास्त गणित भी ऐसे ही होगा । सरलता के लिए यहाँ चन्द्रोदय का एक उदाहरण भी दिया है । **नोट-** पञ्चाङ्गस्थ चन्द्रोदय में जिस तारीख के सामने . . . यह चिन्ह हो वहाँ अगले दिन सूर्योदय के बाद चंद्रोदय होगा ऐसा समझें ।

सूत्र: स्पष्ट चन्द्रोदय = मध्यम चन्द्रोदय + (चरान्तर + रेल्वेन्तर) + गतिसंस्कार

गणितकर्ता - पं. प्यारसीलाल शर्मा (शास्त्री)

॥ कृष्णा चतुर्थी (संकष्टी) चन्द्रोदय उदाहरण, संवत् २०८२ ॥

ता. १६ अप्रेल २०२५ को कोल्काता (बंगा.) अक्षांशः २२° ३४' उ., रेखांशः ८८° २८' पू. का स्पष्ट चन्द्रोदय गणित द्वारा ज्ञात करना है । पञ्चाङ्ग में रामगढ (शेखा.) का स्पष्ट चन्द्रोदय २२ बजकर ०७ मिनट, चन्द्रक्रान्ति (ऋण) -२६ अंश १५ कला, मध्यम चन्द्रोदय २० बजकर ३६ मिनट ३६ से. है । यहाँ चन्द्रक्रान्ति और अक्षांश की सहायता से चरपल संस्कार सारणी से (ऋण) -११७ पल २९ वि. प्राप्त हुई, ढाई का भाग देने पर चरान्तर संस्कार (ऋण) -४६ मिनट ५९ से. हुए ।

कोल्काता (बंगा.) का रेखांश ८२।३० से ज्यादा है अत: ((८८।२८ - ८२।३०) x ४) रेल्वेन्तर (धन) +२३ मिनट ५२ से. है । चरान्तर (ऋण) -४६ मिनट ५९ से. और रेल्वेन्तर (धन) +२३ मिनट ५२ से. (चरान्तर + रेल्वेन्तर) ये ऋण -२३ मिनट ०७ से. का संस्कार मध्यम चन्द्रोदय २० बजकर ३६ मिनट ३६ से. में विलोम (धन) किया तो सूक्ष्मासन्न स्पष्ट चन्द्रोदय २० बजकर ५९ मिनट ४३ से. (अर्धादिकरुप से २१।००) हुआ । **नोट-** भारत के किसी भी स्थल का सूक्ष्मासन्न चन्द्रोदय और सूक्ष्म चन्द्रोदय में ५ मिनट से न्यूनाधिक अन्तर नहीं होगा ।

सूक्ष्मता के लिए इस गणितागत सूक्ष्मासन्न चन्द्रोदय में गति संस्कार

प्रति १ घंटा की गति २ मिनट है । पञ्चाङ्ग में दिये हुए रामगढ (शेखा.) के चन्द्रोदय २२।०७ और कोल्काता (बंगा.) के गणितागत चन्द्रोदय २१।०० में (पञ्चाङ्गस्थ चन्द्रोदय से अभीष्ट स्थल का चन्द्रोदय कम होने से) ऋणात्मक १ घं. ०७ मिनट का अंतर है तो गति संस्कार (ऋण) -०२ मिनट १५ से. प्राप्त हुआ । गणितागत चन्द्रोदय २० बजकर ५९ मिनट ४३ से. में गति संस्कार (ऋण) -०२ मिनट १५ से. किया तो सूक्ष्म स्पष्ट चन्द्रोदय २० बजकर ५७ मिनट २८ से. (अर्धादिकरुप से २०।५७) हुआ । **नोट-** सूक्ष्म चन्द्रोदय में १ मिनट का न्यूनाधिक अन्तर कहीं कहीं आ सकता है उससे अधिक अन्तर नहीं होगा । देखें **'विभिन्न नगरों के गुरु - शुक्रोदयास्त और कृष्णा चतुर्थी का चंद्रोदय:'** पृष्ठ में २०।५७ है । इसी विधि से भारत के किसी भी स्थल का **स्पष्ट चन्द्रोदय और चंद्रास्त** ज्ञात कर सकते हैं । चंद्रास्त गणित में अंतर मात्र इतना है कि रामगढ के चन्द्रोदय के स्थान परं चंद्रास्त, मध्यम चन्द्रोदय के स्थान पर मध्यम चंद्रास्त और चन्द्रोदय क्रान्ति के स्थान पर चंद्रास्त क्रान्ति लेनी चाहिए. शेष क्रिया पूर्ववत् ।

गुरु - शुक्रोदयास्त और कृष्णा चतुर्थी का शेष .. संवत् २०८२

देखने की विधि - पृष्ठारंभ में नगरों के नाम हैं और उनके सामने शुक्र के उदयास्त की तारीख और समय है तदुपरांत गुरु का उदयास्त है तदुपरांत कृष्णाचतुर्थी के चंद्रोदय का समय है । शीर्षपंक्ति में चंद्रोदय की तारीख और महिना है यानि कि एकनगर के सामने ही तीनों (गुरु - शुक्रोदयास्त और कृष्णा चतुर्थी का चंद्रोदय) देख सकते हैं । जैसे - रामगढ शेखा. में शुक्र का पूर्व.अस्त ता. ८ दिसंबर २०२५ को रात्रिअन्त ७ बजकर १२ मि. है और पश्चि.उदय ता. ४ फरवरी २०२६ को दिन १० बजकर २८ मि. है । गुरु का पश्चि.अस्त ता. ११ जून २०२५ को रात्रि ११ बजकर ३३ मि. है और पूर्व.उदय ता. ६ जुलाई २०२५ को रात्रिअन्त ४ बजकर १८ मि. है । कृष्णा चतुर्थी का चंद्रोदय ता. १६ अप्रेल (ता.उपर की पंक्ती में लिखी है) को २२।०७ (रात्रि १० बजकर ०७ मि.) पर है । इसी क्रिया से अपने अभीष्ट नगर का देखें । - गणित कर्ता

इष्टकालीन ग्रहस्पष्ट उदाहरण १. संवत् २०८२

तारीख २६ अप्रैल २०२५ को कोलकाता (बंगा.) का स्टैं. सूर्योदय ५।११ बजे है और ग्रहस्पष्ट स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे के लिए ज्ञात करना है।

पञ्चाङ्गस्थ ग्रहस्पष्ट मे २६ अप्रैल २०२५ को सूर्योदय स्टैं. ५।५९ बजे है।

गतिगुणक- यहाँ ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने वाला अभीष्ट स्टैं. समय कम है और पञ्चाङ्गस्थ स्टैं. सूर्योदय ज्यादा है ऐसी स्थिति मे पञ्चाङ्गस्थ स्टैं. सूर्योदय ५।५९ में से स्टैण्डर्ड ५।४८ को घटाया तो ऋणात्मक घंटा-मिनटादि - ०।११ गतिगुणक प्राप्त हुआ। इसको मिनटात्मक बनाने के लिए घंटे को ६० से गुणा कर मिनट जोड़ने से मिनटात्मक गतिगुणक -११ हुआ।

सूर्य स्पष्ट राश्यादि ०।११।५१।२७ है और गति कला-विकलादि ५८।२१ है।

यहाँ सूर्य गति कला-विकलात्मक ५८।२१ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विकला जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति ३५०१ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया और गुणनफल -३८५११ मे क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।२७ प्राप्त हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।२७ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह सूर्य के राशि, अंश, कला, विकला ०।११।५१।२७ मे घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्यादि ०।११।५१।०१ स्पष्टग्रह हो गया। इसी प्रकार सभी ग्रहों को इष्टकालीन स्पष्टग्रह कर सकते है।

चंद्र स्पष्ट राश्यादि ११।१६।२३।०७ है और गति कला-विकलादि ९०५।०८ है।

यहाँ चंद्र गति कला-विकलात्मक ९०५।०८ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विकला जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति ५४३०८ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया और गुणनफल -५९७३८८ मे क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ६।५५ प्राप्त हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ६।५५ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह चंद्र के राशि, अंश, कला, विकला ११।१६।२३।०७ मे घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्यादि ११।१६।१६।१२ स्पष्टग्रह हो गया, चंद्रमा की शीघ्रगति होने से चंद्रस्पष्ट का यह साधन स्थूल है।

मंगल स्पष्ट राश्यादि ३।०९।१०।४१ है और गति कला-विकलादि २६।३५ है।

यहाँ मंगल गति कला-विकलात्मक २६।३५ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विकला जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति १५९५ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया और गुणनफल -१७५४५ मैं क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।१२ प्राप्त हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।१२ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह मंगल के राशि, अंश, कला, विकला ३।०९।१०।४१ मे घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्यादि ३।०९।१०।२९ स्पष्टग्रह हो गया।

बुध स्पष्ट राश्यादि ११।१४।५२।२९ है और गति कला-विकलादि ७०।१७ है।

यहाँ बुध गति कला-विकलात्मक ७०।१७ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विकला जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति ४२१७ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया और गुणनफल -४६३८७ मे क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।३२ प्राप्त हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।३२ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह बुध के राशि, अंश, कला, विकला ११।१४।५२।२९ मैं घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्यादि ११।१४।५१।५६ स्पष्टग्रह हो गया।

गुरु स्पष्ट राश्यादि १।२६।०५।५१ है और गति कला-विकलादि ११।४३ है।

यहाँ गुरु गति कला-विकलात्मक ११।४३ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर वि... जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति ७०३ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा कि... गुणनफल -७७३३ मे क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।०५ प्रा... । इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।०५ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह गुरु के राशि, अंश... विकला १।२६।०५।५१ मे घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे... राश्यादि १।२६।०५।४६ स्पष्टग्रह हो गया।

शुक्र स्पष्ट राश्यादि ११।०३।१३।१६ है और गति कला-विकलादि २७।१७ है।

यहाँ शुक्र गति कला-विकलात्मक २७।१७ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विक... जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति १६३७ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया ... गुणनफल -१८००७ मे क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।१३ प्रा... हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।१३ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह शुक्र के राशि, अं... कला, विकला ११।०३।१३।१६ मैं घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४... बजे का राश्यादि ११।०३।१३।०३ स्पष्टग्रह हो गया।

शनि स्पष्ट राश्यादि ११।०३।०७।२१ है और गति कला-विकलादि ६।१७ है।

यहाँ शनि गति कला-विकलात्मक ६।१७ को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विकला जो... से विकलात्मक ग्रहगति ३७७ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया और गुणनफल ४१४७ मैं क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक - ०।०३ प्राप्त हुआ। इस कला-विकलात्मक भागफल - ०।०३ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह शनि के राशि, अंश, कला, विक... ११।०३।०७।२१ में घटा दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्या... ११।०३।०७।१८ स्पष्टग्रह हो गया।

राहु स्पष्ट राश्यादि ११।०१।१०।३९ है और गति कला-विकलादि ३।११ वक्री है।

यहाँ राहु गति कला-विकलात्मक ३।११ वक्री को भी ऐसे ही कला को ६० से गुणा कर विक... जोड़ने से विकलात्मक ग्रहगति -१९१ को मिनटात्मक गतिगुणक -११ से गुणा किया औ... गुणनफल २१०१ में क्षेपक ८६४०० का भाग दिया भागफल कला-विकलात्मक + ०।०१ प्राप्त हु... । यहाँ गतिगुणक और ग्रहगति दोनों ही ऋणात्मक होने से भागफल धनात्मक प्राप्त हुआ। का... **सरलीकरण पृष्ठ देखें सूत्र लिखा है "ऋण X ऋण का गुणाकार धन होत... है"** । इस कला-विकलात्मक भागफल + ०।०१ को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह राहु के राशि, अंश, कल... विकला ११।०१।१०।३९ मैं जोड़ दिया तो यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे क... राश्यादि ११।०१।१०।४० स्पष्टग्रह हो गया।

केतु स्पष्ट करने के लिए स्पष्टराहु की राशि ११ में ६ राशि जोड़ने से अभीष्टस्थल का इष्टकाल... स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे का राश्यादि ५।०१।१०।४० स्पष्ट केतु हो गया।

नोट- राहु में ६ राशि जोड़ने से केतु स्पष्ट होता है (राहु-केतु मे परस्पर ६ राशि का ही अन्... रहता है शेष अंश-कलादि समान होते है)। इनकी २४ घंटे की सदैव ही वक्री गति कलादि ३।... रहती है।

॥ किसी भी स्थल के इष्टकालीन ग्रहस्पष्ट साधन ॥

श्रीगुरुचरणों का ध्यान कर कमलरूपी चरणों से प्राप्त ज्ञानपुंज के प्रकाश से इष्टकालीन ग्रहस्पष्ट सोदाहरण बालबोधाय प्रकाशित करने का प्रयास किया है। माँ सरस्वती से अहर्निश प्रार्थना करता हूँ कि ज्ञानपुंज के दर्शन कराने वाले श्रीगुरुचरण सर्वदा मेरे ह्रदय में निवास करें।

पञ्चाङ्ग में स्टै. सूर्योदयकालीन दैनिक निरयनग्रहस्पष्ट दिये हुए हैं और वहीं पर सूर्योदय समय भी लिख दिया है ताँकि विद्वानों को भारत में किसी भी स्थल के अभीष्टसमय के ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने में कष्ट न हो, क्योंकि स्टैंडर्ड समय सम्पूर्ण भारतवर्ष में समान रुप से ग्राह्य है। आगे अनेक स्थानों पर प्रसंगवश पुनरुक्ति हुई है यह बालबोध के लिए आवश्यक था।

पञ्चाङ्गस्थ स्थानिक स्पष्टग्रह से अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्पष्टग्रह करने के लिए गतिगुणक, ग्रहगति और राशि, अंश, कला, विकला की आवश्यकता होती है। इष्टकाल और गतिगुणक के गणित की क्रिया एक ही है। इष्टकाल निर्माण में जातक के स्टै. जन्मसमय में उसी स्थल का सूर्योदय घटाया जाता है जहाँ जातक का जन्म हुआ है और गतिगुणक निर्माण में जातक का जन्म भारत के किसी भी नगर या गांव में हो लेकिन जातक के स्टै. जन्मसमय में मात्र पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय ही घटाना चाहिए। अंतरिक्ष में ग्रहों के भ्रमण करने वाले मार्ग को भचक्र कहते है इस भचक्र में १२ राशी अथवा ३६० अंश होते है। एक राशि में ३० अंश होते है, एक अंश में ६० कला होते है, एक कला में ६० विकला होती है।

इष्टकालीन समय या अभीष्ट स्टै. समय: जातक के स्टै. जन्मसमय को इष्टकालीन या अभीष्ट स्टै. समय कहते है। आगे सूत्ररचना और उदाहरणों में सभी जगह स्टै. जन्मसमय को इष्टकालीन या अभीष्ट स्टै. समय कहा गया है कारण कि ग्रहस्पष्ट किसी भी कार्य के लिए किये जा सकते है।

इष्टकाल के बारे में पहिले ही बता चुका हूँ। यथा - **सूर्योदय कालस्यारम्भात् जातकस्य जन्मकालावधि तयोरेव 'अन्तरकाल:' इष्टकालो भवतीति।**

इष्टकाल = जन्म स्टै. समय – सूर्योदय स्टै. समय

गतिगुणक = अभीष्ट स्टै. समय – पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय

इष्टकालीन स्पष्टग्रह = (ग्रहगति x गतिगुणक) + क्षेपक ८६४०० + पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह

जब किसी स्थल के अभीष्ट स्टै. समय के ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने हों तो अधो लिखित तीन ही स्थितियाँ हो सकती है।

(१) अभीष्ट स्टै. समय ज्यादा हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय कम हो
(२) अभीष्ट स्टै.समय अभीष्टस्थलीय सूर्योदय से पहिले का हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै.सूर्योदय कम हो
(३) अभीष्ट स्टै. समय कम हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय ज्यादा हो

(१) जहाँ ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने वाला अभीष्ट स्टै.समय ज्यादा हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै.सूर्योदय कम हो उस स्थिति में उस अभीष्ट स्टै. समय में से पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय को घटाने से जो संख्या प्राप्त होगी उसे **गतिगुणक** कहते है। जैसे भारत के किसी शहर में स्टै.रात्री २६।१० बजे एक बच्चे का जन्म हुआ है उसके लिए ग्रहस्पष्ट करने है। यहाँ स्टै. रात्री २६।१० बजे में से पञ्चाङ्ग के ग्रहस्पष्ट में स्टै. सूर्योदय प्रातः ६।३७ बजे है उसे घटाने से १९।३३ गतिगुणक हो गया।

(२) जहाँ ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने वाला अभीष्ट स्टै.समय अभीष्टस्थलीय सूर्योदय से पहिले का हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै.सूर्योदय कम हो उस स्थिति में अभीष्ट स्टै. समय में से २४ घंटे घटाकर अगले दिन का पञ्चाङ्गस्थ स्टै.सूर्योदय और ग्रहस्पष्ट काम में लें। उस अभीष्ट स्टै. समय में से पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय को घटाने से जो संख्या प्राप्त होगी उसे **गतिगुणक** कहते है। जैसे तारीख ४ अप्रेल २०११ को मुम्बई (महा.) का स्टै. सूर्योदय ६।३४ बजे है और ग्रहस्पष्ट स्टैण्डर्ड ३०।२८ बजे के लिए ज्ञात करना है। पञ्चाङ्गस्थ ग्रहस्पष्ट में ४ अप्रेल २०११ को सूर्योदय स्टै. ६।२२ बजे है और ५ अप्रेल २०११ को सूर्योदय स्टै. ६।२१ बजे है अतः इसी दिन की क्रिया से ग्रहगणित में लाघव होगा। यहाँ गणित के लिए अभीष्ट स्टै. ३०।२८ बजे में २४ घंटे घटाकर शेष ६।२८ में पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय ६।२१ को घटाया तो घंटा-मिनटादि + ०।०७ गतिगुणक प्राप्त हुआ।

(३) जहाँ ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने वाला अभीष्ट स्टै. समय कम हो और पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय ज्यादा हो उस स्थिति में पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय में अभीष्ट स्टै. समय को घटाने से जो संख्या प्राप्त होगी वह ऋणात्मक **गतिगुणक** होता है। जैसे तारीख १० अप्रेल २००५ को कोलकाता (बंगा.) का स्टै. सूर्योदय ५।२४ बजे है और ग्रहस्पष्ट स्टैण्डर्ड ५।४५ बजे के लिए ज्ञात करना है। पञ्चाङ्गस्थ ग्रहस्पष्ट में १० अप्रेल २००५ को सूर्योदय स्टै. ६।१५ बजे है। ऐसी स्थिति में पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय ६।१५ में अभीष्ट स्टै. समय ५।४५ घटाने से - ०।३० **ऋणात्मक गतिगुणक** हो गया।

कभी संयोग से अभीष्ट स्थलीय स्टै. सूर्योदय और पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय दौनों समान हों तो अभीष्ट स्थलीय इष्टकाल ही **गतिगुणक** होता है। और कभी ग्रहस्पष्ट ज्ञात करने वाला अभीष्ट स्टै. समय और पञ्चाङ्गस्थ स्टै. सूर्योदय दौनों समान हों तो पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह ही तत्कालीन स्पष्टग्रह समझना चाहिए।

गणितागत गतिगुणक के घंटा-मिनट को मिनटात्मक बनावें और जिस ग्रह को स्पष्ट करना हो उस ग्रह की गति को **ग्रहगति** कहते है। उस ग्रहगति के कला-विकला को विकलात्मक (घंटे को ६० से गुणा कर मिनट जोडने से मिनटात्मक गतिगुणक होता है और कला को ६० से गुणा कर विकला जोडने से विकलात्मक ग्रहगति होती है) बनावें।

विकलात्मक ग्रहगति को मिनटात्मक गतिगुणक से गुणा करके गुणनफल में क्षेपक ८६४०० का भाग देने से भागफल कलात्मक प्राप्त होगा यदि शेष हो तो शेष को ६० से गुणा कर पुनः क्षेपक का भाग देने से भागफल विकलात्मक प्राप्त होगा। इस कला-विकलात्मक भागफल को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह के राशि, अंश, कला, विकला में जोड दें और ग्रहगति यदि वक्री हो तो घटा दें।

यहाँ ध्यान रखने योग्य बात यह है कि गतिगुणक यदि ऋणात्मक है तो संस्कार विपरीत होंगें यानि कि भागफल को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह के राशि, अंश, कला, विकला में घटा दें और ग्रहगति यदि वक्री हो तो जोड दें। यह अभीष्टस्थल का इष्टकालीन स्पष्टग्रह हो गया। स्पष्टता के लिए यहाँ एक उदाहरण भी दिया है। **नोट-** पञ्चाङ्ग में स्पष्टग्रहों के साथ जो ग्रहगति दी है वो सूर्योदय से अगले दिन के सूर्योदय की है और उपर जो क्षेपक दिया है वो मध्यममान से २४ घंटे (६० घटी) का है अतः गणितागत इष्टकालीन स्पष्टग्रह में कहीं कहीं सूक्ष्म न्यूनाधिक अंतर आ सकता है।

गणितकर्ता - पं. ग्यारसीलाल शर्मा (शास्त्री)

॥ स्टैण्डर्ड(रेल्वे) जन्मसमय से 'इष्टकाल' साधन विधि ॥

जन्म पत्रिका बनाने के लिए इष्टकाल का महत्वपूर्ण स्थान है। जिसका गणित द्वारा साधन पचांग अथवा अन्य ग्रंथो में जल्दी उपलब्ध नही होता है और जहाँ कहीं उपलब्ध होता भी है तो श्रमसाध्य होता है। अत: जनसाधारण हितार्थ सरल विधि से भारत के किसी भी स्थल के लिए "इष्टकाल" साधन यहाँ प्रस्तुत है। "इष्टकाल:" **- सूर्योदय कालस्यारम्भात् जातकस्य जन्मकालावधि तयोरेव 'अन्तस्काल:' इष्टकालो भवतीति** स च गणितेन साध्य: तद्यथा :- जन्मपत्रिका बनाने के लिए किसी भी नगर के अभीष्ट दिन का इष्टकाल निकालना हो उस स्थान और उस दिन का स्टैण्डर्ड सूर्योदय (पञ्चाङ्ग में अन्यत्र पृष्ठ पर विधि है) ज्ञात करें। जिस जातक के अभीष्ट जन्म समय का इष्टकाल निकालना हो उस अभीष्ट (स्टैं.) जन्म समय में से (स्टैं.) सूर्योदय घटाने पर शेष घंटा-मिनटात्मक इष्टकाल होगा, इसको ढाई (२॥) से गुणा करने पर घटी पलात्मक इष्टकाल स्पष्ट होगा। हाँ इतना ध्यान अवश्य देना है कि जन्मसमय मध्यान्ह १।०० बजे से रात्री ११ बजकर ५९ मिनट तक हो तो १२।०० घंटा और रात्री १।०० बजे से सूर्योदय के पूर्व तक २४।०० घंटा जोडकर (उदाहरणों में इस संख्या को 'क्षेपक' नाम दिया है) सूर्योदय घटाने से स्पष्ट **"इष्टकाल"** ज्ञात होगा। स्पष्टता के लिए न्यास १ में पृथक-पृथक चार उदाहरण **(उसी शहर की मिति के साथ)** दिये है। जिनका उपयोग 'भयात भभोग साधन विधि' में किया है।

उदाहरण - १. तारीख २६ अप्रैल २०२५, **वैशाख कृष्णपक्ष १४ शनिवार** संवत् २०८२ को कोलकाता (बंगा.) में **प्रात: के (स्टैं.) ५ बजकर ४८ मिनट। उदाहरण - २.** इसी मिति में रात्री (स्टैं.) **७ बजकर १८ मिनट। उदाहरण - ३.** तारीख १२ मई २०२५, **वैशाख शुक्लपक्ष १५ सोमवार** संवत् २०८२ **को कोलकाता (बंगा.)** में प्रात: के (स्टैं.) **५ बजकर ३७ मिनट। उदाहरण - ४.** इसी मिति में उत्तररात्री (स्टैं.) **१ बजकर ५२ मिनट** पर कोलकाता (बंगा.) में पृथक-पृथक बच्चो का जन्म हुआ है। इनका इष्टकाल ज्ञात करना है और भयात भभोग साधन भी स्टैण्डर्ड समय तथा घटात्मक क्रिया से ज्ञात करना है।

कोलकाता (बंगा.) के लिए ॥ इष्टकाल साधन ॥ न्यास १

उदाहरण →	१	२	३	४
जन्म तारीख	२६ अप्रै.	२६ अप्रै.	१२ मई	१२ मई
सन २०२५	प्रात: के	रात्री	प्रात: के	उत्तररात्री
जन्मसमय	५।४८	७।१८	५।३७	१।५२
+ क्षेपक	+ ००।००	+ १२।००	+ ००।००	+ २४।००
स्टैं. जन्मसमय	५।४८	१९।१८	५।३७	२५।५२
- स्टैं. सूर्योदय	- ५।११	- ५।११	- ५।०१	- ५।०१
इष्टकाल घं. मि.	०।३७	१४।०७	०।३६	२०।५१
ढाई से गुणा	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥
इष्टकाल घ. प.	१।३२।३०	३५।१७।३०	१।३०।००	५२।०७।३०

संवत् २०८२. ॥ भयात भभोग साधन विधि ॥

भयात भभोगयोर्लक्षणम् - भस्य (जन्मकालिक चांद्र नक्षत्रस्य) यातं (गत भाग:) भयातम्, भस्य भोगो भभोग: ... व्युत्पत्या जन्मनक्षत्रस्यारंभात जातकस्य जन्मकालावधि तस्यैव व्यतीत भागो भयातमेव वारम्भकालात्समाप्तिपर्यन्त ... संपूर्णमानं भभोग इति। तावेव तयोरानयन स्फुटीभवति यदाधारके पद्ये च तत्तदवसरगतो यथा :-

गतर्क्षनाडी खरसेषु शुद्धा सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ता। भयातसंज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाडीसहिता भभोग: ॥ नक्षत्रमानादधिकं यदीष्टं तच्चेष्ट मानात्पतितं भयातम्। नक्षत्रमानं किल षष्टिशुद्धमीष्टर्क्षमानै: सहितं भभोग: ॥

किञ्च कुत्रचिदेकस्मिन्नेव दिने नक्षत्रत्रयस्य संपर्कस्तथैकस्यैव नक्षत्रस्य दिनत्रये ऽ वस्थितिर्भवति तस्यां स्थितौ ... पद्योक्त युक्त्या भयातभभोगानयने यथाकथञ्चिद्वैषम्यमापततीति स्फुटार्थं तेषां पृथक् पृथक् उदाहरणस्वरुपारव्याप्तं ... जन्म नक्षत्र के प्रारंभ से जातक के जन्म समय तक नक्षत्र के व्यतीत भाग को भयात कहते है। जन्म नक्षत्र के ... समाप्ति पर्यंत संपूर्ण मान को भभोग कहते है। श्लोकार्थ - पंचांग में गत नक्षत्र की घटी पल जो लिखा है, उसको ... घटा कर जो शेष बचे उसमें इष्ट घटी पल जोड देने से भयात होता है और उसी शेष में इष्ट कालिक नक्षत्र की घटी ... जोड देने से भभोग होता है। यदि जन्म दिन के नक्षत्रमान से इष्टकाल अधिक हो तो इष्टकाल में नक्षत्रमान घटा देने से ... होता है। इष्टकालिक नक्षत्र के घटी पलों को ६० में घटाकर जो शेष बचे उसको अगले (पर) दिन के नक्षत्रमान में ... देने से भभोग होता है। उपर लिखे पद्य में नक्षत्र की दो स्थिति बताई है लेकिन जहाँ एक ही दिन में तीन नक्षत्रों का ... होता है या एक ही नक्षत्र का तीन दिन स्पर्श होता है उस स्थिति में जन साधारण को विषमता उत्पन्न हो जाती है इसलिए ... यहाँ नक्षत्र की चारो स्थितियों के अलग अलग चार उदाहरण दिये है।

उदा. - १: नक्षत्र का क्षय (ह्रास) होता है तो एक ही दिन में तीन नक्षत्रों का संपर्क होता है यहाँ नक्षत्रमान ज्यादा है ... इष्टकाल कम है। **उदा. - २:** उसी दिन इष्टकाल से एक नक्षत्रमान कम है और दूसरा नक्षत्रमान ज्यादा है। **उदा. - ३:** नक्षत्र की वृद्धि होती है तो एक ही नक्षत्र तीन दिन स्पर्श करता है यहाँ नक्षत्रमान ज्यादा है और इष्टकाल कम है। **उदा. - ४:** नक्षत्रमान कम है और इष्टकाल ज्यादा है। जो कि घटी पल और स्टण्डर्ड काल (घंटा मिनट) दोनों ही प्रकार ... दर्शाया है ताकि भारत के किसी भी स्थल का इष्टकाल और भयात भभोग साधन सुगमता पूर्वक कर सकें। पंचांगस्थ स्टैण्डर्ड ... काल से गणित करने की क्रिया का अंतर इतना ही है कि ऊपर लिखे घटी ६० के स्थान पर घंटा २४ + सूर्योदय की ... काम में ले और नक्षत्र की घटी पल के स्थान पर स्थानिक घंटा मिनट काम में लें। जहाँ इष्टकाल ज्यादा है और नक्षत्र ... कम है वहाँ स्टैं. जन्म समय में से स्टैं. नक्षत्रमान घटाने से घंटा मिनटात्मक भयात होता है। शेष क्रिया पूर्ववत् है।

पंचांगस्थ नक्षत्रों के स्टैण्डर्ड समय को कोलकाता (बंगा.) के लिए परिणत विधि ॥ न्यास ...

उदाहरण→	१		२		३		४	
सन २०२५	२६ अप्रै.		२६ अप्रै.		१२ मई		१२ मई	
तारीख	२५ अप्रै.	२६ अप्रै.	२६ अप्रै.	२६ अप्रै.	१० मई	१२ मई	१२ मई	१३ म...
नक्षत्र	पूषा	उषा	रेव	रेव	चित्रा	स्वा	स्वा	विशा
	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
स्टैं. समय	८।५१	६।२६	२७।३८	२७।३८	२७।१४	६।१४	६।१४	१।०...
- सूर्योदय	- ५।१२	- ५।११	-उषा ६।२६	- ५।११	- ५।०२	- ५।०१	- ५।०१	- ५।०१
स्थानिककाल	३।३९	१।१५	२१।१२	२२।२७	२२।१२	१।१३	१।१३	४।०...
ढाई से गुणा	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥	x २॥
स्था. घटीपल	९।०७।३०	३।०७।३०	५३।००।००	५६।०७।३०	५५।३०।००	३।०२।३०	३।०२।३०	१०।०...

स्पष्टता के लिए उदाहरण देखिये । उदा. (न्यास २.) में पंचांगस्थ नक्षत्रों के स्टै. समय में से सूर्योदय घटाकर स्थानिक घंटा मिनट बनाये हैं और २।। से गुणा करके स्थानिक घटी पल किये हैं, 'पंचांग देखने की विधि' के पृष्ठ पर स्टैण्डर्ड समय से स्थानिक समय बनाने की क्रिया में प्रस्तुत चारों उदाहरणों का गणित दर्शाया है । जिस अभीष्ट स्थल का बनाना हो उसी स्थल का सूर्योदय घटाना चाहिए । **नक्षत्र चरण:** भयात भभोग ज्ञात करने के बाद नक्षत्र चरण ज्ञात करना है । भभोग की संख्या में चार का भाग देने से भागफल में चतुर्थांश आता है । भभोग के चतुर्थांश की संख्या के मान तक नक्षत्र का प्रथम चरण । चतुर्थांश को दुगुना करने पर द्वितीय चरण का मान, तिगुना करने पर तीसरे चरण

उदाहरण १: जन्म तारीख २६ अप्रैल २०२५, जन्मसमय प्रात: के (स्टै.) ५।४८
श्रीसूर्योदयादिष्टकाल: - घंटा ० मिनट ३७ घटी १ पल ३२ विप. ३०

	भयात घंटा मि.	भभोग घंटा मि.	भयात घ. प. वि.	भभोग घ. प. वि.
२५ अप्रै. का गत (घंटा २४ + सूर्योदय)	२९।१२		६०।००।००	
पूभा समाप्तिकाल	- ८।५१		- ९।०७।३०	
उभा गतकाल	२०।२१	गत २०।२१	५०।५२।३०	गत ५०।५२।३०
घंटा मिनटात्मक इष्टकाल	+ ०।३७	वर्त.+ ९।१५	+ १।३२।३०	वर्त. + ३।०७।३०
घंटामिनटात्मक भयात-भभोग	२०।५८।००	२९।३६।००		
ढाई से गुणा	X २।।	X २।।		
घट्यात्मक भयात-भभोग	५२।२५।००	५४।००।००	५२।२५।००	५४।००।००
तुलनात्मक उभा के	भयात	भभोग	भयात	भभोग

भभोग का ही चौथा हिस्सा नक्षत्र का चरण होता है । इससे यह सिद्ध हुआ कि उत्तराभाद्रपद के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ । चतुर्थ हिस्सा = घंटा ५ मिनट २४ से. ००, घटी १३ पल ३० विप. ००

उदाहरण २: जन्म तारीख २६ अप्रैल २०२५, जन्मसमय रात्री (स्टै.) ११।१८
श्रीसूर्योदयादिष्टकाल: - घंटा १४ मिनट ०७ घटी ३५ पल १७ विप. ३०

	भयात घंटा मि.	भभोग घंटा मि.	भयात घ. प. वि.	भभोग घ. प. वि.
स्टै.जन्मसमय	११।१८	२७।३८	३५।१७।३०	५६।०७।३०
उभा समाप्तिकाल	- ६।२६	- ६।२६	- ३।०७।३०	- ३।०७।३०
घंटामिनटात्मक भयात-भभोग	१२।५२	२१।१२	३२।१०।००	५३।००।००
ढाई से गुणा	X २।।	X २।।		
घट्यात्मक भयात-भभोग	३२।१०।००	५३।००।००	३२।१०।००	५३।००।००
तुलनात्मक रेव के	भयात	भभोग	भयात	भभोग

यहाँ रेवती नक्षत्र का घट्यात्मक भयात ३२।१०।०० है और भभोग ५३।००।०० इसका चौथा हिस्सा घटी १३ पल १५ विप. ०० है । दुगना करने पर घटी २६ पल ३० विप. ०० तक द्वितीय चरण का मान हुआ । तिगुना करने पर भयात की संख्या से अधिक हो जायेगी अत: स्पष्ट हो गया कि जातक का जन्म रेवती नक्षत्र के तृतीय चरण में हुआ है ॥ अलम् ॥

का मान और उसी चौथे हिस्से को चौगुना करने पर चतुर्थ चरण का मान होता है । भयात की संख्या जिस नक्षत्र चरण के मान में आवे वही नक्षत्र चरण कहलाता है । उदाहरणों में किस दिन का गणित किया है इसकी स्पष्टता के लिए: - जन्मदिन से पूर्व दिन को **'गत'** नाम दिया है, जन्मदिन के गणित को **'वर्त.'** जन्मदिन से अगले (पर) दिन को **'भोग्य'** नाम दिया है । यद्यपि सविस्तार लिखने का प्रयास किया है तथापि गुरु के बिना यथावत् ज्ञान नहीं होता है । अत: किसी विज्ञज्योतिषी के समक्ष क्रियान्वित करें ।

गणितकर्ता - पं. ग्यारसीलाल शर्मा

सूचना- यहाँ दिये हुए चारों उदाहरण, न्यास १ और न्यास २ के अनुसार कोलकाता(बंगा.) के हैं ।

उदाहरण ३: जन्म तारीख १२ मई २०२५, जन्मसमय प्रात: के (स्टै.) ५।३७
श्रीसूर्योदयादिष्टकाल: - घंटा ० मिनट ३८ घटी १ पल ३० विप. ००

	भयात घंटा मि.	भभोग घंटा मि.	भयात घ. प. वि.	भभोग घ. प. वि.
१० मई का गत (घंटा २४ + सूर्योदय)	२९।०२		६०।००।००	
चित्रा समाप्तिकाल	- २७।१४		- ५५।३०।००	
स्वा गतकाल	१।४८	गत १।४८	४।३०।००	गत ४।३०।००
११ मई दिनरात का	२४।००	गत + २४।००	६०।००।००	गत + ६०।००।००
घंटा मिनटात्मक इष्टकाल	+ ०।३६	वर्त.+ १।१३	+ १।३०।००	वर्त. + ३।०२।३०
घंटामिनटात्मक भयात-भभोग	२६।२४	२७।०१		
ढाई से गुणा	X २।।	X २।।		
घट्यात्मक भयात-भभोग	६६।००	६७।३२	६६।००	६७।३२
तुलनात्मक स्वा के	भयात	भभोग	भयात	भभोग

भभोग का ही चौथा हिस्सा नक्षत्र का चरण होता है । इससे यह सिद्ध हुआ कि स्वाति के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ । चतुर्थ हिस्सा = घंटा ६ मिनट ४५ से. १५, घटी १६ पल ५३ विप. ०७

उदाहरण ४: जन्म तारीख १२ मई २०२५, जन्मसमय उत्तररात्री (स्टै.) २५।५२
श्रीसूर्योदयादिष्टकाल: - घंटा २० मिनट ५१ घटी ५२ पल ०७ विप. ३०

	भयात घंटा मि.	भभोग घंटा मि.	भयात घ. प. वि.	भभोग घ. प. वि.
१२ मई का गत स्टै.जन्मसमय	२५।५२	(सूर्योदय + २४) २९।०१	५२।०७।३०	६०।००।००
स्वा समाप्तिकाल	- ६।१४	- ६।१४	- ३।०२।३०	- ३।०२।३०
विशा का भयात	१९।३८	गत २२।४७	४९।०५।००	गत ५६।५७।३०
१३ मईका भोग्यकाल		भोग्य + ४।०३		भोग्य + १०।०७।३०
घंटामिनटात्मक भभोग		२६।५०		६७।०५।००
ढाई से गुणा	X २।।	X २।।		
घट्यात्मक भयात-भभोग	४९।०५।००	६७।०५।००	४९।०५।००	६७।०५।००
तुलनात्मक विशा के	भयात	भभोग	भयात	भभोग

भभोगस्यैव चतुर्थांशो नक्षत्रस्य चरणरूप: एतेन विशाख्या नक्षत्रस्य तृतीय चरणे जन्मेत्यपि ज्ञायते । तृतीयांश: = घंटा ६ मिनट ४२ से. ३०, घटी १६ पल ४६ विप. १५

लग्न सारणी का उपयोग

प्रस्तुत लग्नसारणीचक्र आपके सुझावों पर पं. श्रीवल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग के १४ पृष्ठों में २८ लग्नसारणी मौक्तिकाक्षरों में मुद्रित हैं जो अपने आप में सूक्ष्मता और स्पष्टता समेटे हुए हैं। अयनांशः २४, अक्षांशः ८।३० से ३५।३० तक हैं। प्रत्येक लग्नसारणी १ अक्षांश के अंतर से अं. व्यंगु, पलभा, चरखण्डा और स्वदेशोदय पलों के साथ दी गई हैं। जो लग्नसारणी जिस अक्षांश के लिए उपयोगी है उस अक्षांश का उल्लेख किया है और कुछ नगरों के नाम लिखा भी दिये हैं। जैसे - कोलकाता (बंगा.) के लिए कौन सी लग्नसारणी काम में ले ! कोलकाता (बंगा.) के अक्षांशः २२°३४' उ., होने से अक्षांशः २२।३० की लग्नसारणी काम में ले, वहीं लिखा भी है - (उत्तर अक्षांशः २२ से २३ तक वाले सभी) नगरों के लिए। इसी तरह भारत के किसी भी स्थल का और किसी भी तरह की जन्मपत्रिका का लग्न स्पष्ट ज्ञात कर सकते हैं। यदि आपका अपेक्षित सहयोग रहा तो पं. **श्रीवल्लभ मनीराम पञ्चाङ्ग के बढ़ते कदम** उत्तरोत्तर अबाध गति से बढ़ते ही रहेंगे। ज्योतिर्गणित का ज्ञान रुपी दीपक कभी टिमटिमायेगा नहीं।

जन्मपत्रिका के लिए लग्न स्पष्ट (जन्मांगम्) ज्ञात करने की विधि -

सूर्य स्पष्ट को तत्कार्क, स्पष्टार्क, रविस्पष्ट भी कहते हैं। पञ्चाङ्ग में दिये हुए सूर्य स्पष्ट (राशि अंश कला विकला) की सहायता से अभीष्ट स्थलीय अक्षांश वाली लग्नसारणी से अंक प्राप्त करें। अंक प्राप्त करने की विधि - स्पष्ट सूर्य की जो राशि हो लग्नसारणी में उस राशि के सामने वाली पंक्ति और स्पष्ट सूर्य के जो अंश हो, लग्नसारणी में उन्हीं अंशों के नीचे के अंक प्राप्त करें (सूक्ष्मता के लिए प्राप्तांक और अगले अंश की संख्या इन दोनों के अंतर का अनुपात से स्पष्ट सूर्य के कला/विकला जितना हो प्राप्त कर पहिले प्राप्तांक वाली संख्या में जोड़ देना चाहिए.) ये प्राप्त अंक घट्यात्मक इष्टकाल में जोड़ कर फिर उसी लग्नसारणी में वो अंक खोजें, जिस राशि के सामने मिले वही लग्न की राशि होगी जिस अंश के नीचे मिले वही उस लग्न के अंश होंगें। यदि इष्टकाल जोड़ी हुई संख्या और लग्नसारणी के अंक समान न हों और संख्या दो अंशों के बीच में हो या कम ज्यादा हो तो इष्टकाल जोड़ी हुई संख्या के नजदीक जो अंक हो उन्ही के राशि अंश लेने चाहिये। यह सूक्ष्मासन्न लग्न स्पष्ट होगा, सूक्ष्मता के लिए अभीष्ट स्थल का इष्टकालीन स्पष्ट सूर्य लेना चाहिए, इसे इष्टाऽर्कः भी कहते हैं। ध्यान रहे कि ज्योतिष गणित में ग्रहस्पष्ट, लग्नस्पष्ट, तन्वादि द्वादशभावस्पष्ट आदि में राशि के अंकों को इस तरह लिखते हैं- मेष को ०, वृष को १, मिथुन को २, कर्क को ३, सिंह को ४ इत्यादि।

लग्न स्पष्ट उदाहरण १, संवत् २०८२

उदाहरण - संवत् २०८२, तारीख २६ अप्रैल २०२५, **शनिवार को कोलकाता** (बंगा.) **अक्षांशः** २२°३४' उ., रेखांशः ८८°२८' पू. में स्टै. ५।४८ **बजे किसी बच्चे का जन्म हुआ इसका इष्टकाल और** जन्म कालीन लग्न स्पष्ट गणित द्वारा ज्ञात करना है। २६ अप्रैल २०२५ को **पञ्चाङ्गस्थ** रवि क्रान्ति अंश-कलादि (धन) +१३।३२ **है यहाँ अक्षांश और रवि क्रान्ति दोनों को उपकरण मानकर इनकी सहायता से चरपल संस्कार सारणी से अनुपात सहित पलादि प्राप्त करें। यह ध्यान रहे कि जितने उपकरण होते हैं अनुपात भी उतने ही करने चाहिए, अन्यथा गणित स्थूल होगा। यहाँ उदाहरण में भी गणित की सूक्ष्मता के लिए अनुपात की चरपलों को विपल तक लिया है फिर भी अर्धादिक करते समय कहीं एक-आध पल-विपल का अंतर हो भी जाये तो विचार नहीं करना।**

अनुपात विधि - किसी दो संख्या के बीच का फल त्रैराशिक क्रिया से प्राप्त हो उसे अनुपात कहते हैं। किसी दो संख्या के बीच की संख्या (मान) को अंतरसंख्या कहते हैं और जिस संख्या का अनुपात से मान निकालना हो उसे अभीष्ट संख्या कहते हैं। अंतरसंख्या में ६० का भाग (... को ६० से गुणा कर, यदि विपल हो तो जोड़ दें) देकर अभीष्ट संख्या से गुणा करने ... विपलात्मक स्पष्ट अनुपात होगा (यदि ६० से अधिक हो तो ६० का भाग देकर पल-विपल बना ...) । इस अनुपात की संख्या को पूर्णांक की संख्या पलादि में जोड़ने से अनुपात सहित फल होगा।

अनुपात सूत्र = अंतरसंख्या ÷ ६० x अभीष्ट संख्या

विशेष- यद्यपि अंतरसंख्या को अभीष्ट संख्या से गुणा करके ६० का भाग देने पर भी वही संख्या (अंतरसंख्या x अभीष्ट संख्या ÷ ६०) आती है जो कि उपर के सूत्र में बताई है इस क्रिया ... संख्या (पल-विपलादि) को पहचानने में ध्यान रखना होगा, इसके लिए गोमुत्रिका क्रम ...

जैसे - चरपल संस्कार सारणी पृष्ठ में उपर के भाग में जहाँ तीर के चिन्ह सहित अक्षांशः लिखा हुआ है वे ८ से ३६ तक अक्षांश हैं और पृष्ठ में बांई तरफ उपर से नीचे जहाँ तीर के चिन्ह सहित क्रान्त्यंशः लिखा हुआ है वे १ से ३० तक क्रांति के अंश हैं, इन्ही (अक्षांश और क्रांति अंश) को उपकरण कहते हैं।

चरपल संस्कार सारणी के पृष्ठ में अक्षांश २२ के नीचे और क्रांति के अंश १३ के सामने की पंक्ति में ५४ पल लिखा है, (इन दोनों पूर्ण संख्याओं का फल प्राप्त हो गया, लेकिन अक्षांश के ... कला ३४ और क्रांति के कला ३२ का फल अनुपात से लेना होगा) यहाँ अक्षांश कला का गणित पहले करते हैं: - सारणी की इसी पंक्ति में अक्षांश २३ के नीचे ५६ पल हैं दोनों का अंतर २ पल (२ = ५६ – ५४) है। यदि १ अंश (अर्थात् ६० कला) में २ पल का अंतर है तो ३४ कला = क्या ? सूत्र (१।०८ = (२ ÷ ६०) x ३४) ३४ कला का फल १।०८ पल-विपल प्राप्त हुआ।

क्रांति कला ३२ का फल- अक्षांश २२ के नीचे और क्रांति अंश १४ के सामने की पंक्ति में (अर्थात् ५४ पल के नीचे) ५८ पल है दोनों का अंतर ४ पल (४ = ५८ – ५४) है। यहाँ भी उपर लिखे सूत्रानुसार है, यदि १ अंश (अर्थात् ६० कला) में ४ पल का अंतर है तो ३२ कला में क्या ? सूत्र (२।०८ = (४ ÷ ६०) x ३२) ३२ कला का फल २।०८ पल-विपल प्राप्त हुआ। अब इन तीन (१ अखण्ड फल और २ खण्ड फलों) को जोड़ दिया, अक्षांश २२ और क्रांति के अंश १३ के ५४ पल, ३४ अक्षांशकला की १।०८ पलादि, ३२ क्रांतिकला की २।०८ पलादि, (५७।१६ = ५४ + १।०८ + २।०८) यह अनुपात सहित कुल संख्या पलादि ५७।१६ प्राप्त हुई। सरलता के लिए पूर्ण चरपलों से यह गणित दर्शाया है। यदि चर की पल-विपल लेकर गणित करेंगें तो सूक्ष्म पलादि ५७।०० प्राप्त होंगे, लेकिन इसमें परिश्रम अधिक है जब कि दोनों संख्याओं का अंतर १ पल, ... विपल से अधिक नहीं होगा।

पल-विपल ५७।०० को २ से गुणा किया (११४।०० = ५७।०० x २) तो पलादि ११४।०० हुए पल ६० से ज्यादा है अतः ६० का भाग दिया तो घट्यादि + १।५४।०० हुआ यहाँ रवि क्रान्ति उत्तर है अतः घटी ३० में जोड़ दिया (३०।००।०० + १।५४।००) तो घट्यात्मक ३१।५४।०० दिनमान हुआ। इसमें ५ का भाग दिया लब्धि घंटादि ६ घंटा २२ मिनट ४८ से. देशी सूर्यास्त टाइम हुई इसको १२ में से घटा दिया तो ५ घंटा ३७ मिनट १२ से. देशी सूर्योदय समय हो गया इसमें रेल्वेऽन्तर संस्कार के लिए -

कोलकाता (बंगा.) का रेखांश ८२।३० से ज्यादा है अतः ((८८।२८ - ८२।३०) x ४) रेल्वे मध्यान्तर मिनट (धन) +२३ सेकण्ड ५२ को व्यस्तचिन्ह (ऋण हो तो धन और धन हो तो ऋण) करके सूर्योदय/सूर्यास्त में से घटा दिया तो ५।१३।२० सूर्योदय और ५।५८।५६ सूर्यास्त कोलकाता (बंगा.) का मध्यम मान से हुआ। इसमें तारीख २६ अप्रैल २०२५ की वेलान्तर मिनट - २ सेकण्ड ०७ को धनर्ण करने से स्टैण्डर्ड (रेल्वे) ५।११।१३ सूर्योदय और ५।५६।४९ सूर्यास्त (अर्धादिक रूप ...

से सूर्योदय ५ बजकर ११ मिनट और सूर्यास्त ५ बजकर ५३ मिनट) समय स्पष्ट हो गया।

रामगढ (शेखा.) पञ्चाङ्गस्थ ग्रहस्पष्ट में स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।११।५१।२७ है.
कोलकाता (बंगा.) अक्षांशः २२° ३४' उ., के लिए अक्षांश २२।३० की लग्नसारणी का उपयोग-
कोलकाता (बंगा.) का इष्टकालीन स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।११।५१।०१

स्टै. जन्मसमय	५।४८
स्टै. सूर्योदय	− ५।११
इष्टकाल (घंटामिनटात्मक)	०।३७
	X २।३०
इष्टकाल (घटी-पल-विपल)	१।३२।३०

इष्टकालीन स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।११।५१।०१ है, लग्नसारणी में राशि ० (मेष) के सामने और अंश ११ के नीचे अंक ४।३३ प्राप्त हुए. सूर्य कलादि ५१। १ के अंक का अनुपात से ८ पल प्राप्त होंगे. विधि - (४।४२ − ४।३३ ÷ ६० X ५१। १ + ४।३३) + ४।४१ अनुपात सहित

लग्नसारणी में खोजने वाले अंक (अर्थादिक रुप से घटी-पल) ६।१३

लग्नसारणी में राशि ० मेष के सामने और अंश २२ के नीचे ६।६ है,
लग्नसारणी में राशि ० मेष के सामने और अंश २३ के नीचे ६।१५ है
यहाँ ६।१३ की नजदीकी संख्या ६।१५ है
अतः लग्नस्पष्ट (जन्मांगम्) राश्यादि ०।२३।८।१३ (अर्थात् मेष लग्न) हुआ।

इसी प्रकार भारत के किसी भी गांव या शहर का लग्नस्पष्ट ज्ञात कर सकते है।

लग्न स्पष्ट उदाहरण २, संवत् २०८२

उदाहरण - संवत् २०८२, तारीख १२ मई २०२५, सोमवार को कोलकाता (बंगा.) अक्षांशः २२° ३४' उ., रेखांशः ८८° २८' पू. मे स्टै. २५।५२ बजे किसी बच्चे का जन्म हुआ इसका इष्टकाल और जन्म कालीन लग्न स्पष्ट गणित द्वारा ज्ञात करना है। १२ मई २०२५ को पञ्चाङ्गस्थ रवि क्रान्ति अंश-कलादि (धन) +१८।०९ है यहाँ अक्षांश और रवि क्रान्ति दोनों को उपकरण मानकर इनकी सहायता से चरपल संस्कार सारणी से अनुपात सहित पलादि प्राप्त करें।

चरपल संस्कार सारणी के पृष्ठ मे अक्षांश २२ के नीचे और क्रांति के अंश १८ के सामने की पंक्ति मे ७५ पल लिखा है, (इन दोनों पूर्ण संख्याओं का फल प्राप्त हो गया. लेकिन अक्षांश के शेष कला ३४ और क्रांति के कला ९ का फल अनुपात से लेना होगा) यहाँ अक्षांश कला का गणित पहले करते है: - सारणी की इसी पंक्ति मे अक्षांश २३ के नीचे ७९ पल है दोनों का अंतर ४ पल (४ = ७९ − ७५) है। यदि १ अंश (अर्थात् ६० कला) मे ४ पल का अंतर है तो ३४ कला में क्या ? सूत्र (२।१६ = (४ ÷ ६०) X ३४) ३४ कला का फल २।१६ पल-विपल प्राप्त हुआ।

क्रांति कला ९ का फल- अक्षांश २२ के नीचे और क्रांति अंश १९ के सामने की पंक्ति में (अर्थात् ७५ पल के नीचे) ८० पल है दोनों का अंतर ५ पल (५ = ८० − ७५) है। यहाँ भी उपर लिखे सूत्रानुसार है, यदि १ अंश (अर्थात् ६० कला) मे ५ पल का अंतर है तो ९ कला में क्या ? सूत्र (०।४५ = (५ ÷ ६०) X ९) ९ कला का फल ०।४५ पल-विपल प्राप्त हुआ। अब इन तीनों (१ अखण्ड फल और २ खण्ड फलों) को जोड दिया, अक्षांश २२ और क्रांति के अंश १८ की ७५ पल, ३४ अक्षांशकला की २।१६ पलादि, ९ क्रांतिकला की ०।४५ पलादि, (७८।०१ = ७५ + २।१६ + ०।४५) यह अनुपात सहित कुल संख्या पलादि ७८।०१ प्राप्त हुई। सरलता के लिए पूर्ण चरपलों से यह गणित दर्शाया है। यदि घर की पल-विपल लेकर गणित करेंगे तो सूक्ष्म पलादि ७७।४४ प्राप्त होंगे, लेकिन इसमे परिश्रम अधिक है जब कि दोनो संख्याओं का अंतर १ पल, २९ विपल से अधिक नहीं होगा।

पल-विपल ७७।४४ को २ से गुणा किया (१५५।२८ = ७७।४४ X २) तो पलादि १५५।२८ हुई. पल ६० से ज्यादा है अतः ६० का भाग दिया तो घट्यादि + २।३५।२८ हुआ यहाँ रवि क्रान्ति उत्तर है अतः घटी ३० में जोड दिया (३०।००।०० + २।३५।२८) तो घट्यात्मक ३२।३५।२८ दिनमान हुआ। इसमे ५ का भाग दिया लब्धि घंटादि ६ घंटा ३१ मिनट ०६ से. देशी सूर्यास्त टाइम हुई इसको १२ मे से घटा दिया तो ५ घंटा २८ मिनट ५४ से. देशी सूर्योदय समय हो गया इसमे रेल्वेऽन्तर संस्कार के लिए -

कोलकाता (बंगा.) का रेखांश ८२।३० से ज्यादा है अतः ((८८।२८ - ८२।३०) X ४) रेल्वे मध्यान्तर मिनट (धन) +२३ सेकण्ड ५२ को व्यस्तचिन्ह (ऋण हो तो धन और धन हो तो ऋण) करके सूर्योदय/सूर्यास्त मे से घटा दिया तो ५।०५।०२ सूर्योदय और ६।०७।१४ सूर्यास्त कोलकाता (बंगा.) का मध्यम मान से हुआ। इसमें तारीख १२ मई २०२५ को वेलान्तर मिनट - ३ सेकण्ड ३६ को धनर्ण करने से स्टैण्डर्ड (रेल्वे) ५।०१।२६ सूर्योदय और ६।०३।३८ सूर्यास्त (अर्थादिक रुप से सूर्योदय ५ बजकर ०१ मिनट और सूर्यास्त ६ बजकर ०४ मिनट) समय स्पष्ट हो गया।

रामगढ (शेखा.) पञ्चाङ्गस्थ ग्रहस्पष्ट में स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।२७।२९।३४ है.
कोलकाता (बंगा.) अक्षांशः २२° ३४' उ., के लिए अक्षांश २२।३० की लग्नसारणी का उपयोग-
कोलकाता (बंगा.) का इष्टकालीन स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।२८।१०।०१

स्टै. जन्मसमय	२५।५२
स्टै. सूर्योदय	− ५।०१
इष्टकाल (घंटामिनटात्मक)	२०।५१
	X २।३०
इष्टकाल (घटी-पल-विपल)	५२।०७।३०

इष्टकालीन स्पष्ट सूर्य राश्यादि ०।२८।१०।०१ है, लग्नसारणी में राशि ० (मेष) के सामने और अंश २८ के नीचे अंक ७।०० प्राप्त हुए. सूर्य कलादि १०। १ के अंक का अनुपात से २ पल प्राप्त होंगे. विधि - (७।०९ − ७।०० + ६० X १०। १ + ७।००) + ७।०२ अनुपात सहित

लग्नसारणी में खोजने वाले अंक (अर्थादिक रुप से घटी-पल) ५९।०९

लग्नसारणी में राशि १० कुंभ के सामने और अंश २९ के नीचे ५९।९ है
अतः लग्नस्पष्ट (जन्मांगम्) राश्यादि १०।२९।५९।०९ (अर्थात् कुंभ लग्न) हुआ।

इसी प्रकार भारत के किसी भी गांव या शहर का लग्नस्पष्ट ज्ञात कर सकते है।

रेखाष्टक उदाहरण, संवत् २०८२

लग्नानुसार जन्मकुण्डली में लग्न सहित सभी ग्रहों की रेखा लगाना प्रारम्भ करना है।

इष्टकालीन ग्रहस्पष्ट उदाहरण और लग्नस्पष्ट उदाहरण से प्राप्त अंक :-

तारीख २५ अप्रैल २०२५ शुक्रवार को कोलकाता (बंगा.) का स्टै. सूर्योदय ५।११ बजे है और अभीष्ट समय (स्टैण्डर्ड ५।४८ बजे) का गणितागत लग्नस्पष्ट राश्यादि ०।२३।१६।१३ (अर्थात् मेष लग्न) है।

इष्टकालीन सूर्यादि स्पष्टग्रह :-

सूर्य	०।११।५१।०१	(मेष राशि)	चंद्र	११।१६।१६।१२	(मीन राशि)
मंगल	३।०९।१०।२६	(कर्क राशि)	बुध	११।१४।५१।५६	(मीन राशि)
गुरु	१।२६।०५।४६	(वृष राशि)	शुक्र	११।०३।१३।०३	(मीन राशि)
शनि	११।०३।०७।४८	(मीन राशि)	राहु	११।०१।१०।४०	(मीन राशि)
केतु	५।०१।१०।४०	(कन्या राशि)			

विशेष - यहाँ उदाहरण दिया जा रहा है इसलिए ऊपर सम्पूर्ण विवरण दिया गया है अन्यथा रेखाष्टक में तो मात्र लग्न की राशि मेष और सूर्यादि ग्रहों की राशि (सूर्य मेष, चंद्र मीन, मंगल कर्क, बुध मीन, गुरु वृष, शुक्र मीन, शनि मीन) की ही आवश्यकता है।

॥ अथ रेखाष्टक ज्ञानाय ॥

रेखाष्टक - लग्न, सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि

लग्न सहित सूर्यादि ७ ग्रह का नाम अष्टक है। इन आठों की आठ कुण्डलियों में रेखा लगाने को अष्टकवर्ग या रेखाष्टक कहते हैं।

सूत्र रेखा = ग्रहाद्भावेद्गणन् (स्व-निर्मित सूत्र)
सूत्र रेखा = ग्रहस्थानात् समारभ्य, अङ्कतुल्ये नियोजयेत् ॥ (स्व-निर्मित सूत्र) ॥

नोट - यदि किसी भी तरह की अशुद्धि-त्रुटि हो तो कृपया अवगत करें। आगामी संवत् में सुधार कर दिया जायेगा।

रेखाष्टक उदाहरण के गणितकर्ता- संपादकशिष्य:
चि. हेमन्तकुमार शुक्ल, आंजना, बांसवाड़ा (राज.), मो. ९८११९४३०५७०

अथ लग्न रेखाष्टक

पञ्चाङ्ग में जहाँ रेखाकोष्टक दिये हुए हैं वहीं "लग्न रेखा ४९" नाम के कोष्टक में लग्न के नीचे ३, ६, १०, ११ अंक लिखे हुए हैं, ऐसे ही -
सूर्य के ३, ४, ६, १०, ११, १२ ॥ चन्द्र के ३, ६, १०, ११, १२ ॥ मंगल के १, ३, ६, १०, ११ ॥ बुध के १, २, ४, ६, ८, १०, ११ ॥ गुरु के १, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११ ॥ शुक्र के १, २, ३, ४, ५, ८, ९ ॥ शनि के १, २, ४, ६, १०, ११ ॥ अंक लिखे हुए हैं।

ये जो अंक हैं ये प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि भावों को दर्शाते हैं। जैसे लग्न रेखाष्टक में … के अंक ३, ६, १०, ११ हैं इसका अर्थ यह हो गया कि लग्न से प्रारम्भ कर तीसरे, छठे, दसवें, ग्यारहवें भावों में रेखा लगेगी।
यथा - लग्न (प्रथम भाव) की मेष राशि है अतः लग्न से तीसरा भाव मिथुन, छठा भाव कन्या, दसवाँ भाव मकर, ग्यारहवाँ भाव कुंभ होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्टक … लग्न की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा सूर्य की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि सूर्य कौन से भा… में बैठा है। यहाँ उदाहरण में सूर्य प्रथम भाव में है तो प्रथम भाव से प्रारम्भ कर (ऊपर बता… अनुसार सूर्य के रेखा अंक ३, ४, ६, १०, ११, १२) तीसरे, चौथे, छठे, दसवें, ग्यारहवें, बार… भावों में रेखा लगेगी।
सूर्य (लग्नस्थ) की मेष राशि है अतः सूर्य से तीसरा भाव मिथुन, चौथा भाव कर्क, छठा भा… कन्या, दसवाँ भाव मकर, ग्यारहवाँ भाव कुंभ, बारहवाँ भाव मीन होगा और इनमें ही रेखा लगे… । यह लग्न रेखाष्टक के सूर्य की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा चन्द्र की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि चन्द्र कौन से भा… में बैठा है। यहाँ उदाहरण में चन्द्र द्वादश भाव में है तो द्वादश भाव से प्रारम्भ कर (ऊपर बता… अनुसार चन्द्र के रेखा अंक ३, ६, १०, ११, १२) तीसरे, छठे, दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भावों… रेखा लगेगी।
चन्द्र (द्वादशभावस्थ) की मीन राशि है अतः चन्द्र से तीसरा भाव वृष, छठा भाव सिंह, दसवाँ भा… धनु, ग्यारहवाँ भाव मकर, बारहवाँ भाव कुंभ होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्… के चन्द्र की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा मंगल की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि मंगल कौन… भाव में बैठा है। यहाँ उदाहरण में मंगल चतुर्थ भाव में है तो चतुर्थ भाव से प्रारम्भ कर (ऊ… बताये अनुसार मंगल के रेखा अंक १, ३, ६, १०, ११) पहिले, तीसरे, छठे, दसवें, ग्यार… भावों में रेखा लगेगी।
मंगल (चतुर्थभावस्थ) की कर्क राशि है अतः मंगल से पहला भाव कर्क, तीसरा भाव कन्या, छ… भाव धनु, दसवाँ भाव मेष, ग्यारहवाँ भाव वृष होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्… के मंगल की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा बुध की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि बुध कौन से भा… में बैठा है। यहाँ उदाहरण में बुध द्वादश भाव में है तो द्वादश भाव से प्रारम्भ कर (ऊपर बता… अनुसार बुध के रेखा अंक १, २, ४, ६, ८, १०, ११) पहिले, दूसरे, चौथे, छठे, आठवें, दस… ग्यारहवें भावों में रेखा लगेगी।
बुध (द्वादशभावस्थ) की मीन राशि है अतः बुध से पहला भाव मीन, दूसरा भाव मेष, चौथा भ… मिथुन, छठा भाव सिंह, आठवाँ भाव तुला, दसवाँ भाव धनु, ग्यारहवाँ भाव मकर होगा और इन… ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्टक के बुध की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा गुरु की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि गुरु कौन से भा… में बैठा है। यहाँ उदाहरण में गुरु द्वितीय भाव में है तो द्वितीय भाव से प्रारम्भ कर (ऊपर बता… अनुसार गुरु के रेखा अंक १, २, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११) पहिले, दूसरे, चौथे, पांचवे, छ…

सातवें, नौवें, दशवें, ग्यारहवें भावों में रेखा लगेगी।

गुरु (द्वितीयभावस्थ) की वृष राशि है अतः गुरु से पहला भाव वृष, दूसरा भाव मिथुन, चौथा भाव सिंह, पाँचवां भाव कन्या, छठा भाव तुला, सातवाँ भाव वृश्चिक, नौवाँ भाव मकर, दशवाँ भाव कुंभ, ग्यारहवाँ भाव मीन होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्टक के गुरु की रेखा हो गई।

लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा शुक्र की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि शुक्र कौन से भाव में बैठा है। यहाँ उदाहरण में शुक्र द्वादश भाव में है तो द्वादश भाव से प्रारम्भ कर (उपर बताये अनुसार शुक्र के रेखा अंक १, २, ३, ४, ५, ८, ९) पहिले, दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवें, आठवें, नौवें भावों में रेखा लगेगी।
शुक्र (द्वादशभावस्थ) की मीन राशि है अतः शुक्र से पहला भाव मीन, दूसरा भाव मेष, तीसरा भाव वृष, चौथा भाव मिथुन, पाँचवां भाव कर्क, आठवाँ भाव तुला, नौवाँ भाव वृश्चिक होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्टक के शुक्र की रेखा हो गई।


लग्न रेखाष्टक में आगे की रेखा शनि की है, तो पहले यह देखना चाहिए कि शनि कौन से भाव में बैठा है। यहाँ उदाहरण में शनि द्वादश भाव में है तो द्वादश भाव से प्रारम्भ कर (उपर बताये अनुसार शनि के रेखा अंक १, २, ४, ६, १०, ११) पहिले, दूसरे, चौथे, छठे, दशवें, ग्यारहवें भावों में रेखा लगेगी।
शनि (द्वादशभावस्थ) की मीन राशि है अतः शनि से पहला भाव मीन, दूसरा भाव मेष, चौथा भाव मिथुन, छठा भाव सिंह, दशवाँ भाव धनु, ग्यारहवाँ भाव मकर होगा और इनमें ही रेखा लगेगी। यह लग्न रेखाष्टक के शनि की रेखा हो गई।

आगे सूर्य आदि रेखाष्टक की भी रेखा ऐसे ही लगानी चाहिए। ध्यान रखने योग्य इतना ही है कि जिस रेखाष्टक की रेखा लगानी हो उसी रेखाष्टक के अंक हो, और सूर्यादि ग्रहों में से जिस ग्रह की रेखा लगानी हो वह ग्रह कुण्डली के जिस भाव में हो उसी भाव से प्रथम भाव की गणना प्रारम्भ करे और पंचांग में दिये हुए रेखाष्टक के अंकों के अनुसार भावों (अंको को प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि भाव समझते हुए भावो) में रेखा स्थापित करें। जैसा कि उपर बताया गया है।

इस तरह रेखाष्टकों में रेखा लगाकर मानसागरी आदि ज्योतिष-ग्रन्थों से फलादेश करें। ज्योतिष-ग्रन्थो की जानकारी प्रकाशक से प्राप्त करें।

यहाँ उदाहरण के साथ कुण्डली भी दी है। आशा है कि जिज्ञासुगण लाभान्वित होंगें।

लग्न रेखाष्टक ४९



॥ अथ विंशोत्तरीक्रमेण भुक्त-भोग्य दशा आनयन विधि ॥

गतर्क्षनाडी निहिता दशाब्दैः सर्वर्क्षनाडीविहृता फलं यत्।
वर्षादिकं भुक्तमिति प्रकल्प्य स्वाब्दादपास्यं भवतीह भोग्यम् ॥६॥

अथाऽऽनीतभयातभभोगाभ्यां जन्मकालिकग्रहदशाया भुक्तभोग्यानयनप्रकारः —

उपकरण - संवत् २०८२ (भयात भभोग पृष्ठ, उदाहरण १ का), कोलकाता (बंगा.) जन्म तारीख २६ अप्रेल २०२५, जन्मसमय प्रातः १के (स्टै.) ५।४८

यथा भयात घट्यादि ५२।२५ पलीकृतम् ३१४५ भभोगश्च घट्यादिकः ५४।०० पलीकृतः ३२४० ततः पद्यानुसारेण दशेशशनिवर्षाणि १९ भयातगुणितानि १९ X ३१४५ = ५९७५५ अत्र भभोगेन भागार्थन्यासः- ५९७५५ ÷ ३२४० .. लब्धं वर्षादि १८। ५। ९।२६।४० भुक्तं दशायाः, इदमेव दशावर्षेभ्यः १९ शुद्धं सद्भोग्यं वर्षादि ०। ६।२०।३३।२०.

घट्यात्मक भयात् को पलात्मक बनाकर जिस ग्रह की महादशा हो उस महादशा वर्ष से गुणा कर पलात्मक भभोग का भाग देवे-भागफल में भुक्त अन्तर्दशा के वर्ष आयेगें। शेष बचे हुए को १२ से गुणा कर पुनः भभोग का भाग देने से भागफल में महिने आयेंगे। शेष को ३० से गुणा कर पुनः भभोग का भाग देने से भागफल में दिन आयेंगे। इसी क्रम से शेष को ६० से गुणा और भभोग का भाग देने से भागफल में घटी-पल और विपल आजायेंगी। गणितागत अन्तर्दशा के भुक्त वर्षादि को अभीष्ट ग्रह के महादशा वर्ष में से घटाने पर स्पष्ट भोग्य वर्ष, माह, दिनादि आजायेंगे।

भुक्तदशा सूत्र = पलात्मक भयात X दशाधीशवर्ष ÷ पलात्मक-भभोग (लब्धं वर्षादि..)
भोग्यदशा सूत्र = दशाधीशवर्ष — भुक्तदशावर्षादि (लब्धं वर्षादि..)

अथान्तर्दशानयनम् -

दशा दशाहता कार्या दशभिर्भागमाहरेत्। यल्लब्धं सो भवेन्मासस्त्रिंशत्रिघ्नं दिनं भवेत् ॥१॥

अन्तर्दशा-आनयन सूत्र १ = ग्रहदशा वर्षात्मक X ग्रहदशा वर्षात्मक ÷ १०
(लब्धी मासादि)

अपरञ्च- अन्तर्दशानयनम् -

दशा दशाहता कार्या विहृता परमायुषा। लब्धमन्तर्दशामानं वर्षादिकमिहेरितम् ॥७॥

अन्तर्दशा-आनयन सूत्र २ = ग्रहदशा वर्षात्मक X ग्रहदशा वर्षात्मक ÷ १२०
(लब्धी वर्षादि)

यस्मिन्मित्रगृहे स्वकीयभवने तुङ्गे त्रिकोणेऽपिवा, तत्सर्वं विदधाति जन्मसमये षड्वर्गशुद्धो ग्रहः।
एकस्तत्र हि सर्वभूरिनिकरो हस्तेषु कोषान्वितो, द्वाभ्यां किन्नरमत्र सिद्धसदृशं कुर्वन्ति मर्त्यं भुवि॥३॥

जिसके जन्मकालिक कोई ग्रह अपने मित्रों के गृह में वा अपने घर में, त्रिकोण (अपने स्थान से पञ्चम, नवम) में, वा अपने उच्च में स्थित देखा जाय वह ग्रह उस जातक के सब कामो को करने वाला होता है। यदि किसी आदमी को एक षडवर्गशुद्ध ग्रह कुण्डली में पड़ जाय तो सब प्रकार की सम्पत्ति खजाने से सहित बड़ा ऐश्वर्यशाली जातक होता है। इसी तरह जिसको दो षडवर्गशुद्ध पड़ जाँय वह सिद्ध किन्नर के सदृश उच्च विभूतिमान् प्रतापी हो यह कहना ही क्या है अवश्यमेव वैसा होगा, सो जानना चाहिए ॥ ३॥ - मानसागरी

॥ संवत् २०८२ में विभिन्न नगरो के गुरु -शुक्रोदयास्त और कृष्णा चतुर्थी का चंद्रोदय: ॥ (स्टै. समय में) ई. सन् २०२५-२६, (उपलब्धि: पृ.८२, पृ.६४)

शुक्र	पूर्व अस्त		पश्चि. उदय		गुरु पश्चि. अस्त		पूर्व उदय		१६अप्रै	१६मई	१४जून	१४जुला	१२अग	१०सितं	१०अक्टू	८नवं	७दिसं	६जन	५फर	६मार्च
शहर	तारीख	घं. मि.	तारीख	घं. मि.	तारीख	घं. मि.	तारीख	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
रामगढ़ शेखा.	८।१२।२०२५	३१।१२	४। २।२०२६	१०।२८	११। ६।२०२५	२३।३३	६। ७।२०२५	२८।१८	२२।०७	२२।४६	२२।१५	२२।०३	२१।०९	२०।१६	२०।२४	२०।१०	२०।०६	२१।०४	२१।४३	२१।२२
अजमेर (राज.)	६।१२।२०२५	१४।०४	३। २।२०२६	२७।०३	११। ६।२०२५	२७।५७	६। ७।२०२५	२४।३१	२२।०४	२२।४२	२२।१२	२२।०३	२१।१०	२०।११	२०।२५	२०।१६	२०।११	२१।०७	२१।४४	२१।२५
अहमदा. (गुज.)	६।१२।२०२५	२६।१०	३। २।२०२६	१३।४३	१२। ६।२०२५	११।३५	६। ७।२०२५	१७।४४	२२।०५	२२।४३	२२।१५	२२।१०	२१।२०	२०।३२	२०।४६	२०।३४	२०।२८	२१।२०	२१।५२	२१।२७
अमृतसर (पंजा.)	८।१२।२०२५	१२।५२	४। २।२०२६	२१।५५	११। ६।२०२५	११।३५	७। ७।२०२५	१४।२१	२२।१८	२२।५७	२२।२४	२२।०७	२१।०९	२०।१२	२०।१५	२०।००	१९।५७	२१।००	२१।४५	२१।२१
आकोला (महा.)	१०।१२।२०२५	१०।५२	२। २।२०२६	२८।०४	१२। ६।२०२५	१०।१८	६। ७।२०२५	१३।१५	२१।४०	२२।१७	२१।५०	२१।४९	२१।०१	२०।१६	२०।३४	२०।२२	२०।१५	२१।०४	२१।३३	२१।०५
इंदौर (म.प्र.)	६।१२।२०२५	२८।११	३। २।२०२६	११।२४	१२। ६।२०२५	१३।०६	६। ७।२०२५	१६।४६	२१।५०	२२।२८	२२।००	२१।५६	२१।०६	२०।११	२०।३४	२०।२१	२०।१५	२१।०७	२१।३८	२१।१२
उज्जैन (म.प्र.)	६।१२।२०२५	२६।४९	३। २।२०२६	१३।००	१२। ६।२०२५	१२।१०	६। ७।२०२५	१७।३३	२१।५२	२२।२९	२२।०१	२१।५७	२१।०७	२०।११	२०।३४	२०।२१	२०।१५	२१।०७	२१।३९	२१।१३
कटक (उड़ी.)	१०।१२।२०२५	११।२३	२। २।२०२६	२७।१७	१२। ६।२०२५	१७।४५	६। ७।२०२५	१२।५२	२१।०३	२१।४०	२१।१३	२१।१३	२०।२५	१९।४०	१९।५८	१९।४५	१९।३९	२०।२७	२०।५६	२०।२८
कोलकाता	६।१२।२०२५	२८।४९	३। २।२०२६	१०।४६	१२। ६।२०२५	१३।२८	६। ७।२०२५	१६।२७	२०।४७	२१।३५	२१।०७	२१।०४	२०।१४	१९।२७	१९।४२	१९।२९	१९।२३	२०।१४	२०।४६	२०।२०
कानपुर (उ.प्र.)	६।१२।२०२५	१४।००	३। २।२०२६	२७।०८	११। ६।२०२५	२७।५४	६। ७।२०२५	२४।३३	२१।४१	२२।१९	२१।४९	२१।४०	२०।४७	१९।५६	२०।०६	१९।५२	१९।४८	२०।४४	२१।२१	२०।५८
कोटा (राज.)	६।१२।२०२५	१२।१९	३। २।२०२६	२१।१८	१२। ६।२०२५	७।२०	६। ७।२०२५	२१।३८	२१।५६	२२।३४	२२।०५	२१।५८	२१।०६	२०।१६	२०।२८	२०।१५	२०।१०	२१।०४	२१।३९	२१।१५
गंगानगर (राज.)	८।१२।२०२५	२१।३३	४। २।२०२६	२०।४५	११। ६।२०२५	१७।२१	७। ७।२०२५	९।३८	२२।१७	२२।५६	२२।२४	२२।१०	२१।१३	२०।१८	२०।२३	२०।०९	२०।०५	२१।०७	२१।४९	२१।२१
गुड़गाँव (हरि.)	८।१२।२०२५	२८।१८	४। २।२०२६	१३।३४	११। ६।२०२५	२१।४२	७। ७।२०२५	५।५४	२२।००	२२।३९	२२।०८	२१।५६	२१।००	२०।०७	२०।१४	२०।००	१९।५६	२०।५५	२१।३५	२१।१४
गौहाटी आसाम	६।१२।२०२५	१५।११	३। २।२०२६	२५।४९	१२। ६।२०२५	४।४०	६। ७।२०२५	२३।५४	२०।५२	२१।३१	२१।०२	२०।५३	२०।००	१९।०९	१९।१९	१९।०५	१९।००	१९।५६	२०।३३	२०।१०
जयपुर (राज.)	६।१२।२०२५	१२।०३	३। २।२०२६	२१।१३	११। ६।२०२५	२६।४०	६। ७।२०२५	२५।३७	२२।०१	२२।३९	२२।०९	२१।५९	२१।०६	२०।१४	२०।२४	२०।१०	२०।०५	२१।०२	२१।४०	२१।१९
जबलपुर (म.प्र.)	६।१२।२०२५	२६।४५	३। २।२०२६	१३।०४	१२। ६।२०२५	१२।०८	६। ७।२०२५	१७।३५	२१।३४	२२।१२	२१।४४	२१।३९	२०।४९	२०।०२	२०।१६	२०।०३	१९।५७	२०।४९	२१।२१	२०।५६
जोधपुर (राज.)	६।१२।२०२५	१५।१५	३। २।२०२६	२५।४५	११। ६।२०२५	२८।४३	६। ७।२०२५	२३।५२	२२।१३	२२।५१	२२।२१	२२।१२	२१।१९	२०।२९	२०।३९	२०।२६	२०।२१	२१।१७	२१।५३	२१।३०
[illegible] (बिहा.)	६।१२।२०२५	२७।४५	३। २।२०२६	१५।२३	१२। ६।२०२५	१०।४७	६। ७।२०२५	१८।४३	२१।०९	२१।४७	२१।१८	२१।१३	२०।२३	१९।३४	१९।४८	१९।३५	१९।२९	२०।२२	२०।५५	२०।३०
झुंझुनूं (राज.)	८।१२।२०२५	३०।०८	४। २।२०२६	१०।५८	११। ६।२०२५	२३।१५	६। ७।२०२५	२८।३३	२२।०६	२२।४४	२२।१३	२२।०२	२१।०७	२०।१४	२०।२२	२०।०८	२०।०४	२१।०२	२१।४२	२१।२०
डिब्रूगढ़ आसाम	६।१२।२०२५	६।३३	४। २।२०२६	७।५६	११। ६।२०२५	२५।०३	६। ७।२०२५	२७।००	२०।४३	२१।२२	२०।५१	२०।४१	१९।४७	१८।५५	१९।०३	१८।४८	१८।४३	१९।४२	२०।२०	१९।५८
दिल्ली	८।१२।२०२५	२८।१३	४। २।२०२६	१३।३९	११। ६।२०२५	२१।३९	७। ७।२०२५	५।५७	२२।००	२२।३८	२२।०७	२१।५५	२०।५९	२०।०६	२०।१३	१९।५९	१९।५५	२०।५४	२१।३४	२१।१३
नासिक (महा.)	१०।१२।२०२५	१२।४३	२। २।२०२६	२५।४४	१२। ६।२०२५	१८।३८	६। ७।२०२५	१२।०९	२१।५२	२२।२९	२२।०३	२२।०३	२१।१६	२०।३१	२०।४९	२०।३८	२०।३१	२१।१९	२१।४७	२१।१८
चेन्नई (तमि.)	१०।१२।२०२५	२७।००	२। २।२०२६	८।००	१२। ६।२०२५	२८।४७	५। ७।२०२५	२८।०६	२१।१०	२१।४६	२१।२३	२१।३१	२०।५०	२०।११	२०।३८	२०।२८	२०।१९	२०।४९	२१।१८	२०।५४
बांसवाड़ा (राज.)	६।१२।२०२५	२५।३५	३। २।२०२६	१४।२३	१२। ६।२०२५	११।२२	६। ७।२०२५	१८।१३	२१।५८	२२।३६	२२।०७	२२।०२	२१।१२	२०।२४	२०।३८	२०।२५	२०।२०	२१।१२	२१।४१	२१।१९
बिलासपुर (म.प्र.)	६।१२।२०२५	३०।२४	३। २।२०२६	८।५८	१२। ६।२०२५	१४।३०	६। ७।२०२५	१५।३५	२१।२२	२२।००	२१।३२	२१।२९	२०।४०	१९।५४	२०।०९	१९।५७	१९।५०	२०।४१	२१।१२	२०।४५
भिवानी (हरि.)	८।१२।२०२५	२७।३५	४। २।२०२६	१४।२०	११। ६।२०२५	२१।१४	७। ७।२०२५	६।१८	२२।०४	२२।४३	२२।१२	२१।५९	२१।०४	२०।१०	२०।१७	२०।०३	१९।५९	२०।५८	२१।३९	२१।१८
मुम्बई (महा.)	१०।१२।२०२५	१५।३२	२। २।२०२६	२२।२६	१२। ६।२०२५	२०।३१	६। ७।२०२५	१०।३६	२१।५४	२२।३०	२२।०४	२२।०५	२१।१९	२०।३६	२०।५६	२०।४४	२०।३७	२१।२३	२१।५०	२१।२१
वाराणसी (उ.प्र.)	६।१२।२०२५	१८।३०	३। २।२०२६	२२।०२	१२। ६।२०२५	६।५४	६। ७।२०२५	२२।००	२१।२७	२२।०५	२१।३६	२१।२९	२०।३६	१९।४७	१९।५८	१९।४४	१९।३९	२०।३४	२१।०९	२०।४६
विजयवाड़ा (आं.प्र.)	१०।१२।२०२५	२१।१०	२। २।२०२६	१५।३८	१२। ६।२०२५	२४।२४	६। ७।२०२५	७।२८	२१।१६	२१।५२	२१।२७	२१।३२	२०।४८	२०।०६	२०।२९	२०।१७	२०।०९	२०।४३	२१।१७	२०।४६
हैदराबाद (आं.प्र.)	१०।१२।२०२५	११।२५	२। २।२०२६	१७।४७	१२। ६।२०२५	२३।११	६। ७।२०२५	८।२८	२१।२६	२२।०३	२१।३८	२१।४१	२०।५६	२०।१४	२०।३६	२०।२४	२०।१७	२१।०२	२१।२६	२०।५६
दरभंगा (बिहा.)	६।१२।२०२५	१५।१६	३। २।२०२६	२५।४५	११। ६।२०२५	२८।४३	६। ७।२०२५	२३।५२	२१।१७	२१।५५	२१।२६	२१।१८	२०।२५	१९।३४	१९।४४	१९।३०	१९।२५	२०।२१	२०।५८	२०।३५
बीकानेर (राज.)	८।१२।२०२५	३०।२५	४। २।२०२६	११।१८	११। ६।२०२५	२३।०३	६। ७।२०२५	२८।४४	२२।१५	२२।४३	२२।२२	२२।११	२१।१५	२०।२३	२०।३१	२०।१७	२०।१५	२१।११	२१।५१	२१।२९
बैंगलोर (कर्ना.)	१०।१२।२०२५	२६।०८	२। २।२०२६	७।४९	१२। ६।२०२५	२८।५३	५। ७।२०२५	२८।०२	२१।२०	२१।५६	२१।३३	२१।४२	२१।०१	२०।२२	२०।४९	२०।३९	२०।३०	२१।१०	२१।२९	२०।५५
उदयपुर (राज.)	६।१२।२०२५	२१।२७	३। २।२०२६	१८।४७	१२। ६।२०२५	८।४२	६। ७।२०२५	२०।२८	२२।०४	२२।४२	२२।१३	२२।०६	२१।१५	२०।२६	२०।३८	२०।२५	२०।२०	२१।१४	२१।४८	२१।२३
सीकर (राज.)	६।१२।२०२५	९।०५	४। २।२०२६	८।३०	११। ६।२०२५	२४।४३	६। ७।२०२५	२७।१७	२२।०५	२२।४४	२२।१३	२२।०२	२१।०८	२०।१६	२०।२४	२०।११	२०।०६	२१।०४	२१।४३	२१।२१

नोट - देखने की विधि - चन्द्रोदय उदाहरण के पृष्ठ पर देखें।

॥ अथ अवकहडाचक्रम् विंशोत्तरी-अष्टोत्तरी-योगिनीमहादशा सहितम् ॥ (जन्मकुण्डली के महत्वपूर्ण कोष्टक)

राशय:	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
राशीनास्वामिन: अयन गोल ऋतु वर्ण हंसकादि	स्वा मंगल, अयन उत्तर, गोल: उत्तर, ऋतु वसंत, वर्ण क्षत्रि., हंसक अग्नि	स्वा शुक्र, अयन उत्तर, गोल: उत्तर, ऋतु ग्रीष्म, वर्ण: वैश्य, हंसक: भूमि:	स्वा बुध, अयन उत्तर, गोल: उत्तर, ऋतु ग्रीष्म, वर्ण शूद्र:, हंसक: वायु	स्वा चंद्र, अयन दक्षिण, गोल उत्तर, ऋतु वर्षा, वर्ण: विप्र, हंसक: वारि	स्वा सूर्य, अयन दक्षिण, गोल: उत्तर, ऋतु वर्षा, वर्ण क्षत्रि, हंसक अग्नि	स्वा बुध, अयन दक्षिण, गोल: उत्तर, ऋतु शरद, वर्ण: वैश्य, हंसक भूमि:	स्वा शुक्र, अयन दक्षिण, गोल: दक्षिण, ऋतु शरद, वर्ण: शूद्र:, हंसक वायु	स्वा मंगल, अयन दक्षिण, गोल: दक्षिण, ऋतु हेमन्त, वर्ण: विप्र:, हंसक: वारि	स्वा बृह., अयन दक्षिण, गोल: दक्षिण, ऋतु हेमंत, वर्ण: क्षत्रि, हंसक: अग्नि	स्वा शनि, अयन उत्तर, गोल: दक्षिण, ऋतु शिशिर, वर्ण: वैश्य, हंसक: भूमि:	स्वा शनि, अयन उत्तर, गोल: दक्षिण, ऋतु शिशिर, वर्ण: शूद्र:, हंसक: वायु	स्वा बृह., अयन उत्तर, गोल: दक्षिण, ऋतु वसंत, वर्ण: विप्र, हंसक: वारि
घातादय:	माह कार्ति, तिथि नंदा, वार रवि, नक्षत्र मघा, योग विष्कुं, करण बव, प्रहर १, पु. चंद्र १, स्त्री १	माह मार्ग, तिथि पूर्णा, वार शनि, नक्षत्र हस्त, योग शूल, करण शकु, प्रहर ४, पु. चंद्र ५, स्त्री ८	माह आषा, तिथि भद्रा, वार चंद्र., नक्षत्र स्वा., योग परि., करण चतु., प्रहर ३, पु. चंद्र ९, स्त्री ७	माह पौष, तिथि भद्रा, वार बुध, नक्षत्र अनु, योग व्याघा, करण नाग, प्रहर १, पु. चंद्र २, स्त्री ९	माह ज्येष्ठ, तिथि जया, वार शनि, नक्षत्र मूल, योग धृति, करण वणि., प्रहर १, पु. चंद्र ६, स्त्री ५	माह भाद्र, तिथि पूर्णा, वार शनि, नक्षत्र श्रवण, योग शूल, करण कौल, प्रहर १, पु. चंद्र १०, स्त्री ३	माह माघ, तिथि रिक्ता, वार बृह., नक्षत्र शत, योग शूल, करण तैतिल, प्रहर ४, पु. चंद्र ३, स्त्री ६	माह अश्वि, तिथि नंदा, वार शुक्र, नक्षत्र स्वाति, योग व्यति, करण गर, प्रहर १, पु. चंद्र ७, स्त्री २	माह श्राव, तिथि जया, वार शुक्र, नक्षत्र भर, योग वरीया, करण तैति, प्रहर १, पु. चंद्र ४, स्त्री १०	माह वैशा, तिथि रिक्ता, वार भौम, नक्षत्र रोहि, योग वैधृ, करण शकु., प्रहर ४, पु. चंद्र ८, स्त्री ११	माह चैत्र, तिथि जया, वार बृह., नक्षत्र आर्द्रा, योग गंड, करण किंस्तु, प्रहर ३, पु. चंद्र ११, स्त्री ५	माह फाल्गु, तिथि पूर्णा, वार शुक्र, नक्षत्र श्ले, योग वैधृति, करण चतुष्पा, प्रहर ४, पु. चंद्र १२, स्त्री १२

नक्षत्र चरण	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
नक्षत्रनाम संख्या	अश्वि१	भरणी२	कृति.३	रोहि.४	मृग.५	आर्द्रा६	पुन.७	पुष्य ८	श्ले.९
नक्षत्र-अक्षर	चु चे	ली लू	अ इ	ओ वा	वे वो	कु घ	के को	हू हे	डी डू
नक्षत्र-अक्षर	चो ला	ले लो	उ ए	वि वु	क की	ङ छ	ह ही	हो डा	डे डो
योनि	अश्व:	गज:	मेष:	सर्प:	सर्प:	श्वान्	मार्जार:	मेष:	मार्जार:
गण	देव	मनुष्य:	राक्षस:	मनुष्य:	देव:	मनुष्य:	देव:	देव:	राक्षस:
वर्ग	सिंह३ मृग.१	मृग	गरुड	गरु.१ मृग.३	मृग२ मार्जा.२	मार्जा३ सिंह:१	मार्जार२ मेष:२	मेष:३ श्वा.१	श्वान्
युंजा	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य
नाडी	आद्य	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आद्य	आद्य	मध्य	अंत्य
वश्य	चतुष्पद	चतुष्पद	चतुष्पद	चतुष्पद	चतु..२ मान.२	मानव	मान.३ जल.१	जलचर	जलचर
वैरयोनि	महिष:	सिंह:	वानर:	नकुल:	नकुल:	मृग:	मूषक:	वानर	मूषक:
शुभाऽशुभ.	शुभ	नाश	कार्यना.	सिद्धि:	शुभ:	शुभ:	मध्यम	शुभ:	शोक
देवता	अश्विकु	यम	अग्नि	ब्रह्मा	चंद्र:	शिव:	अदिति	गुरु:	सर्प:
मुख	तिर्यक	अध:	अध:	उर्ध्व	तिर्यक	उर्ध्व	तिर्यक	उर्ध्व	अध:
नेत्र (लोचन)	मन्दलो.	मध्य	सुलो.	अन्ध.	मन्द.	मध्य	सुलो.	अन्ध.	मन्द.
ध्रुवक्षिप्रनामादि,	क्षिप्र	उ.क्रू.	मि.सा.	ध्रुवस्थि	मृदुमै	ती.दा.	चर,च.	क्षिप्र	ति.दा
स्वरूप-	अश्वमु.	योनिरव.	क्षुराकृति	शकट	मृगमु.	मणिवत्	गृहका.	शराका.	चक्राका.
तारासंख्या	३	३	६	५	३	१	४	३	५
विंशो. महादशा प्रमाणवर्षाणि	केतु ७	शुक्र २०	सूर्य ६	चंद्र १०	मंगल ७	राहु १८	बृहस्प. १६	शनि १९	बुध १७
योगिनी नाम योगि. दशा-वर्ष	भ्रामरी ४	भद्रिका ५	उल्का ६	सिद्धा ७	सङ्कटा ८	मंगला १	पिंगला २	धान्या ३	भ्रामरी ४
अष्टो. दशा-वर्ष	राहु१२	राहु१२	शुक्र२१	शुक्र२१	शुक्र२१	सूर्य-६	सूर्य-६	सूर्य-६	सूर्य-६
अष्टो. नक्षत्रभारा	३६	३६	८४	८४	८४	१८	१८	१८	१८

नक्षत्र चरण	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
नक्षत्रनाम संख्या	मघा१०	पूफा११	उफा१२	हस्त१३	चि.१४	स्वा.१५	वि.१६	अनु.१७	ज्ये.१८
नक्षत्र-अक्षर	म मी	मो टा	टे टो	पु ष	पे पो	रू रे	ती तू	न नी	नो या
नक्षत्र-अक्षर	मु मे	टी टू	प पी	ण ठ	र री	रो ता	ते तो	नू ने	यी यू
योनि	मूषक:	मूषक:	गौ	महिष:	व्याघ्र:	महिष:	व्याघ्र:	मृग:	मृग:
गण	राक्षस:	मनुष्य:	मनुष्य:	देव:	राक्षस:	देव:	राक्षस:	देव:	राक्षस:
वर्ग	मूषक:	मूष.१ श्वा.३	श्वान२ मूष.२	मू१मे१ श्वा.२	मूषक२ मृग:२	मृग:३ सर्प:१	सर्प:	सर्प:	सर्प:१ मृग:३
युंजा	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	मध्य	अंत्य
नाडी	अंत्य	मध्य	आद्य	आद्य	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आद्य
वश्य	वनचर	वनचर	वन.१ मान.३	मानव	मानव	मानव	मान.३ कीट.१	कीट.	कीट
वैरयोनि	मार्जार:	मार्जार:	व्याघ्र:	अश्व:	गौ	अश्व:	गौ	श्वान्	श्वान्
शुभाऽशुभ.	नाश	मृत्यु	विद्या	लक्ष्मी	शुभ	अशुभ	अशुभ	सर्वसि.	क्षय
देवता	पितर	भग:	अर्यम्	रवि:	त्वष्टा	वायु	इन्द्राग्नि:	मित्र	इन्द्र:
मुख	अध:	अध:	उर्ध्व	तिर्यक	तिर्यक	तिर्यक	अध:	तिर्यक	तिर्यक
नेत्र (लोचन)	मध्य.	सुलो.	अन्ध.	मन्द.	मध्य.	सुलो.	अन्ध.	मन्द.	मध्य.
ध्रुवक्षिप्रनामादि,	उ.क्रू.	उ.क्रू.	ध्रुवस्थि	क्षिप्र	मृदु.मै	चर,च.	मिश्र	मृदु.मै.	ती.दा.
स्वरूप-	शाला.	शय्या.	तल्पाका.	हस्ताका.	मौक्तिकं	प्रवाला.	तोरणवत्	बलिसदृ	कुंडला.
तारासंख्या	५	२	२	५	१	१	४	४	३
विंशो. महादशा प्रमाणवर्षाणि	केतु ७	शुक्र २०	सूर्य ६	चंद्र १०	मंगल ७	राहु १८	बृहस्प. १६	शनि १९	बुध १७
योगिनी नाम योगि. दशा-वर्ष	भद्रिका ५	उल्का ६	सिद्धा ७	सङ्कटा ८	मंगला १	पिंगला २	धान्या ३	भ्रामरी ४	भद्रिका ५
अष्टो. दशा-वर्ष	चंद्र-१५	चंद्र-१५	चंद्र१५	मंग-८	मंग-८	मंग-८	मंग-८	बुध-१७	बुध-१७
अष्टो. नक्षत्रभारा	६०	६०	६०	२४	२४	२४	२४	६८	६८

नक्षत्र चरण	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४
नक्षत्रनाम संख्या	मूल१९	पूषा२०	उषा२१	श्र.२२	धनि२३	शत.२४	पूभा२५	उभा.२६	रेव.२७
नक्षत्र-अक्षर	ये यो	भू धा	भे भो	खी खू	ग गी	गो सा	से सो	दु थ	दे दो
नक्षत्र-अक्षर	भ भी	फा ढा	ज जी	खे खो	गु गे	सी सु	द दी	झ ञ	चा ची
योनि	श्वान्	वानर:	नकुल:	वानर:	सिंह:	अश्व:	सिंह:	गौ	गज:
गण	राक्षस:	मनुष्य:	मनुष्य:	देव:	राक्षस:	राक्षस:	मनुष्य:	मनुष्य:	देव:
वर्ग	मृग:२ मूष.२	मू.श्व.१ मू.श्व.१	मूष.२ सिंह:२	मार्जार:	मार्जार:	मार्जा.१ मेष: ३	मेष:२ सर्प:२	सर्प:२ सिंह:२	सर्प:२ सिंह:२
युंजा	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	अंत्य	पूर्व
नाडी	आद्य	मध्य	अंत्य	अंत्य	मध्य	आद्य	आद्य	मध्य	अंत्य
वश्य	मानव	मान ॥ चतु.३॥	चतुष्प.	चतु.१॥ जल३॥	जलचर२ मान.२	मानव	मान.३ जल.१	जलचर	जलचर
वैरयोनि	मृग:	मेष:	व्याघ्र:	मेष:	गज:	महिष:	गज:	व्याघ्र:	सिंह:
शुभाऽशुभ.	हानि:	हानि:	वृद्धि:	सुख	शुभ	कल्याण	मृत्यु	लक्ष्मी	काम.
देवता	राक्षस:	उदक	विश्वेदे.	विष्णु	वसु	वरुण:	अजैक.	अहिर्बु.	पूषा.
मुख	अध:	अध:	उर्ध्व	उर्ध्व	उर्ध्व	उर्ध्व	अध:	उर्ध्व	तिर्यक
नेत्र (लोचन)	सुलो.	अन्ध.	मन्द.	सुलो.	अन्ध.	मन्द.	मध्य.	सुलो.	अन्ध.
ध्रुवक्षिप्रनामादि,	ती.दा.	उग्रक्रू.	ध्रुवस्थि	चर,च.	चर,च.	चर,च.	उग्रक्रू.	ध्रुवस्थि	मृदु.मै.
स्वरूप-	सिंहपुछा.	हस्तिदं	शय्याका.	त्रिकोण	मृदंगाका.	वर्तुला	मंचाका.	यमलवत्	मृदंगाका.
तारासंख्या	११	२	२	३	४	१००	२	२	३२
विंशो. महादशा प्रमाणवर्षाणि	केतु ७	शुक्र २०	सूर्य ६	चंद्र १०	मंगल ७	राहु १८	बृहस्प. १६	शनि १९	बुध १७
योगिनी नाम योगि. दशा-वर्ष	उल्का ६	सिद्धा ७	सङ्कटा ८	मंगला १	पिंगला २	धान्या ३	भ्रामरी ४	भद्रिका ५	उल्का ६
अष्टो. दशा-वर्ष	बुध-१७	शनि-१०	शनि-१०	शनि-१०	बृह.-१९	बृह.-१९	बृह.-१९	राहु-१२	राहु-१२
अष्टो. नक्षत्रभारा	६८	३०	३०-३०	३०	७६	७६	७६	३६	३६

पञ्चाङ्गस्थ रामगढ (शेखा.) की दैनिक लग्नप्रवेश सारणी से निम्नलिखित नगरों के लग्नस्पष्ट संस्कार कोष्ठक (मिनट), सूक्ष्म गणित, (− = ऋण, + = धन)

नगरों के नाम / राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
१. अहमदाबाद (गुज.)	+ १४	+ १८	+ २०	+ १९	+ १५	+ ११	+ ६	+ २	− ०	+ १	+ ४	+ ९
२. अमृतसर (पंजा.)	− २	− ६	− ८	− ७	− ४	− ०	+ ४	+ ७	+ ९	+ ८	+ ५	+ २
३. अजमेर (राज.)	+ २	+ ४	+ ५	+ ४	+ ३	+ १	− ०	− २	− २	− २	− १	+ १
४. अलवर (राज.)	− ६	− ६	− ६	− ६	− ६	− ७	− ७	− ७	− ८	− ७	− ७	− ७
५. अंबिकापुर (म.प्र.)	− २९	− २५	− २३	− २४	− २७	− ३२	− ३७	− ४१	− ४३	− ४२	− ३९	− ३४
६. अनंतपुर (आं.प्र.)	− ०	+ ११	+ १६	+ १४	+ ४	− ८	− २१	− ३२	− ३७	− ३५	− २५	− १३
७. अयोध्या (उ.प्र.)	− २८	− २७	− २६	− २७	− २८	− २९	− ३०	− ३१	− ३२	− ३१	− ३०	− २९
८. आकोला (महा.)	− ३	+ ४	+ ७	+ ५	− ०	− ७	− १४	− २१	− २४	− २२	− १७	− १०
९. आगरा (उ.प्र.)	− ११	− १०	− १०	− १०	− ११	− ११	− १२	− १३	− १४	− १३	− १३	− १२
१०. आजमगढ (उ.प्र.)	− ३१	− ३०	− २९	− २९	− ३१	− ३२	− ३४	− ३६	− ३७	− ३७	− ३५	− ३३
११. आबू रोड (राज.)	+ १२	+ १५	+ १६	+ १६	+ १३	+ १०	+ ६	+ ३	+ २	+ २	+ ५	+ ८
१२. इंदौर (म.प्र.)	+ १	+ ५	+ ८	+ ७	+ ३	− २	− ८	− १२	− १५	− १४	− १०	− ५
१३. इटारसी (म.प्र.)	− ६	+ १	+ ४	+ २	− ३	− १०	− १८	− २४	− २८	− २६	− २०	− १३
१४. इलाहाबाद (उ.प्र.)	− २६	− २३	− २२	− २३	− २५	− २७	− ३०	− ३२	− ३३	− ३३	− ३१	− २८
१५. उज्जैन (म.प्र.)	+ १	+ ५	+ ८	+ ६	+ ३	− २	− ७	− ११	− १३	− १२	− ९	− ४
१६. उदयपुर (राज.)	+ ८	+ ११	+ १३	+ १२	+ ९	+ ६	+ २	− १	− २	− २	+ १	+ ४
१७. औरंगाबाद (महा.)	+ ५	+ १२	+ १६	+ १४	+ ८	+ ०	− ८	− १५	− १८	− १७	− ११	− ३
१८. कटक (उडी.)	− ३८	− ३१	− २८	− २९	− ३५	− ४२	− ५०	− ५६	− ६०	− ५८	− ५२	− ४५
१९. कोलकाता (बंगा.)	− ५०	− ४५	− ४२	− ४३	− ४८	− ५३	− ५८	− ६३	− ६६	− ६४	− ६०	− ५५
२०. कानपुर (उ.प्र.)	− २०	− १९	− १८	− १८	− १९	− २१	− २३	− २४	− २५	− २४	− २३	− २२
२१. कुचामन (राज.)	+ १	+ २	+ २	+ २	+ २	+ १	− ०	− १	− १	− १	− ०	+ ०
२२. कोल्हापुर (महा.)	+ १२	+ २१	+ २६	+ २४	+ १६	+ ५	− ६	− १५	− २०	− १८	− १०	+ १
२३. कोटा (राज.)	− १	+ १	+ ३	+ २	− ०	− ३	− ६	− ८	− १०	− ९	− ७	− ४
२४. गंगानगर (राज.)	+ ३	+ १	+ ०	+ ०	+ २	+ ४	+ ६	+ ८	+ ९	+ ९	+ ७	+ ५
२५. ग्वालियर (म.प्र.)	− ११	− १०	− ९	− ९	− ११	− १२	− १४	− १६	− १७	− १६	− १५	− १३
२६. गया (म.प्र.)	− ३८	− ३५	− ३३	− ३४	− ३६	− ३९	− ४३	− ४६	− ४७	− ४६	− ४४	− ४१
२७. गुडगावाँ (हरि.)	− ९	− ९	− १०	− ९	− ९	− ८	− ८	− ७	− ७	− ७	− ७	− ८
२८. गोरखपुर (उ.प्र.)	− ३३	− ३१	− ३१	− ३१	− ३२	− ३३	− ३५	− ३६	− ३६	− ३६	− ३५	− ३४
२९. गौहाटी (आसा.)	− ६६	− ६४	− ६३	− ६४	− ६५	− ६७	− ६९	− ७०	− ७१	− ७१	− ६९	− ६८
३०. गोवा (भारत)	+ १४	+ २५	+ ३०	+ २८	+ १९	+ ७	− ५	− १५	− २१	− १८	− ९	+ २
३१. चंडीगढ (पंजा.)	− १०	− १३	− १४	− १३	− ११	− ८	− ५	− ३	− १	− २	− ४	− ७
३२. चित्तौडगढ (राज.)	+ ४	+ ६	+ ८	+ ७	+ ५	+ २	− १	− ४	− ६	− ५	− ३	+ १
३३. चिन्नई (तमि.)	− १०	+ ३	+ ९	+ ६	− ४	− १८	− ३२	− ४४	− ५१	− ४८	− ३७	− २४
३४. जयपुर (राज.)	− २	− १	− १	− १	− २	− ३	− ४	− ५	− ६	− ५	− ५	− ३
३५. जबलपुर (म.प्र.)	− १६	− १२	− १०	− ११	− १४	− १९	− २४	− २८	− ३०	− २९	− २६	− २१
३६. जमशेदपुर (बिहा.)	− ४१	− ३६	− ३४	− ३५	− ३९	− ४४	− ४९	− ५४	− ५६	− ५५	− ५१	− ४६
३७. जलगाँव (महा.)	+ २	+ ८	+ १०	+ ९	+ ५	− १	− ७	− १२	− १५	− १४	− ९	− ४

नगरों के नाम / राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
३८. जालंधर (पंजा.)	− ५	− ८	− १०	− ९	− ७	− ३	+ ०	+ ४	+ ५	+ ५	+ २	[illegible]
३९. जैसलमेर (राज.)	+ १७	+ १८	+ १९	+ १९	+ १८	+ १७	+ १५	+ १४	+ १४	+ १४	+ १५	[illegible]
४०. जोधपुर (राज.)	+ ११	+ १३	+ १४	+ १४	+ १२	+ १०	+ ८	+ ७	+ ६	+ ६	+ ८	[illegible]
४१. झांसी (उ.प्र.)	− १२	− १०	− ९	− ९	− ११	− १४	− १७	− १९	− २०	− २०	− १८	[illegible]
४२. झुन्झुनू (राज.)	− २	− २	− २	− २	− २	− २	− २	− २	− २	− २	− २	[illegible]
४३. झरिया (बिहा.)	− ४२	− ३८	− ३६	− ३७	− ४१	− ४५	− ४९	− ५३	− ५५	− ५४	− ५१	[illegible]
४४. डिब्रुगढ (आसा.)	− ७९	− ७९	− ७९	− ७९	− ७९	− ८०	− ८०	− ८१	− ८१	− ८१	− ८१	[illegible]
४५. डूंगरपुर (राज)	+ ८	+ १२	+ १४	+ १३	+ १०	+ ६	+ २	− २	− ४	− ३	+ ०	[illegible]
४६. दरभंगा (बिहा.)	− ४२	− ४०	− ३९	− ४०	− ४१	− ४३	− ४५	− ४७	− ४८	− ४७	− ४६	[illegible]
४७. दिल्ली	− ९	− १०	− १०	− १०	− १०	− ९	− ८	− ८	− ७	− ८	− ८	[illegible]
४८. देवरिया (उ.प्र.)	− ३४	− ३२	− ३१	− ३२	− ३३	− ३५	− ३६	− ३८	− ३८	− ३८	− ३७	[illegible]
४९. नागपुर (महा.)	− ११	− ५	− २	− ४	− ९	− १५	− २२	− २८	− ३१	− ३०	− २५	[illegible]
५०. नागौर (राज.)	+ ६	+ ७	+ ७	+ ७	+ ६	+ ५	+ ४	+ ४	+ ३	+ ३	+ ४	[illegible]
५१. नारनौल (हरि.)	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	− ५	[illegible]
५२. नासिक (महा.)	+ ११	+ १८	+ २२	+ २०	+ १४	+ ७	− १	− ८	− १२	− १०	− ४	[illegible]
५३. नैनिताल (उ.प्र.)	− १९	− २१	− २१	− २१	− २०	− १८	− १७	− १६	− १५	− १५	− १६	[illegible]
५४. नैल्लोर (आं.प्र.)	− ११	+ ०	+ ६	+ ३	− ६	− १९	− ३२	− ४३	− ४९	− ४६	− ३६	[illegible]
५५. पटना (बिहा.)	− ३९	− ३७	− ३६	− ३६	− ३८	− ४०	− ४३	− ४५	− ४६	− ४६	− ४४	[illegible]
५६. पटियाला (पंजा.)	− ८	− १०	− ११	− ११	− ९	− ६	− ४	− २	− ०	− १	− ३	[illegible]
५७. प्रतापगढ (उ.प्र.)	− २७	− २५	− २४	− २४	− २६	− २८	− ३०	− ३२	− ३३	− ३३	− ३१	[illegible]
५८. प्रयाग (उ.प्र.)	− २५	− २३	− २२	− २२	− २४	− २७	− २९	− ३२	− ३३	− ३२	− ३०	[illegible]
५९. पाली (राज.)	+ ८	+ १०	+ ११	+ ११	+ ९	+ ७	+ ४	+ २	+ १	+ २	+ ४	[illegible]
६०. पूना (महा.)	+ १२	+ २०	+ २४	+ २२	+ १५	+ ६	− ३	− ११	− १५	− १३	− ६	[illegible]
६१. बडौदा (गुज.)	+ १२	+ १७	+ २०	+ १९	+ १४	+ ८	+ २	− ३	− ६	− ४	+ ०	[illegible]
६२. बद्रीनाथ (उ.प्र.)	− २१	− २३	− २५	− २४	− २२	− १९	− १६	− १३	− १२	− १२	− १५	[illegible]
६३. बरैली (उ.प्र.)	− १८	− १९	− १९	− १९	− १८	− १८	− १८	− १७	− १७	− १७	− १७	[illegible]
६४. वारंगल (आं.प्र.)	− ११	− २	+ २	− ०	− ७	− १७	− २७	− ३५	− ३९	− ३७	− ३०	[illegible]
६५. बांसवाडा (राज.)	+ ६	+ १०	+ १२	+ ११	+ ८	+ ३	− १	− ५	− ७	− ६	− ३	[illegible]
६६. बिलासपुर (म.प्र.)	− २४	− १९	− १६	− १८	− २२	− २८	− ३४	− ३९	− ४२	− ४०	− ३६	[illegible]
६७. बीकानेर (राज.)	+ ७	+ ६	+ ६	+ ६	+ ७	+ ७	+ ७	+ ७	+ ७	+ ७	+ ७	[illegible]
६८. बेलगाँव (कर्ना.)	+ ११	+ २१	+ २६	+ २४	+ १५	+ ४	− ८	− १८	− २३	− २१	− १२	[illegible]
६९. बैंगलोर (कर्ना.)	+ १	+ १३	+ २०	+ १७	+ ६	− ८	− २२	− ३४	− ४०	− ३८	− २७	[illegible]
७०. बैलारी (कर्ना.)	+ २	+ १३	+ १८	+ १६	+ ७	− ५	− १८	− २८	− ३४	− ३१	− २२	[illegible]
७१. भागलपुर (बिहा.)	− ४६	− ४३	− ४२	− ४३	− ४५	− ४८	− ५०	− ५३	− ५४	− ५४	− ५१	[illegible]
७२. भावनगर (गुज.)	+ १६	+ २२	+ २४	+ २३	+ १८	+ १२	+ ६	+ १	− २	− १	+ ४	[illegible]
७३. भिवानी (हरि.)	− ५	− ६	− ६	− ६	− ६	− ५	− ४	− ३	− ३	− ३	− ४	[illegible]
७४. भुवनेश्वर (उडी.)	− ३८	− ३१	− २८	− २९	− ३५	− ४२	− ५०	− ५६	− ६०	− ५८	− ५२	[illegible]

संवत् २०८२ पञ्चाङ्गस्थ रामगढ (शेखा.) की दैनिक लग्नप्रवेश सारणी से निम्नलिखित नगरों के लग्नसपष्ट संस्कार कोष्ठक (मिनट), सूक्ष्म गणित

नगरों के नाम / राशि		मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
७५. भोपाल	(म.प्र.)	− ५	− १	+ १	− ०	− ४	− ८	− १३	− १७	− २०	− १९	− १५	− १०
७६. मथुरा	(उ.प्र.)	− १०	− १०	− १०	− १०	− १०	− ११	− ११	− १२	− १२	− १२	− ११	− १०
७७. मंडला	(म.प्र.)	− १८	− १४	− ११	− १२	− १६	− २१	− २७	− ३१	− ३४	− ३३	− २९	− २३
७८. मारवाड	(राज.)	+ ८	+ ११	+ १२	+ ११	+ ९	+ ६	+ ३	+ ०	− १	− ०	+ २	+ ५
७९. मेहसाणा	(गुज.)	+ ११	+ ११	+ ११	+ ११	+ ११	+ ११	+ १०	+ १०	+ ९	+ १०	+ १०	+ १०
८०. मुम्बई	(महा.)	+ १६	+ २३	+ २७	+ २६	+ ११	+ १०	+ १	− ६	− १०	− ८	− २	+ ७
८१. रतलाम	(म.प्र.)	+ ४	+ ८	+ १०	+ ९	+ ५	+ १	− ४	− ८	− १०	− ९	− ६	− १
